CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 17° C

मुरादाबाद, बुधवार 1 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 225 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 12 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तराखंड की कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त : राहुल गांधी पेज 2



'सीएसके छोड़ना इमोशनल था' : रवींद्र जडेजा खेल टाइम्स



ईरान-इजरायल युद्ध का भारत पर प्रभाव सम्पादकीय



ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार ट्रम्प पेज 12

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर लगेगा टोल, अमेरिका-इजरायल पर तेहरान का कड़ा प्रहार

**तेहरान।** ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन से जुड़ी एक बड़ी योजना को हरी झंडी दे दी है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, इस योजना के तहत इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स (टोल) वसूला जाएगा।

मीडिया के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के एक सदस्य ने बताया कि इस योजना को आधिकारिक तौर पर मंजूरी मिल गई है। इसमें कई मुख्य बातों पर ध्यान दिया गया है। इनमें स्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था, जहाजों की सुरक्षा, पर्यावरण का बचाव और पैसों के लेन-देन के नियम शामिल हैं। खास बात यह है कि जहाजों को



■ ईरानी संसद की सुरक्षा समिति से मिली मंजूरी

टैक्स का भुगतान ईरान की मुद्रा रियाल में करना होगा। इस नई योजना में अमेरिका और इजरायल के जहाजों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उन देशों के जहाजों को भी यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी जो ईरान के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंधों में शामिल हैं। यह योजना इस क्षेत्र में ईरान और उसकी सेना की ताकत को और मजबूत करती है। इस रास्ते के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने में ईरान ओमान की मदद लेगा। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका- इजरायल गठबंधन के बीच संघर्ष चल रहा है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। दुनिया भर में होने वाली तेल की सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर जाता है। ईरान इस रास्ते पर अपना पूरा नियंत्रण करना चाहता है।

## कुवैत के तेल टैंकर पर हमला, ईरान का एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का दावा

**तेहरान।** ईरान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने मंगलवार को इस्फहान के पास एक एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया है। ईरान का दावा है कि ये ड्रोन अमेरिका-इजरायल का है। ईरानी सेना के हवाले से मीडिया ने बताया कि ड्रोन को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया गया। ईरान ने अमेरिका-इजरायल के अब तक कुल 146 ड्रोन तबाह करने का दावा किया है। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बेहद खास है और इसे आमतौर पर सर्विलांस और हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह एक महंगा ड्रोन है और इस एक ड्रोन की कीमत करीब 3 करोड़ डॉलर के करीब है। ईरान ने कुवैत के तेल टैंकर को निशाना बनाया है।

## अमेरिकी हमलों में दिल्ली आने वाला ईरानी विमान क्षतिग्रस्त

**तेल अवीव।** ईरान में महान एयरलाइंस का एक प्लेन अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली आने वाला था। इसका मकसद भारत से दवाइयों और दूसरी जरूरी राहत सामग्री लेकर जाना था। इस हमले से जहाज को ढांचागत नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई, जिससे आसपास के पानी में तेल फैलने की आशंका है।

# मुजफ्फरनगर में पति-पत्नी व दो बच्चों के शव मिलने से सनसनी



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पति द्वारा पत्नी व दोनों बच्चों की हत्या कर जान देने की चर्चा

**मुजफ्फरनगर।** नगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला सरवट में एक घर में इतनी भयावह घटना हुई जहां लोगों के रोंगटे खड़े हो गए और नजारा देखने वालों की रूह कांप उठी। मौके पर पहुंची पुलिस भी काफी देर तक घटना को देखकर आश्चर्यचकित रही, क्योकि सरवट के पेंटर के घर में पेंटर और उसकी पत्नी तथा उसके दो मासूम बच्चों के शव पड़े हुए थे।

मैन गेट की अंदर से कुंडी लगने के कारण यह साफ हो रहा था कि मामला आत्महत्या का है। जिस समय आसपास के लोग मौके पर पहुंचे उस समय घर के मुखिया का शव पंखे में लटक रहा था, जबकि मासूम बच्चों की लाशें बैड पर पड़ी थी और पत्नी का शव फर्श पर पड़ा था। मौके पर पहुंचे जनपद के पुलिस मुखिया और तीनों थानों की फोर्स, विधिविज्ञान प्रयोगशाला की टीम, डॉग स्क्वायड ने गहनता से इस मामले की जांच पड़ताल की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इसके बाद पुलिस ने घर पर सील लगा दी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला सरवट निवासी 32 वर्षीय इरशाद पुत्र स्व. जरीफ रंगाई पुताई का काम करता था। इरशाद सरवट महमूद नगर के मेम्बर वाजिद का खानदानी भाई भी था। इरशाद के घर में पूरी रात हलचल व विवाद, चिल्लाने और गाली-गलौज की आवाजें आती रही, लेकिन सवेरे जब लोगों की आंख खुली, तो इरशाद उसकी 30 वर्षीय पत्नी नूरीन पुत्री महबूब उर्फ मंगल और दो वर्ष के आहिल और दो माह की अक्शा का शव पड़ा हुआ था। यह मानों की इस घर का पूरी तरह चिराग बुझ गया या यूं कहा जाए कि किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी के बाद पूरा ही परिवार खत्म हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार सवेरे इरशाद के घर से न तो बच्चे बाहर आए और न ही किसी के बोलने की आवाज सुनाई पड़ी। इरशाद के भाई नौशाद ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खटखटाने पर भी कोई हलचल नहीं हुई जब नौशाद ने ऊपर जाकर देखा, तो उसके भाई इरशाद का शव पंखे में फांसी पर लटक रहा था और भाभी का शव फर्श पर पड़ा हुआ था, जबकि भतीजे और भतीजी की लाशें बैड पर पड़ी थी। इसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के कुछ देर बाद ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीओ सिटी, तीनों थाने की फोर्स, विधि विज्ञान प्रयोगशाला और डॉग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल शुरू की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वायुसेना के लिए 1950 करोड़ की लागत से खरीदे जाएंगे माउंटेन रडार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई निगरानी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय वायुसेना के लिए संबंधित उपकरणों और आवश्यक बुनियादी ढांचे सहित दो 'माउंटेन रडार' की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत से प्रमुख पूंजीगत अधिग्रहण अनुबंध किया है। इस अनुबंध पर (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत मंगलवार को यहां रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इसे आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के तहत भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ गिरे ओले

**नई दिल्ली।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के कारण 5 अप्रैल तक कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है। सोमवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 राज्यों में बारिश की संभावना है। वहीं दिल्ली में मंगलवार सुबह धुंध छाई रही। राजस्थान के 6 जिलों में सोमवार शाम बारिश हुई, जिससे तापमान में 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मध्य प्रदेश के 8 जिलों में ओले गिरे। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर समेत चार जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में बर्फबारी हुई। जबकि शिमला के कुमारसैन में भारी बारिश से स्टोन फ्रूट की फसल को नुकसान पहुंचा। लद्दाख के द्रास में ताजा बर्फबारी से तापमान गिरा।

### बस्तर में 105 हथियार के साथ 33 नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज के चार जिलों में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 33 कैडर (नक्सलियों) को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने इन अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, नकदी और सोना भी बरामद किया है। बीजापुर जिले में 25 कैडर को पकड़ा गया।

# राष्ट्रीय PNG अभियान 30 जून तक बढ़ा

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरकार ने गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा

■ मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया के निरंतर बदलते घटनाक्रम के बीच सरकार निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति, सुरक्षित समुद्री संचालन, पश्चिम एशिया क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों को जरूरी सहायता पहुंचाने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी स्थिति से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देते हुए कहा कि गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को 30 जून तक बढ़ाया गया है। मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई और 2.7 लाख से अधिक नए कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं और गैस आपूर्ति की जा रही है वक्तव्य में कहा गया है कि एक मार्च से प्रतिदिन औसतन 50 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। साथ ही 23 मार्च से अब तक प्रवासी श्रमिकों को 5 किलोग्राम एफटीएल के 3 लाख 20 हजार सिलेंडरों की बिक्री की गई है। अकेले शनिवार को ही 63 हजार सिलेंडर बेचे गए हैं। सरकार ने अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का आग्रह किया है। वक्तव्य के अनुसार अब तक 959 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई और पिछले 24 घंटों में 9 की वापसी हुई है। पूरे भारत में बंदरगाह संचालन सामान्य है और किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ की सूचना नहीं है। पश्चिम एशिया संकट के शुरू होने के दिन 28 फरवरी से अब तक 5.72 लाख से अधिक यात्री भारत लौट चुके हैं। समूचे पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीय मिशनों की हेल्पलाइन चौबीसों घंटे कार्यरत हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि देश में सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार बना हुआ है। रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सरकार ने कहा है कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी के उदाहरण देखे गए हैं, जिससे खुदरा आउटलेट पर असामान्य रूप से अधिक बिक्री और भीड़भाड़ हुई है। हालांकि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने दोहराया है कि लोग अफवाहों पर विश्वास न करें। अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकारों से भी प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का अनुरोध किया गया है। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत की 80 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है। संचालित यूरिया संयंत्रों को आपूर्ति अब उनके पिछले 6 महीनों की औसत खपत के लगभग 70.75 प्रतिशत पर स्थिर है। आपूर्ति बनाए रखने और पाइपलाइन संचालन संतुलन के लिए अतिरिक्त एलएनजी कार्गो और पुनर्गैसीकृत एलएनजी (आरएलएनजी) भी जुटाए जा रहे हैं।

# आईएएस रिंकू सिंह राही ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 'काम नहीं, सिर्फ वेतन', सिस्टम पर उठाए गंभीर सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उन्हें कोई जिम्मेदारीपूर्ण पोस्टिंग नहीं दी जा रही थी और न ही कोई सार्थक काम सौंपा जा रहा था।

अपने इस्तीफे में राही ने कहा कि वे उप्र राजस्व परिषद से संबद्ध थे, लेकिन वहां उन्हें केवल वेतन मिल रहा था, जनसेवा का कोई अवसर नहीं। उन्होंने इसे अपना नैतिक निर्णय बताते हुए कहा कि बिना काम के पद पर बने रहना उनके सिद्धांतों के खिलाफ है। राही ने अपने पत्र में दावा किया कि प्रशासनिक व्यवस्था के भीतर एक समानांतर तंत्र काम कर रहा है, जिसमें ईमानदार अधिकारियों को प्रभावी भूमिका नहीं दी जाती।

# नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़, नौ श्रद्धालुओं की मौत

■ मृतकों में आठ महिलाएं भी शामिल

■ आश्रितों को 2-2 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 8 महिलाएं शामिल हैं, जिनकी भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

बाकी घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। इस हादसे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की ओर मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है। वहीं, घायलों के लिए केंद्र सरकार ने 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जबकि राज्य सरकार ने घायलों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की है। घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsug236@gmail.com
Or Contact: 8937095006

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बड़ा एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ देहरादून में कुठालगेट चौकी इंचार्ज व उप आबकारी निरीक्षक निलंबित

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में हाल ही में हुई कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोबन सिंह, उप आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मसूरी, जनपद-देहरादून और प्रभारी कुठालगेट चौकी उपनिरीक्षक ना.पु अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## मुख्य सचिव के बार संचालन में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

मुख्य सचिव ने बार संचालन के नियमों का पालन ना करने वाले बार और अवैध बार संचालकों पर भी कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी से न करने वाले लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के आसपास के क्षेत्रों में खुले होम स्टे पर भी निगरानी किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए होम स्टे की मैपिंग की जाए एवं निगरानी रखी जाए कि ये होम स्टे जो टूरिज्म प्रमोशन के लिए बने थे, कहीं लगातार बार लाइसेंस लेकर इसका दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। किरायेदारों और पीजी में रहने वालों का भी सघन सत्यापन अभियान चलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जाए और सभी अवांछित एवं हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रोड रेज, फायरिंग और देर रात तक चलने वाली अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम जनता की सुरक्षा है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को पूरी सख्ती और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। देहरादून में हालिया घटना के बाद संबंधित -शेष पृष्ठ दो पर

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
B.Sc. (Computer Science)
B.A. (Economics) B.Sc. (Botany)
M.Com. B.Com.
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

# पानी की टंकी से लटका मिला युवक का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** क्षेत्र में आज सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने कालाखेड़ी मार्ग पर स्थित करीब 50 फीट ऊंची पानी की टंकी पर

## परिजनों में मचा कोहराम

युवक का शव फंदे से लटका देखा। मृतक की शिनाख्त मौहल्ला लाल सराय निवासी 22 वर्षीय नवेद पुत्र मौहम्मद अकबर के रूप में हुई है। युवक बीती शाम से लापता था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे।

परिजनों के अनुसार सात भाई-बहनों में सबसे छोटा नवेद बीती शाम करीब छह बजे घर से निकला था। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने हर संभावित जगह पर



उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अनहोनी की आशंका के चलते परिजनों ने रात में ही नगीना पुलिस को उसके लापता होने की सूचना दे दी थी।

आज सुबह जब स्थानीय लोग कालाखेड़ी मार्ग की तरफ गए, तो उन्होंने पानी की टंकी के सबसे ऊपरी हिस्से पर एक युवक को रस्सी के फंदे से लटका हुआ पाया। ग्रामीणों ने



तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी और थाना अध्यक्ष अवनीत मान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।

ज्यादा ऊंचाई और जटिल परिस्थिति के कारण पुलिस को शव उतारने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बाद मौके पर अग्निशमन दल को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को सुरक्षित नीचे उतारा। युवक ने इतनी ऊंची टंकी पर चढ़कर यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, इसका अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर दिया है और पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। पुलिस को शव के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही आत्महत्या के कारणों का पता लगा लिया जाएगा।

## युवती के साथ छेड़छाड़

**नगीना।** एक व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में मौहल्ले के ही युवक पर अपनी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में मौहल्ला मनिहारी सराय निवासी तालिब पुत्र महमूद अहमद ने बताया कि 27 मार्च की दोपहर करीब ढाई बजे उनके मौहल्ले का ही अल्फैज पुत्र नौशाद उनकी 19 वर्षीय पुत्री हुस्ना बानो के साथ अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ की। जब उनकी पुत्री ने इस विरोध किया, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी मिलने पर जब तालिब आरोपी अल्फैज को समझाने उसके पास गए, तो उसने गाली-गलौच करते हुए उनके साथ भी अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस प्रशासन द्वारा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले को संज्ञान में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### मेवाजट के सरकारी स्कूल में पुरस्कार वितरण



**सहसपुर।** प्राथमिक विद्यालय ग्राम मेवाजट में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने स्वागत गीत गाकर की। कक्षा एक से पांच तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले बच्चे प्रिया, आकांक्षा, मौहम्मद उजैफ, नैन्सी, नरदेव, शहरीन, अल्फिया, तनुज, तरुण, वंशपाल, मौहम्मद अदनान, धर्मेन्द्र, अफ्फान, दिशा, इमरा माहिरा रही। मास्टर शान अली ने सभी कक्षाओं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के परिणाम केवल अंकों की संख्या नहीं है, वह जीवन का एक छोटा सा पड़ाव है, यदि आपके उम्मीद से कम अंक है, तो भी निराश न हो। परीक्षा का मतलब केवल पास या फेल होना नहीं बल्कि उससे सीखना है, कि सफलता और असफलता तो जीवन का हिस्सा है। हार तब नहीं होती जब हम परीक्षा में कम अंक लाते हैं, हार तब होती है, जब हम को. शिश करना छोड़ देते हैं। यदि आज आप सफल नहीं हुए, तो यह अगली बार और बेहतर करने का एक नया अवसर है। बच्चों ने मनमोहन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुकेश कुमार प्रधान, प्रति. निधि डा.बोधराज सिंह, मेहताब, शादाब, रितेश राज, जाबिर, मास्टर अकिल, प्रधान पुत्र गोलू आदि व विद्यालय के स्टाफ में अफजाल हुसैन, संजीव कुमार, शीतल देवी मौजूद मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक शान अली खान एवं सुनीता देवी ने किया।

### मौत के मामले में दो गिरफ्तार



**चांदपुर।** अकारण युवक से मारपीट करने एवं उपचार के दौरान युवक की मौत के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्राम हैजरपुर निवासी राकेश पुत्र फूल सिंह ने 23 मार्च को पुलिस को को दी तहरीर बताया था कि पलक पुत्री संजीव कुमार एवं पलक के परिजनों द्वारा पीड़ित के भतीजे प्रशांत पुत्र सियाराम को अकारण लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा गया। उपचार के दौरान प्रशांत की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 143/26 धारा 109(1), 115(2), 61(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दौरान ए ईलाज मजरूब प्रषांत की मूत्यु हो जाने पर उपरोक्त अभियोग में धाारा 109(1)/ बीएनएस का लॉप करते हुए धारा 103(1), 190(2) बीएनएस वृद्धि की गई थी। जिसमें निक्रांत उर्फ निक्की व सचिन कुमार, अभिनय कुमार पुत्र राजपाल, संजीव कुमार पुत्र नत्थू सिंह, पलक पुत्री संजीव कुमार निवासीगण ग्राम तखनपुरी थाना चांदपुर के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस ने मामले में 28 मार्च को निक्रांत उर्फ निक्की पुत्र बलराम सिंह, संजीव कुमार पुत्र नत्थू सिंह ग्राम तखनपुरी को पूर्व गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। आज पुलिस ने मामले में सचिन कुमार पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम तखनपुरी, अभिनय पुत्र राजपाल सिंह निवासी ग्राम हरपुर, थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर लिया।

### सोने का पैंडल पुलिस ने किया बरामद



**चांदपुर।** नई बस्ती, हल्द्वानी (नैनीताल) निवासी शुएब अख्तर पुत्र स्व. मौहम्मद आसिफ अपनी पत्नी शुमाईला के साथ चांदपुर रिश्तेदारी में आए थे। शुमाईला यहां जामा मस्जिद के पास लगने वाले साप्ताहिक बाजार में सामान खरीदने गई थी। जहां उसके गले का सोने का पेंडल गिर गया था। इस सम्बंध में उसके पति शुऐब ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और शुऐब अख्तर की पत्नी का खोया सोने का पैंडल बरामद कर शुऐब के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के इस कार्य की शुऐब अख्तर के परिजनों के साथ-साथ नगर क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।

### किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**अफजलगढ़।** ग्राम जटपुरा निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री जो पीएम स्कूल जटपुरा में कक्षा-9 की छात्रा है, 30 मार्च दोपहर करीब तीन बजे से लापता है। उन्होंने अपनी पुत्री को रिश्तेदारों आदि सभी जगह तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिली। परि. जनों ने ग्रामीणों से मिली जानकारी के बाद महावतपुर निवासी ऋतिक पुत्र सुरेश पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि रितिक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि किशोरी को शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा।

## चाय के खोखे की आड़ में देह व्यापार का आरोप

**बिजनौर।** जिला अस्पताल और एसपी आवास के पास चाय का खोखा चलाने वाली एक वृद्ध महिला पर देह व्यापार कराने के गंभीर आरोप है। बीती देर शाम इस मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया, जब एक महिला अधिवक्ता और उनके पति ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कथित तौर पर दो महिलाओं समेत वृद्धा को पकड़ लिया। मौके पर जमकर हंगामा हुआ। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों महिलाओं को थाने ले गई। हालांकि, महिला अधिवक्ता प्रियंका शर्मा और उनके पति जगजीत सिंह, जो एक हिंदू संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं, का आरोप है कि पुलिस ने कुछ ही देर में तीनों महिलाओं को छोड़ दिया। आरोप यह भी है कि थाने से छूटने के बाद उन महिलाओं ने अधिवक्ता और उनकी टीम पर ईंट से हमला करने का प्रयास किया। जिससे उन्हें मौके से भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। महिला अधिवक्ता ने पूरे मामले में पुलिस को तहरीर दे दी है। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## नुमाइश में पार्किंग ठेकदारों की दबंगई

**नजीबाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा में नुमाइश पार्किंग ठेकेदार फैसल पुत्र अली शेर की पार्किंग के पैसों को लेकर नुमाइश में आए व्यक्ति से कहासुनी हो गई। इस दौरान काफी बात बढ़ गई और नौबत झगड़े तक आ गई। झगड़े के दौरान लाठी-डंडों से मारपीट की गई। इस दौरान पीड़ित पक्ष को हल्की चोटें आई है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा थाने में तहरीर दी गई। मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना प्रभारी अमित कुमार के द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया। चौकी प्रभारी सौरभ सिंह द्वारा आरोपी फैसल को गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान कर जेल भेज दिया गया। नुमाईश में मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## युवती ने खाया कीटनाशक, हालत गंभीर

**नगीना।** नगीना देहात थाना क्षेत्र के ग्राम मोल्लड़वाला निवासी महेंद्र सिंह की पुत्री काजल (25 वर्ष) ने घरेलू विवाद के चलते कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब परिजनों को घटना का पता चला, तो घर में कोहराम मच गया। आनन-फानन में पिता महेंद्र सिंह उसे अपने निजी वाहन से तुरंत नगीना सीएचसी ले गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक ने काजल की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को अवगत करा दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मधुर मैमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

### विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** सहसपुर मार्ग स्थित मधुर मैमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषणा के साथ ही विद्यालय परिसर में खुशी उत्साह एवं गौरव का माहौल देखने को मिला। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मेराजुद्दीन प्रबंधक आलोक अग्रवाल तथा डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा एक से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा एक में स्वप्निल वत्स एवं मौहम्मद शरियान, कक्षा दो में इनाया शहज़ाद एवं वैष्णवी भटनागर, कक्षा तीन में अक्षत शर्मा एवं मौहम्मद अफ्फान, कक्षा चार में आर्या चौधरी एवं ओमैरा अहमद, कक्षा पांच में अरण्या शर्मा एवं मौहम्मद उमैर, कक्षा छह में सायमा परवीन एवं आर्यन कुमार, कक्षा सात में ईशा एवं यश सिसोदिया, कक्षा आठ में गौरी




विश्नोई एवं गर्व राजपूत तथा कक्षा नौ में फलक खान एवं समर्थ कुमार लोहिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग से दिशिका चौहान एवं वाणिज्य वर्ग से शीवाना परवीन ने शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवान्वित किया। इसी क्रम में छात्रा रिदा फातिमा, गौरी विश्नोई, सोफिया परवीन, चेतना सैनी तथा छात्र अदम्य गौड़ ने पूरे शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर अनुशासन और नियमित अध्ययन की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की।

प्रधानाचार्य मेराजुद्दीन ने विद्यार्थियों की मेहनत लगन एवं अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग को विद्यार्थियों की सफलता का आधार बताते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करते हुए उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# शेरकोट में बढ़ रहा नशे का कारोबार

## नाबालिग नशे का सामान खरीदने के लिए कर रहे चोरियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** प्रतिबंधित नशे का कारोबार एक बार फिर बढ़ने से ना केवल अच्छे घरों को बरबाद कर रहा। बल्कि नाबालिग युवकों को भी अपनी जद में ले रखा है। सूत्रों की माने तो हालात इतने बुरे है कि यह नाबालिग नशे का सामान खरीदने के लिए अपने घरों एवं रातों को इधर-उधर से सामान चोरी कर शौक पूरा रहे है।

मालूम हो कि नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में नशे का प्रतिबंधित कारोबार करने वाले लोगों का नेटवर्क कुछ समय पूर्व टूट चुका था, लेकिन फिर से यह कारोबार मजबूती के साथ जम चुका है। नशे का कारोबार करने वाले लोग युवा पीढ़ी को इस दलदल में फंसा चुके है और उन्हें इस नशे की लत का आदि बना दिया है। इस नशे को इस्तेमाल करने वाले गरीब परिवार के युवा लड़के इधर-उधर छोटी-2 चोरी कर नशे का सामान खरीद कर अपना शोक पूरा कर लेते हैं। जबकि करोड़ एवं लखपति बाप की औलाद अपने बाप से लड़ झगड़ कर रुपए ले लेते है या घरों मे रखे रुपए से अपने शोक पूरा करते नजर आते है। आज कल युवा टीम इस नशे को ज्यादा इस्तेमाल करती है। क्योंकि इस नशे का परिवार वालो को पता नहीं चल पाता है। बताया जाता है कि नगर के सैकड़ों युवा हर रोज नशा करके घर जाते ही किसी किसी बात को लेकर अपने परिवार वालों के साथ झगड़े करते रहते है। अब यह युवा नशे के इतने आदि हो चुके है कि परिवार वालों से अपनी बात मनाने के लिए अपनी जान देने तक की धमकी देते है। परिवार वाले डर से उनके शोक पूरा कर देते है।

मालूम हो कि पूर्व में नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ लगातार समाचार प्रकाशित होने के बाद पुलिस एवं प्रशासन ने इन लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही कर कमर तोड़ दी थी, लेकिन कुछ समय से प्रशासन की इन माफियाओं से नजर हटते ही दोबारा यह नशे का कारोबार चलन पर आ गया है।

सूत्र बताते है कि नगर के कई मौहल्लों से माल सप्लाई हो रहा है। बताया जाता है इस कारोबार के ठेकेदारों ने नगर में कुछ एजेंट बना रखे हैं। जिसमें ठेकेदार एजेंट को चार सौ रुपए की पुड़िया बेचते है जबकि एजेंट लोगों को पांच सौ रुपए की पुड़िया बेचते है। गंभीर बात यह है कि इतना कुछ होने के बावजूद भी प्रशासन कोई कदम उठाने को तैयार नहीं है।

वहीं नशे का इस्तेमाल करने वाले कब्रिस्तान, जंगलों सहित सुनसान इलाकों में नशा करते देखे जा सकते हैं। सूत्र बताते है कि प्रतिबंधित नशे का सामान प्रदेश के अन्य जनपदों से लाकर यहां सप्लाई किया जा रहा है।

### जिम्मेदार नागरिकों को सामने आने की जरुरत

**शेरकोट।** प्रतिबंधित नशे से युवाओं में फैल रही बुराई के लिए जितने जिम्मेदार युवा हैं वहीं समाज भी उतना ही जिम्मेदार है। नगर में चल रही संस्थाएं एवं जनप्रतिनिधियों का चुप रहना युवाओं के लिए दिन प्रतिदिन घातक बनता जा रहा है। जनप्रतिनिधियों को गंभीरता दिखाने की जरुरत है। जिम्मेदार नागरिकों को नशे के कारोबार करने वालों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद कर की जरुरत है।

### नशे का शौक करने के लिए होती है चोरियां

**शेरकोट।** नशे के आदि हो चुके छोटी-छोटी उम्र के युवा घर से रुपए न मिलने पर चोरी करने पर उतारु हो चुके है। नगर में बाइक चोरी एवं दिन दहाड़े दुकानों के मालिकों की गैर मौजूदगी मे उनके गल्लों से रुपए निकालने के मामले आए दिन प्रकाश में आ रहे है। इतना ही नहीं यह नशेड़ी नशे के इतने आदि हो चुके है कि अपने परिवार के लोगों के रुपए एवं सोने के जेवर चोरी कर कम रकम में बेचकर अपना शौक कर रहे है।

### नशे में कई युवा पूर्व में दे चुके जान

**शेरकोट।** नशे के कारोबार में जकड़े शेरकोट ने कई युवाओं को मौत के आगोश में सो चुके है, जबकि कुछ युवा इस नशे के चक्कर में आने के बाद बरबाद हो चुके हैं। पूर्व में इस नशे के चक्कर में कई मां-बाप अपने जवान बेटों को खो चुके है।

### गजराज जैसे भेड़िये मासूम की जान के दुश्मन बैखोफ घूम रहे

**शेरकोट।** नगर निवासी व्यक्ति मई 2024 में हिमाचल में रहकर यह कारोबार कर रहा था। लेकिन एसटीएफ देहरादून ने इस व्यक्ति के पास से लगभग करोड़ों रुपए की स्मैक बरामद की थी। लेकिन खास बात यह है कि स्थानीय प्रशासन को इस माफिया के बारे में कुछ नहीं पता चल पाया था। जबकि यह व्यक्ति नगर सहित आसपास के इलाकों में स्मैक की तस्करी कर रहा था। यह व्यक्ति अपने तार जनपद से बाहर, उत्तराखंड तथा हिमाचल तक फैला चुका था। यदि उस समय स्थानीय पुलिस प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेता तो गजराज जैसा तस्कर उत्तराखंड एसटीएफ के लिए नहीं, स्थानीय पुलिस के लिए गुड वर्क बन जाता।

### पूर्व एसपी दिनेश कुमार ने नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाने पर नशे पर लगी थी रोक

**शेरकोट।** पूर्व एसपी दिनेश कुमार ने नशे के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर शेरकोट ही नहीं जनपद को इस अवैध नशे का सेवन करने वालो व कारोबार करने वाले के घर-घर काउंसिलिंग को पहुंच कर एसपी दिनेश कुमार ने युवकों से मुलाकात कर नशा छोड़ने व बेचने वालों को पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी देने पर यह नशा कुछ हद तक खत्म हो गया था।

# अमित शाह पर कांग्रेस का हमला

## जयराम रमेश ने कहा- गृह मंत्री ने लोकसभा में चमत्कार कर दिखाया

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा में एक चमत्कार कर दिखाया, जब वे 90 मिनट तक लगातार बोलते रहे। इस दौरान उन्होंने एक बार भी अपने पसंदीदा गाली वाले शब्द का इस्तेमाल नहीं किया।

विपक्षी पार्टी की यह टिप्पणी शाह के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने घोषणा की थी कि देश अब नक्सलियों से मुक्त हो गया है,



क्योंकि माओवादियों की शीर्ष संस्था और केंद्रीय ढांचा लगभग पूरी तरह से खत्म हो चुका है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि उग्रवादियों द्वारा फैलाई गई हिंसा के लंबे दौर को खत्म करने के लिए उसने कुछ भी नहीं किया। लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त कराने के प्रयासों पर हुई बहस का जवाब देते हुए शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई बार सार्वजनिक रूप से नक्सलियों के हमदर्दों के साथ देखा गया और उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से माओवादियों के प्रति हमदर्दी दिखाने वाले वीडियो भी पोस्ट किए।

## यूपी में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनटीपीसी लिमिटेड ने राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। कंपनी ने इसके लिए प्रयागराज, ललितपुर और सोनभद्र को संभावित स्थल के रूप में चिन्हित किया है। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक के अनुसार अंतिम निर्णय राज्य सरकार द्वारा व्यवहार्यता अध्ययन और आवश्यक मंजूरियों के बाद लिया जाएगा। परियोजना के लिए भूमि और जल संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा मांग और जलवायु लक्ष्यों को देखते हुए परमाणु ऊर्जा को कोयला आधारित बिजली के विकल्प के रूप में विकसित किया जा रहा है। हालांकि उत्तर प्रदेश जैसे घनी आबादी वाले राज्य में भूमि उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। संयंत्र के लिए बड़े भू-भाग के अधिग्रहण और पुनर्वास की प्रक्रिया परियोजना के क्रियान्वयन में बाधा बन सकती है। यह प्रस्ताव एनटीपीसी की 2032 तक कुल स्थापित क्षमता को 149 गीगावाट तक पहुंचाने की योजना का हिस्सा है, जिसमें 60 गीगावाट गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इस बीच कंपनी के उत्तरी क्षेत्र ने 29 मार्च तक 1,10,992 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया है।

## बच्ची से रेप-हत्या के दोषी को फांसी

### समाज को झकझोरने वाला अपराध: पोक्सो कोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज जिले में विशेष पोक्सो कोर्ट ने एक बहुचर्चित मामले में सख्त फैसला सुनाते हुए आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी मुकेश पटेल को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह घटना प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र की है, जहां दोषी ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी।

विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह अपराध 'अत्यंत जघन्य' है और 'समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला' है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कठोरतम सजा देना न्यायसंगत है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि मृत्युदंड का अर्थ है दोषी को फांसी पर लटकाकर मृत्यु देना। फैसला सुनाते समय अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुनने के साथ-साथ केस से जुड़े सभी साक्ष्यों और दस्तावेजों का गहन अवलोकन किया। इसके बाद ही दोषी करार देते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई।

### यह था मामला

बता दें कि 3 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 6.30 बजे शिवगढ़ चौराहे के पास लगे दुर्गा पूजा पंडाल में गई आठ वर्षीय बच्ची घर लौटते समय लापता हो गई थी। अगले दिन 4 अक्टूबर 2024 को बच्ची का शव गांव के मुन्ना पहलवान के धान के खेत में नग्न अवस्था में मिला। शव पर अत्यधिक क्रूरता के निशान थे, बच्ची के दोनों हाथ-पैर और सारे दांत टूटे थे, मुंह से खून झाग निकल रहा था और निजी अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। पीड़िता की मां ने तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि दोषी मुकेश पटेल ने बच्ची के साथ रेप कर क्रूरता से हत्या कर दी गई। गवाहों के बयानों के आधार पर दोषी मुकेश पटेल की पहचान और गिरफ्तारी हुई। जांच में यह सिद्ध हुआ कि दोषी ने हत्या, रेप और गंभीर यौन उत्पीड़न जैसे जघन्य अपराध किए हैं। जांच में साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर दोषी की गिरफ्तारी हुई और 10 दिसंबर 2024 को आरोप-पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने 21 दिसंबर 2024 को आरोप तय किए और साक्ष्य परीक्षण पूरा होने के बाद 26 मार्च 2026 को दोष सिद्धि सुनाई और 30 मार्च 2026 को दंडादेश पारित किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** अधिकारियों के निलंबन को इसी सख्ती का उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उधर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में शहर में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं के बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं रोकने के लिए निगरानी बढ़ाए जाने और हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने देहरादून शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएसपी देहरादून को अपने सभी थानेदारों को पीक आवर में गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डे - नाइट पेट्रोलिंग के साथ ही माह्नग पेट्रोलिंग को भी बढ़ाया जाए। मुख्य सचिव ने बार और रेस्टोरेंट क्लोजिंग के लिए निर्धारित समय को कठोरता से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत में देहरादून को पार्टी और हुड़दंगियों को अड्डा न बनने दिया जाए, इसके लिए हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# कपड़ा व्यापारी के यहां लाखों की चोरी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम हीमपुर दीपा में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक कपड़ा व्यापारी के यहां दिनदहाड़े चोरी हो गई। व्यापारी का दावा है कि परिवार की गैरमौजूदगी में सोने-चांदी के जेवरात सहित करीब 75 हजार की नगदी चोरी हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम हीमपुर दीपा में दयानंद जनता इंटर कॉलेज के निकट बंसल क्लॉथ हाउस के स्वामी मुनीस बंसल का परिवार दोपहर करीब 12 बजे कहीं काम से गया था। इसी बीच किसी ने मुख्य गेट की खिड़की खोलकर घर में प्रवेश किया और घर में रखी 75 हजार की नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। शातिर चोर ने रसोई का सिलेंडर भी ले जाने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम होने पर सिलेंडर मुख्य दरवाजे पर ही छोड़कर चला गया। इस पूरी घटना में व्यापारी

## शातिर चोरों को पकड़ने की मांग

को करीब चार लाख का नुकसान बताया रहा है। व्यापारी ने बताया कि सोने की दो अंगूठी, कानों की तीन जोड़ी बाली, एक मंगलसूत्र सहित आठ दर्जन चांदी की पाजेब, चांदी के सिक्के और 75 हजार की नगदी चोरी हुई है। विशेष बात यह है कि घर के आंगन में एक मुस्लिम टोपी भी मिली है जो घटना को और अधिक संदेह के घेरे में ले जी रही है।

उधर खबर लगते ही ग्राम हीमपुर दीपा सहित रतनपुर खुर्द के ग्रामीण भी घटना स्थल पर पहुंच गए। साथ ही स्थानीय पुलिस ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। हीमपुर दीपा थाना प्रभारी जय भगवान सिंह ने घटना को संदिग्ध बताते हुए मंडोरा जट का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि दोनों गेट बंद होने के बाद चोरी संभव नहीं है और यदि चोरी हुई है, तो इसे किसी घर के व्यक्ति ने ही अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि चोर ने न तो कोई सामान ही तितर बितर किया और न ही लाखों कीमत के पुत्र वधु के जेवरातों को ही छुआ। उन्होंने बताया कि यह घटना ग्राम मंडोरा जट सी ही प्रतीत हो रही है। जहां पुत्र वधु ने ही सारा माल अपने भाई को थमा दिया था। हालांकि थाने पहुंचे पीड़ितों ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए न केवल शातिर चोर को पकड़ने की मांग की बल्कि लाखों रुपए कीमत का उनका माल और नगदी बरामद करने की भी गुहार लगाई है। वहीं गांव भर में चर्चा हैं कि शातिर चोर द्वारा मुस्लिम टोपी घर के आंगन में डालकर इस चोरी को जानबूझकर दूसरा रूप देने का प्रयास किया गया। चर्चा है कि इस घटना को अंजाम देने वाला कोई व्यक्ति जरुर जानकार ही होगा हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच करने में जुटी है।

## एक नजर

### कांग्रेस विधि विभाग की जिला कार्यकारिणी घोषित



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी लखनऊ द्वारा जिला विधि विभाग बिजनौर की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। वरिष्ठ अधिवद्रा प्रशांत कुमार गोयल को जिला चेयरमैन, राकेश कुमार अग्रवाल एड. को प्रभारी तहसील नगीना, शोएब अख्तर एड. को प्रभारी तहसील बिजनौर, प्रदीप कौशिक को प्रभारी तहसील धामपुर, मुकुल माहेश्वरी को प्रभारी तहसील नजीबाबाद एवं सीपी सिंह को प्रभारी तहसील चांदपुर नामित किया गया है। ये सभी जिला को चेयरमैन भी रहेंगे। इनके अलावा जहीर खान एड. नगीना को जिला संयोजक, अजय शर्मा एड. बिजनौर को जिला सहसंयोजक बिजनौर शहर, राजीव त्यागी एड. को जिला सह संयोजक ग्रामीण, निसात अहमद एड. को जिला सहसंयोजक नगीना शहर, अभिषेक मिश्रा एड. को. जिला सहसंयोजक नगीना ग्रामीण, मुख्तार अंसारी एड. को जिला सहसंयोजक बढ़ापुर ग्रामीण, मनोज कुमार शर्मा एड. को जिला सहसंयोजक नहटौर शहर, रामअवतार सिंह एड. को जिला सहसंयोजक नहटौर ग्रामीण, कुशाग्र अग्रवाल एड. को जिला सहसंयोजक धामपुर शहर, अहमद जकावत एड. को जिला सहसंयोजक चांदपुर शहर, मौहम्मद फैजान उर्फ शब्बू एड. को जिला सहसंयोजक चांदपुर ग्रामीण, निसार अहमद एड. को जिला सहसंयोजक नजीबाबादशहर, वेदप्रकाश आर्य एड. को जिला सहसंयोजक नजीबाबाद ग्रामीण तथा शहजाद अली एड. को जिला सहसंयोजक नूरपुर शहर मनोनीत किया गया। इनके अलावा जिला महासचिव व जिला सचिव भी नामित कए गए हैं। मौहम्मद नासिर अंसारी एड. को जिला कोषाध्यक्ष विधि विभाग, गुलसिताब एड. को जिला प्रवक्ता, विनीत त्रिपाठी एड. एं मुशब्बिर हुसैन एड. को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

### शावक दिखाई देने से हड़कंप

**हल्दौर।** ग्राम नसीरपुर नैन सिंह में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक खेत में गुलदार के शावक दिखाई देने की सूचना मिली। शावकों को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जहां शावक देखे गए वह खेत पूर्व ग्राम प्रधान मौहम्मद शाकिर का बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की सूचना तुरंत वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। वन कर्मियों ने सावधानीपूर्वक शावकों को सुरक्षित घेराबंदी में लेते हुए उन्हें किसी प्रकार की हानि से बचाया और सुरक्षित स्थान पर रखवाया। टीम में वन रक्षक मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह व रुकमेश शामिल रहे। वन कर्मियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि शावकों के आसपास भीड़ न लगाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें, क्योंकि आसपास मादा गुलदार होने की संभावना रहती है। जिससे खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को सतर्क रहने तथा गुलदार दिखाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना देने की सलाह दी। गांव और आसपास के क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता को देखते हुए लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं वन विभाग लगातार क्षेत्र पर नजर बनाए हुए है।

## चोरी की बाइक व चार किलो तांबे के तार सहित आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक और लगभग चार किलोग्राम तांबे के तार बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार 24 फरवरी 2026 को ग्राम बुआपुर नत्थू निवासी संजीव कुमार ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोर द्वारा उसके भतीजे के कुएं से मोटर तथा तार चोरी करने की सूचना दी थी। इसके अलावा 30 मार्च 2026 को हरविंद्र पुत्र देवेंद्र सिंह ग्राम उमरपुर बांगर निवासी द्वारा भी बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मौहल्ला सादात निंदरू निवासी फरमान पुत्र शमशुल फुरकान को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक और तांबे के तार बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 27 मार्च की रात बैंकट हॉल के बाहर से बाइक चोरी की थी।

साथ ही तांबे के तार चोरी करने की घटना को भी स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है। इस गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक पवन सिंह, हेड कांस्टेबल तेजपाल सिंह एवं कांस्टेबल शराफत अली की अहम भूमिका रही।

## स्टूडेंट ऑफ द ईयर बने वंश, नकीबपुर द्वितीय का परीक्षा परिणाम घोषित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्राथमिक विद्यालय नकीबपुर द्वितीय आंकू में वार्षिकोत्सव एवं सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस मौके विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कक्षा एक में अर्पित लाहौरिया, भानु प्रताप, राघव, कक्षा दो में सार्थक, शिवांशु, तंशु और सुबहान, कक्षा तीन में आक्ति और सोना, युग, प्रतिज्ञा, कक्षा चार में आलिया, जुनैद, उत्सव तथा कक्षा पांच में वंश, यक्ष, दिव्यांशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

100 प्रतिशत उपस्थिति के साथ कक्षा तीन की छात्रा सोना ने सर्वाधिक उपस्थिति का खिताब 'अटेंडेंस स्टार ऑफ द ईयर' अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त भानु प्रताप, सार्थक, राधिका एवं सिमरन भी अपनी कक्षाओं में उपस्थिति में अपना स्थान बनाने में सफल रहीं।

प्रदेश स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले कक्षा पांच के छात्र वंश कुमार को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से नवाजा गया। वंश ने इस वर्ष अयोध्या में आयोजित राज्य स्तरीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 में शतरंज प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल की ओर से प्रतिभाग करते हुए मंडल का नाम रोशन किया था।

प्रधानाचार्य हरफूल सिंह, सहायक अध्यापक विभोर अग्रवाल, मौहम्मद इकबाल का सहयोग रहा।

## टेंट के सामान को लेकर विवाद में एक व्यक्ति घायल

**कोतवाली देहात।** टेंट के सामान के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

ग्राम औरंग शाहपुर गंगाधर निवासी नाजमा खातून ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 29 मार्च को उनके घर पर शादी समारोह चल रहा था। इसी दौरान टेंट के सामान को लेकर विवाद हो गया। शादाब, फिरोज पुत्र अमीर तथा फिरोज पुत्र नामालूम निवासी ग्राम अली नगर, थाना नहटौर ने घर में घुसकर नाजमा पर हमला कर दिया। नाजमा को बचाने उसके पति कदीर मलिक आए। आरोप है कि उसके पति कदीर मलिक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में कदीर मलिक का हाथ टूट गया। शोर होने पर सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। नाजमा खातून की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## नामदेव समाज के संयम वर्मा ने पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर निवासी राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार टांक के सुपुत्र संयम वर्मा नामदेव ने पीसीएस परीक्षा में 37वीं रैंक प्राप्त कर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस बड़ी उपलब्धि से नगर और नामदेव समाज में हर्ष की लहर है।

संयम वर्मा की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए समाज के लोगों ने कहा कि उनकी कड़ी मेहनत, परिश्रम और मृदुभाषी स्वभाव का ही यह सुखद परिणाम है। इस मौके पर नामदेव कमेटी द्वारा नामदेव धर्मशाला एवं शिव मंदिर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संयम वर्मा नामदेव को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

गणमान्य व्यक्तियों में मुख्य रूप से मदन गोपाल टांक अध्यक्ष नामदेव समाज नजीबाबाद, मनोज कुमार, पीयूष टांक, गौरव वर्मा नामदेव सोनू आदित्य, सुशील टांक अध्यक्ष सरक. ारी सस्ता गल्ला संघ नजीबाबाद, कैलाश सैनी, तरुण, विनय और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संयम वर्मा ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे उनके माता-पिता और गुरुजनों का योगदान है। उनका चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है। इनकी प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 12 तक सेंट मैरी स्कूल से हुई है और इसके बाद काइट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन गाजियाबाद से स्नातक किया था। पीसीएस में अपनी तैयारी कर रहे नए युवाओं को एनसीआरटी की किताबों से तैयारी करनी चाहिए और कठिन परिश्रम कर हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। सफलता आपको निश्चित ही मिलेगी।

## हाईकोर्ट के आदेश पर हटाई गई तारबंदी, जुमेरात बाजार भूमि विवाद में नया मोड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** स्थानीय जुमरात बाजार क्षेत्र में स्थित विवादित भूमि को लेकर चल रहा स्वामित्व विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। पूर्व में प्रशासन द्वारा भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए दुकानों को बंद कराया गया था, लेकिन अब हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद घटनाक्रम में बदलाव देखने को मिला है।

प्राप्त समाचार के अनुसार उक्त संपत्ति को लेकर सेवा समिति धर्म ट्रस्ट एवं रानी कामिनी सिंह के बीच स्वामित्व विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि संबंधित संपत्ति को रानी कामिनी सिंह द्वारा पूर्व में पांच लोगों को वितरित किए जाने का भी दावा किया गया है। जिसके चलते मामले ने कानूनी रूप ले लिया। बताया गया है कि संपत्ति के विक्रय से जुड़े पक्ष द्वारा मामले में हाईकोर्ट की शरण ली गई थी। न्यायालय के आदेश के बाद विवादित भूमि पर की गई तारबंदी को हटवा दिया गया। यह जानकारी स्थानीय पक्ष से जुड़े इफ्तेखार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि इससे पहले नगर पालिका प्रशासन एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में स्वयं को संपत्ति का स्वामी बताने वाले पक्ष द्वारा भूमि की तारबंदी कर दी गई थी। जिससे क्षेत्र में असमंजस की स्थिति बन गई थी तथा दुकानों के संचालन को लेकर भी विवाद बना हुआ था। हाईकोर्ट के आदेश पर तारबंदी हटाए जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत महसूस की। हालांकि भूमि स्वामित्व को लेकर अंतिम स्थिति अभी न्यायिक प्रक्रिया के अधीन है। अब नागरिकों की निगाहें प्रशासनिक जांच एवं न्यायालय के अंतिम निर्णय पर टिकी हुई हैं। वहीं इस संपत्ति से संबंधित सही और कानूनी कार्यवाही की जानकारी के लिए अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल से जब फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया, तो उनका फोन किसी कारण रिसीव नहीं हो सका। इसलिए उनका पक्ष नहीं जान पाए।

## घर में घुसकर युवक के साथ मारपीट, सिर में आए सात टांके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसके सिर में सात टांके आए हैं। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला खुर्मअली सराय निवासी मौहम्मद सैफ पुत्र जुल्फिकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 26 मार्च की रात लगभग 10 बजे अपने घर पर बैठा था। तभी क्षेत्र के ही दबंगों ने उसके घर में घुसकर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि दिलशाद पुत्र अब्दुल रहीम, उसके साले मौहम्मद फैजान, फैजान के बड़े भाई और शादाब ने एक राय होकर उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित की जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान पीड़ित के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे वह लहूलुहान हो गया। इसके अलावा कमर और हाथ में भी अंदरूनी चोटें आई हैं।

बताया जा रहा है कि सिर के घाव इतने गहरे थे कि अस्पताल में उसे सात टांके लगवाने पड़े। जाते-जाते आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घायल युवक ने नगीना थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर अपनी रिपोर्ट दर्ज करने और दोषियों को सजा दिलाने की गुहार लगाई जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नशा तस्कर को पांच वर्ष का कठोर कारावास

### दस हजार का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत पुलिस और अभियोजन विभाग को एक बड़ी सफलता मिली है। न्यायालय ने एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास और दस हज़ार रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार दो मई 2022 को उप-निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने चैकिंग के दौरान ग्राम आले अलीपुर निवासी नौशाद पुत्र कमरुद्दीन को 510 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। इस संबंध में थाना नगीना पर मुकदमा अपराध संख्या 141/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर समय से आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। घ्इस मामले की सुनवाई के दौरान स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई।

साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आज माननीय न्यायालय एडीजे-03 स्पेशल एनडीपीएस एक्ट नगीना ने अभियुक्त नौशाद को दोषी पाते हुए उसे पांच वर्ष की जेल कठोर कारावास के साथ 10,000/- रुपए का जुर्माना लगाया है।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस प्रकार की त्वरित सजा से अपरा. धियों में भय व्याप्त होगा और नशाखोरी के विरुद्ध चल रहे अभियान को बल मिलेगा।

## मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

### विद्यार्थियों व अभिभावकों में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के प्रसिद्ध मरियम हायर सेकेंड्री स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और सफल विद्यार्थियों को बधाइयां दी गई।

कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान मौहम्मद शायान, द्वितीय अदनान, तृतीय हबीबा फातिमा, एलकेजी ए में प्रथम स्थान आसिम वसीम, द्वितीय मौहम्मद अरहान, तृतीय मौहम्मद इज़ान, एलकेजी बी में प्रथम स्थान समायरा, द्वितीय अब्दुल माजिद, तृतीय इनाया, यूकेजी ए में प्रथम हया परवीन, द्वितीय मौहम्मद इब्राहीम, तृतीय इरम आलम, यूकेजी बी में प्रथम स्थान अमायरा मिर्जा, द्वितीय इदहा इमरान, तृतीय अलीज़ा, कक्षा पहली ए में प्रथम स्थान माहिरा परवीन, द्वितीय आयशा, तृतीय इंशा अंसारी, पहली बी में प्रथम स्थान सारा सिद्दीकी, द्वितीय अलीफा, तृतीय मौहम्मद हमजा, कक्षा दूसरी ए में प्रथम स्थान मौहम्मद दानियाल, द्वितीय माहिरा मलिक, तृतीए आयजा, कक्षा दूसरी बी में प्रथम स्थान मुसब्बिहा, द्वितीय तूबा, तृतीय सिदरा जावेद, कक्षा तीसरी ए में प्रथम स्थान आयत फातिमा, द्वितीय शिफा परवीन, तृतीय मौहम्मद शायान, कक्षा तीसरी बी में प्रथम निदा परवीन, द्वितीय रहनुमा बेग, माहिरा सिदरा तृतीय, कक्षा चौथी ए में प्रथम मौहम्मद असद, द्वितीय रिफत आलिया, तृतीय हुदा परवीन, कक्षा चौथी बी में प्रथम स्थान मौहम्मद हसन, द्वितीय आयशा सिद्दीकी, तृतीए इब्राहीम शेख, कक्षा पांच में प्रथम स्थान आतिका सुन्दुस, द्वितीय निशा इसरार, तृतीय अनम, कक्षा छह में प्रथम मौहम्मद अतीब, द्वितीय रुशेफा, तृतीय तमन्ना, कक्षा छह में प्रथम फातिमा तुज़ ज़हरा, द्वितीय आलिया सिद्दीकी, तृतीय ज़ोया, कक्षा सात में प्रथम स्थान आयत सिद्दीकी, द्वितीय हुदा अंजुम, तृतीय रुश्दा, कक्षा आठवीं में प्रथम युसरा अरशद, द्वितीय अर्शी, तृतीय अलवीना, कक्षा नौ में प्रथम फातिमा रज़ा, द्वितीय उज़िला रहमान, तृतीय अलिशबा ने स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया।

इस मौके पर शिक्षकों ने भी अपनी मेहनत का फल मिलने पर संतोष व्यक्त किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की मैनेजर मरियम साईम राजा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि बच्चों को बेहतर नागरिक बनाना है। यह शत-प्रतिशत परिणाम विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों की लगन का परिणाम है। वहीं कमेटी अध्यक्ष मौहम्मद साईम ने कहा कि विद्यालय निरंतर शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। आगे भी बच्चों को आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकें। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रधानाचार्य कैलाश चंद को भावभीनी विदाई



**कोतवाली देहात।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बेनीपुर कोपा के प्रधानाचार्य कैलाश चंद आज सेवानिवृत्त हो गए। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम शिक्षकों, क्षेत्रवासियों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कैलाश चंद ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा ही वह मूल मंत्र है, जिससे व्यक्ति के साथ-साथ समाज और देश प्रगति करता है। इस दौरान शिक्षकों ने फूल मालाओं से लादकर कैलाश चंद का सम्मान किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार, भानु प्रताप सिंह, लोकेश उपाध्याय, हरिराज सिंह, राजेंद्र कुमार, नृपेंद्र कुमार, अरुण भारती, अवनीश कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# आज के बच्चे देश का भविष्य: आशीष सिंघल

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सत्र 2025-26 का कक्षा नर्सरी से कक्षा 9वीं तक तथा कक्षा 11वीं का वार्षिक परीक्षाफल विद्यालय के विजेता मंच पर घोषित किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार मुख्य अतिथि स्कूल चेयरमैन डा. (इंजी.) आशीष सिंघल एवं प्रधानाचार्य इदरीस अहमद तथा जूनियर विंग कोऑर्डिनेटर तब्बसुम जैदी ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं मेडल पहनाकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर डा.आशीष सिंघल ने उपस्थित विद्यार्थियों, अभिभावकों, अतिथियों एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे कल के देश का भविष्य हैं। इसलिए इनकी अच्छी परवरिश और शिक्षा बहुत ही आवश्यक है। जिसके लिए अभिभावकों एवं अध्यापकों का संयुक्त प्रयास बहुत ही आवश्यक है।

कक्षा नर्सरी 'अ' से जुबिया, रहमत, पीहू, लबानिया, सार्थक, नवजीत, नित्या, हसन, कनिष्का, आरूष, माधव, दिव्यांश, चांदनी, लव, नित्या, जयाशुं, गोरिका, लक्ष्य, रय्यान, गीतिका कक्षा नर्सरी 'ब' से मोहिनी, पूर्वी, सार्थक, अर्श, मिताशीं, दिपांशी, अभी, पर्निका, काव्या, अक्षा, अलीजा, अनन्या, हमदान, अयान, माज़, दृष्टि कक्षा एलकेजी 'अ' से अब्दुल, आयुश, अरहान, आरूषी, अरनव, अभिनव, अरबी, आरूष, आध्या, यश, युग, रिदा, वैशनव, तनुष्का, श्रृष्टी, पार्थ, नित्या, मानवी, मान्या, जानवी, जीवन, इशिका, हम्द, फागुन, गुरूकिरत, धैर्य, बरूराह, अंतरिक्ष, आरव, यावर, कक्षा एलकेजी 'ब' नर्तिका, अर्थव, जैहरा, अभिनव, सोमिया, आराध्या, तृषा, कुंज, आरिज़, तकशित, अलेक्ष, अजान, अयांश, ऋषभ, उमैर, श्री, आरिज़, समर्पण, प्रियांश, उजैर, शौद, पार्थवी, मुदाब्बिर, आयशा, शशिकांत, नित्या, कक्षा यूकेजी 'अ' अवरिश, अन्नया, अयान, आरिज़, भूमिका, इरहा, जतिन, महीरा, अनिका, रिया, आरूष, वर्दा, विदान, पूर्वी, सार्थक, देव, इनाया, हमज़ा, भानू, सक्षम, तैमूर, मुसब, कक्षा यूकेजी 'ब' से नौमान, तनवी, काव्या, गुनित, अरहान, मोहन, उजैर, स्नेहा, मेदान्त, विशू, ध्रुब, लाव्यांश, यशवी, गीतिका, अन्नया, नमन, नबी, अनिका, ऐरा, अनिरुद्ध, कक्षा 1 'अ' अब्दुल्ला, अर्श, प्रयक्ष, प्रीत, अदीबा, रियर, कुलसुम, अब्दुल्ला कक्षा 1 'ब' अदित्या, अर्श, उमैर, उत्कर्ष, अधीरा, स्वार्णिका, नव्या, सुर्या, दिशानी, अभिजीत, अरबाब, प्रीत, अभीरा नाज़, मयंक, शौर्य, अरीबा, कक्षा 2 'अ' अनिका, हदिया, अल्फैज़, साफिया, अभिमन्यु, अक्षित, कक्षा 2 'ब' आशी, कशवी, अफ्फान, तनजील, महक, कक्षा 3 'अ' अक्षित, शिफ़ान, शिवन्या, कक्षा 3 'ब' सोफिया, संगीता, युवराज कक्षा 4 'अ' अभय, फिज़ा, टिंकल, अंश, सविका, हार्दिक, कक्षा 4 'ब' से माही, सक्षम, माधव कक्षा 5 'अ' मानवी, तनिष्का, आर्धष, कक्षा 5 'ब' प्रतीक, राजदीप, मनीश, कक्षा 6 'अ' काव्या, तहूरा, प्रत्यक्ष, कार्तिके, कक्षा 6 'ब' अर्थव, नाजमीन, अवनी कक्षा 7 'अ' शिविका, शिवाकुं, शौर्य कक्षा 7 'ब' उत्कर्ष, दिवांशु, प्राप्ती कक्षा 8 'अ' रितिका, यशवर्धन, श्रृष्टि कक्षा 8 'ब' जिविका, आलया, बरिरा, कक्षा 9 'अ' श्रृष्टि, यशी, मानवी कक्षा 9 'अ' मान्या, लक्ष्य, अभय कक्षा 11 पीसीएम से अमित, इशिका, निशांत कक्षा 11 पीसीबी अबीर, तपशवनी, अलिना कक्षा 11 कॉमर्स परी, निशा, अंशिका कक्षा 11 हुमैनिटीस अंजली, अंशिका, रिया ने क्रमशः से प्रथम व द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन अध्यापक मोनोजीत विश्वास ने किया।

## रमा जैन की छात्राओं ने किले पर स्वच्छ भारत अभियान चलाया



**नजीबाबाद।** रमा जैन कन्या महाविद्यालय में रासेयो इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पत्थरगढ़ किले पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सखी वैलफेयर ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को बताया गया कि पत्थरगढ़ किले का निर्माण सन् 1750 में नवाब नजीबुद्दौला द्वारा रियासत की रक्षा करने के लिए करवाया गया था। जिसे वर्तमान में सुल्ताना डाकू के किले के नाम से भी जाना जाता है। यह किला नजीबाबाद शहर की अमूल्य धरोहर है, जिसको संरक्षित करना नजीबाबादवासियों का कर्त्तव्य है। शिविर में महाविद्यालय निदेशक डा. केसी मठपाल, ज्योति पाल, डा. रमनदीप कौर, डा. भावना अरोड़ा, डा. दीप्ति माहेश्वरी, सुनीता, जेवरिया, तबस्सुम, डा. नेहा गौड़ सहित महाविद्यालय की शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारीता निभाई। राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी स्वयं सेविकाओं ने भी डा. राखी आनंद के साथ कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रासेयो शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा. पूनम अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में किया गया।

# शेरकोट में भाकियू का धरना समाप्त

## उड़ीसा में राकेश टिकैत की गिरफ्तारी को लेकर बैठे थे धरने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** उड़ीसा में किसान नेता व भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने से आक्रोशित किसानों ने थाने में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। राकेश टिकैत को रिहा करने के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात उड़ीसा में चल रहे किसानों के धरने में शामिल होने पहुंचे राकेश टिकैट को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला मंत्री अशोक कुमार के नेतृत्व में थाने पहुंच कर आक्रोशित किसान दरी बिछाकर थाना परिसर में बैठ गए।

प्रदर्शन कर रहे किसान अशोक कुमार ने साफ कहा कि जब तक राकेश टिकैत को सम्मान के साथ रिहा नहीं किया जाएगा, तब तक उनका धरना जारी रहेगा। राकेश टिकैत की गिरफ्तारी बिल्कुल गलत है। यह किसानों की आवाज दबाने की कोशिश है। जब तक उन्हें रिहा नहीं किया जाएगा, वह भी थाने से नहीं जाएंगे तथा गिरफ्तारी देंगे। वहीं उड़ीसा पुलिस द्वारा राकेश टिकैट को रिहा किए जाने के बाद किसानों ने धरना समाप्त कर दिया।

इस मौके पर अशोक कुमार, धीरज चौहान, हरकेश कुमार, योगेंद्र सिंह, रुपेश सिंह, निजाम अहमद, देवेंद्र सिंह, नत्थू सिंह सैनी आदि किसान मौजूद रहे।

# दारुल हुदा जूनियर हाई स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत

## मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी रहे मुख्य अतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** फव्वारा चौक स्थित दारुल हुदा जूनियर हाईस्कूल द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह एक बैंकट हॉल में आयोजित किया गया। विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत घोषित होने पर विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई।



कार्यक्रम में पालिका चेयरमैन अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है और बच्चों की पढ़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने दारुल हुदा जूनियर हाई स्कूल को नगर का उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बताते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की सराहना की। विद्यालय के संस्थापक डा. महमूद अख्तर ने कहा कि शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार और अनुशासन ही विद्यार्थियों को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने बच्चों को निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। परीक्षा परिणाम में सब जूनियर एवं जूनियर सेक्शन में वानिया, आयत नूर एवं मौहम्मद साहिल ने क्रमश प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं इस्लामियात विषय में मौहम्मद यामन, बिलाल, अब्दुल अहद, रोज़ी, कायनात, माहिरा, आसिम, वानिया परवीन, जिकरा परवीन तथा असना अंसारी ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को चांदी की गिन्नी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। जबकि अन्य स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया। समाजसेवी सुबहान रबी. उद्दीन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लगन और मेहनत ही सफलता की असली कुंजी है। उन्होंने बच्चों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान पत्रकार इकबाल अंसारी, टिंकू अहमद, इमरान सिद्दीकी सहित अन्य पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया तथा समाज में उनकी सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। विद्यालय की प्रिंसिपल समीना अहमद ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। डा. महमूद अख्तर ने कहा है कि 2026 और 27 के एडमिशन टेस्ट लेने के बाद ही किए जाएंगे।

इस मौके पर मुफ्ती आसिम, इंजी.तबिश अजीज, इंजी.तारीक महमूद, मुफ्ती उबैदुर्रहमान सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## विवाद में पांच लोगों का चालान

**नांगल सोती।** डीजे पर गाने बजाने को हुए विवाद में पुलिस ने पांच लोगों का चालान कर दिया। सोमवार को नजीबाबाद थाना क्षेत्र के उब्बनवाला (जलालाबाद) से शमशीद के लड़के को बारात नांगल क्षेत्र गांव बाखरपुर तसलीम के यहां आई थी। बारात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारात पक्ष और तेली बिरादरी के युवाओं के बीच मारपीट और पथराव हो गया था। इस मामले में कई लोग घायल हो गए थे। जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा था। वहीं मौके से पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया था। आज पुलिस ने शमशाद निवासी उब्बनवाला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर इरशाद, अवजल, इमरान, अलमू निवासीगण बाखरपुर का चालान कर दिया। इसके साथ ही अफसार निवासी उब्बनवाला का चालान भी शांतिभंग में कर दिया।

# इंडोनेशिया की चीनी मिल अधिकारियों ने किया उत्तम शुगर मिल का भ्रमण



### उत्तम शुगर मिल की गन्ने की खेती देखकर उत्साहित हुए इंडोनेशिया के अधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** इंडोनेशिया के चीनी मिल के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तम शुगर मिल का भ्रमण किया। इस दौरान इंडोनेशिया के अधिकारी उत्तम शुगर मिल की गन्ने की फसल को देखकर काफी उत्साहित हुए। इसके साथ ही गन्ने की पैदावार की जानकारी हासिल की।


प्राप्त समाचार के अनुसार आज समोरा ग्रुप इंडोनेशिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तम शुगर मिल बरकतपुर का भ्रमण किया। सभी अधिकारियों का उत्तम शुगर मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह ने बुके देकर स्वागत किया। जिसके इंडोनेशिया के समोरा ग्रुप के डायरेक्टर आपरेशन आसिफ इकबाल, सीएफओ खारिस, टेनिशियन हेड सुरेश कुमार, प्रोडक्शन हेड कादरी उस्मान, जीएम केन बख्तियार, सीनियर मैनेजर रुश्दी, क्वालिटी कंट्रोल श्री हेड ने उत्तम शुगर मिल के अधिकारी से बुवाई कटाई की तकनीकी, ट्रेंच विधि। सिंगल बड, कॉकपिट ट्रे पौध, पेडी प्रबंधन, ड्रिप सिंचाई आदि की जानकारी साझा की। इस दौरान इंडोनेशिया के अधिकारी उत्तम शुगर मिल की गन्ने की पैदावार को देखकर काफी उत्साहित हुए। इस दौरान गन्ना महाप्रबंधक विकास पुंडीर, मुख्य महाप्रबंधक अतेंद्र शर्मा। अतुल कुमार,अनिल शर्मा, चांदवीर सिंह सहित उत्तम शुगर मिल के कई अधिकारी मौजूद रहे।

# चांदपुर व अफजलगढ़ की गन्ना बुवाई की समीक्षा बैठक संपन्न

## शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति व वैज्ञानिक खेती पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** अपर गन्ना आयुक्त (समितियां) उ.प्र., लखनऊ एवं नोडल अधिकारी (मुरादाबाद मंडल) द्वारा उप गन्ना आयुक्त कार्यालय, मुरादाबाद में आयोजित समीक्षा बैठक के निर्देशों के अनुपालन में आज एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।




ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गूगल मीट के माध्यम से परिषद के समस्त गन्ना पर्यवेक्षकों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई व आगामी लक्ष्यों के संबंध में बिंदुवार कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। समीक्षा बैठक में मुख्य बिंदु पर विचार करते हुए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें बुवाई एवं बीज वितरण की निगरानी विषय पर समस्त गन्ना पर्यवेक्षक प्रतिदिन की बुवाई प्रगति को रजिस्टर में अनिवार्य रूप से अंकित करेंगे। आरक्षित बीज के वितरण की दैनिक प्रगति को सर्किल-वार अपडेट किया जाएगा।

गेहूं की कटाई के बाद होने वाली बुवाई में बेहतर पैदावार के लिए कृषकों को जागरुक करने के निर्देश दिए गए। पर्यवेक्षक प्रतिदिन फील्ड भ्रमण कर व्यक्तिगत संपर्क और ग्राम स्तरीय गोष्ठियों के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक सलाह देंगे। माइक्रो प्लान एवं सीड मूवमेंट के बारे में बताते हुए कहा कि बसंतकालीन बुवाई के लिए तैयार किए गए माइक्रो प्लान का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। सीड मूवमेंट प्लान के अनुसार आधार एवं प्राथमिक पौधशालाओं के बीज का पूर्ण वितरण करने के निर्देश दिए गए।

को. 0238 प्रजाति के पौधों का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाएगा। साथ ही, चीनी मिल से प्राप्त डिग्रीडेड सूची का स्थलीय निरीक्षण कर एसजीके पोर्टल पर डेटा को तत्काल शुद्ध करने के निर्देश दिए गए। तकनीकी खेती एवं प्रबंधन विषय पर पेड़ी प्रबंधन (रटून मैनेजमेंट) में आरएमडी और मूलचंर के अधिकतम प्रयोग पर जोर दिया गया ताकि लक्ष्य समय से पूरे हों। कीट नियंत्रण हेतु लाइट ट्रैप और फेरोमोन ट्रैप के प्रचार-प्रसार के लिए व्यापक अभियान चलाने को कहा गया।

### कंट्रोल रूम की भूमिका

कंट्रोल रूम प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि वे प्रतिदिन बुवाई की रिपोर्ट संकलित करें और पर्यवेक्षक-वार बीज वितरण की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इसी क्रम मे सभी चीनी मिलो के फील्ड स्टाफ एवं परिषद स्टाफ का एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया। जिससे आगामी बुवाई की समीक्षा गूगल मीट से करते समय संयुक्त प्रयास और इफेक्टिव रणनीति से कृषक हित में कार्य पूर्ण किया जा सके। बैठक के अंत में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने स्पष्ट किया कि कार्यों में शिथिलता बरतने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराना और उन्नत तकनीकी से जोड़ना ही विभाग की प्राथमिकता है। यह जानकारी विश्वामित्र पाठक ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चांदपुर (बिजनौर) कार्यालय द्वारा दी गई।

## एक नजर

### कैंपस प्लेसमेंट में दो छात्रों का चयन



**नजीबाबाद।** एनआईजीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बी.टेक कंप्यूटर साइंस अंतिम वर्ष के छात्रों ने हाल ही में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस प्लेसमेंट ड्राइव का उद्देश्य छात्रों को क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करना था। कंपनी कंसट्रक्ट सलूशन प्राइवेट लिमिटेड, हरिद्वार ने कई पद के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की। इसमें लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार एवं पर्सनल इंटरव्यू शामिल थे। इंटरव्यू का संचालन कंपनी के रिलेशनशिप बिजनेस हेड (नॉर्थ इंडिया) सर्वजीत सिंह व एचआर गरिमा पांडेय ने किया। चयन प्रक्रिया के बाद तृतीय राउंड में दो छात्रों दिव्यांशु व आदित्य गुप्ता का चयन किया गया। दोनों की प्रोफाइल पर नियुक्ति दी गई है। कंपनी ने शुरुआती पैकेज 3.0 लाख रुपये प्रति वर्ष दिया। इस मौके पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर अवनीश अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सरफराज अहमद तथा समस्त शिक्षण संकाय ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि रोबोटिक्स और भविष्य की तकनीक है और हमारे छात्रों का इस क्षेत्र में चुना जाना संस्थान के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस तरह के आयोजन से छात्रों को आधुनिक युग की मांग के अनुसार करियर बनाने का सुनहरा अवसर मिलता है। संस्थान प्रबंधन ने इस सफल आयोजन के लिए कंपनी टीम एवं प्लेसमेंट सेल का आभार व्यक्त किया तथा चयनित छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल जाटान बिजनौर में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा विद्यालय प्रबंध समिति में उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रकाश भटनागर के द्वारा की गई। विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। शिशु वाटिका वर्ग में यूकेजी की बहन तनु 85 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान पर रही। प्राथमिक वर्ग में कक्षा चतुर्थ की बहन कनिका सैनी 86 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम रही। जूनियर वर्ग में 88 प्रतिशत अंक लाकर भैया अभिराज चौधरी प्रथम रहे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार डा. पंकज भारद्वाज, पीयूष मित्तल, श्रीमान अभिनव अग्रवाल, राज्यवर्धन भटनागर, अतुल कुमार अग्रवाल, डा. राजीव अग्रवाल एवं राममोहन उपस्थित रहे। शैक्षिक पुरस्कारों की व्यवस्था सजल अग्रवाल के द्वारा एवं संस्कृति ज्ञान परीक्षा के पुरस्कारों की व्यवस्था पीयूष मित्तल के द्वारा की गई। सात्विकता एवं पुरस्कारों की व्यवस्था राज्यवर्धन भटनागर के द्वारा की गई। इस मौके पर विद्यालय के लगभग 80 भैया-बहनों को विभिन्न शैक्षिक सांस्कृतिक क्रिया-कलापों में भाग लेने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विमल कुमार ने किया।

### फैज ए आम स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित



**चांदपुर।** फैज ए आम स्कूल में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी परिणाम के अनुसार प्राइम. री वर्ग में सेक्शन बी की छात्रा माहे नूर पुत्री अब्दुल्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं जूनियर वर्ग में सेक्शन बी की छात्रा हुमेरा परवीन पुत्री मुफ्ती वसीम ने लगातार दूसरी बार विद्यालय में टॉप कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा सेक्शन ए में अरहान पुत्र इमरान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस मौके पर पूर्व तहसीलदार शाहिद हुसैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य डा. जीशान फातिमा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी टॉपर्स को सम्मानित किया गया तथा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# पुलिया निर्माण के चलते 15 दिन मार्ग रहेगा अवरुद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका द्वारा ईकड़ा नाला स्थित पुलिया पर चौड़ीकरण एवं ऊंचाई बढ़ाने का निर्माण कार्य शुरू कराया जा रहा है। इस कार्य के चलते शीला टॉकीज और स्योहारा चुंगी के बीच पड़ने वाला मार्ग आगामी 15 दिनों तक पूर्ण रूप से अवरुद्ध रहेगा।

नगर पालिका के अनुसार यह निर्माण कार्य एक अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। कार्य के दौरान मछली बाजार एवं स्योहारा चुंगी से होकर शीला टॉकीज की ओर जाने वाले नागरिकों को इस मार्ग का प्रयोग न करने की सलाह दी गई है। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए लोगों को वैकल्पिक मार्ग के रूप में न्यू स्टेट बैंक कॉलोनी और सेंट मैरी रोड से होकर आवागमन करने की अपील की गई है। पालिका प्रशासन का कहना है कि पुलिया के चौड़ीकरण एवं ऊंचाई बढ़ाने से क्षेत्र में जलभराव समेत अन्य समस्याओं का स्थायी समाधान होगा, जिससे आम जनता को भविष्य में राहत मिलेगी। पालिका चेयरमैन रवि चौधरी ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्माण कार्य के दौरान असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का ही प्रयोग करें।



## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेन्स के यहां श्रीमती अदिति सिंह पत्नी राजीव कुमार ने अपने भवन निर्मित ग्राम मौज्जमपुर जैतरा, धामपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। जिसे शौनाथ सिंह पुत्र बुद्ध सिंह ने चन्दु सिंह व अन्य को बही सं. 1 जिल्द सं. 626 पृष्ठ 87/88 क्रमांक 2109 दिनांक 3/10/1970 को बेची थी तथा चन्दु सिंह पुत्र बुद्ध सिंह ने उक्त अपने हिस्से की वसीयत श्रीमती हेमलता पत्नी श्याम सिंह को बही सं. 3 जिल्द नं. 99 पृष्ठ 74/75 क्रमांक 281 दिनांक 10/12/1992 की थी तथा श्रीमती हेमलता ने 273.21 वर्ग मी. श्रीमती अदिति सिंह पत्नी राजीव सिंह को विक्रय बही नं.1 जिल्द संख्या 15388 पृष्ठ सं. 65/78 क्रमांक 13883 दिनांक 22/06/2024 को की थी। जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था तथा उत्तराधिकारी को उक्त के संबंध के बारे में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर आपत्ति निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

# हनुमान जन्म महोत्सव का भव्य आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्रीमद् हनुमत सेवा समिति एवं बाबा नींब करौरी कृपा कुंज के संयुक्त तत्वावधान में

### विशाल भव्य कलश शोभायात्रा से गूंजा नगर

आयोजित तीन दिवसीय हनुमान जन्म महोत्सव का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ।

इस दौरान पूरा नगर जयकारों और भक्ति रस में सराबोर नजर आया। उद्घाटन समारोह शुभम मंडप में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एमएलसी अशोक कटारिया



सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं बजरंग बली के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का पगड़ी व राम-नाम अंकित पटका पहनाकर सम्मान किया गया। अशोक कटारिया ने धार्मिक संस्थाओं द्वारा समाज में जागरुकता फैलाने के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सनातन संस्कृति के लिए प्रेरणादायक बताया। इसके पश्चात निकाली गई विशाल कलश शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभायात्रा में राम दरबार की आकर्षक झांकियां, सुसज्जित घोड़ा-बग्गी पर विराजमान बजरंगबली के स्वरूप और पीत वस्त्रों में सजे श्रद्धालु मंगल कलश व ध्वज लेकर चलते रहे। पूरे मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा, मिष्ठान वितरण और जल सेवा के साथ शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। बिजनौर से आए भजन प्रवाहक संदीप शर्मा बिजनौरी व अन्य कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया, वहीं काशीपुर से आए बॉबी किंग ढोली के निर्देशन में ढोल वादकों ने अपनी प्रस्तुति से पूरे नगर में उत्साह भर दिया। शोभायात्रा का नगर में करीब 87 स्थानों पर स्वागत किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि आगामी दो दिनों तक सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन संध्या एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## शिक्षिका सविता रानी को भावभीनी विदाई



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में प्रवक्ता जीव विज्ञान सविता रानी मैडम के सम्मान में भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह का वातावरण भावनाओं और सम्मान से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने सविता मैडम को स्मृति-चिन्ह एवं उपहार भेंट कर उनके दीर्घकालीन उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मैडम के कार्यों की सराहना करते हुए विद्यालय के प्रति उनके समर्पण को प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर शिक्षिका नीरज, अमृता मैडम आदि ने अपने प्रेरणादायक भाषणों में सविता मैडम के सरल स्वभाव, कर्त्तव्य निष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार की प्रशंसा की। समारोह में सविता मैडम के पति डीके गहलोत ने भी भावुक भाषण दिया। उन्होंने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए सविता मैडम के शिक्षण जीवन से जुड़े अनुभव साझा किए। समस्त स्टाफ ने सविता मैडम के उज्ज्वल एवं सुखमय भविष्य की कामना की।

## यूपीएससी परीक्षा में 662वीं रैंक प्राप्त करने वाली कुमारी चंद्रवाहिनी चौधरी को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया द्वारा यूपीएससी परीक्षा में 662वीं रैंक प्राप्त करने वाली चंद्रवाहिनी चौधरी को सम्मानित किया गया।



जयवीर सिंह सिसोदिया द्वारा जनपद का नाम रोशन करने वाली ग्राम नांगल जाट निवासी कुमारी चंद्रवा. हिनी चौधरी को सम्मानित करने के लिए उनके निवास स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित सम्मानित व्यक्तियों ने उन्हें सम्मान पत्र भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में ओम प्रकाश सिंह (जिला उपाध्यक्ष), विपुल प्रताप सिंह (जिला अध्यक्ष), महेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसके अलावा वरुण, अनीता, अरुण कुमार, अनुज एवं प्रेम कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी ने मिलकर चंद्रवाहिनी चौधरी की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। सभी उपस्थितजनों ने कहा कि चंद्रवाहिनी चौधरी की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### किसानों ने दिया देर शाम थाने में धरना



**स्योहारा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता की उड़ीसा में गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र के किसानों में आक्रोश देखने को मिला। बीती देर शाम स्थानीय किसानों ने विरोध दर्ज कराते हुए थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ता थाने पहुंचे और दरी बिछाकर शांतिपूर्ण धरना शुरू कर दिया। किसानों का कहना था कि यदि उनके नेता को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। धरने पर मौजूद किसानों ने इसे किसान हितों पर हमला बताते हुए कहा कि किसान नेताओं की आवाज दबाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान किसानों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की और एकजुटता का प्रदर्शन किया। तहसील अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने बताया कि उड़ीसा में राकेश टिकैत को हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलने के बाद किसानों ने विरोध स्वरूप धरना शुरू किया था, हालांकि कुछ ही देर बाद उनके रिहा होने की सूचना प्राप्त हो गई। जिसके बाद देर शाम धरना शांतिपूर्वक समाप्त कर दिया गया। धरने के दौरान क्षेत्र के अनेक किसान व भाकियू पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पदाधिकारियों की घोषणा



**हल्दौर।** नगर में सामाजिक एकता और जनसेवा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महाराजा हरिश्चंद्र वंशीय समिति का गठन किया गया। बैठक में समिति के पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। बैठक की अध्यक्षता डा. संदीप और देवेंद्र ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने और समाजहित के कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से सुधीर को अध्यक्ष, प्रवीण को महामंत्री, अभिषेक को कोषाध्यक्ष, संजीव को उपाध्यक्ष तथा सतीश को उपमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त आशुतोष और पवन को संयुक्त रूप से सांस्कृतिक मंत्री, संदीप व सुमित को निर्माण मंत्री, विभाकर और अजय को लेखा परीक्षक (ऑडिटर), रविंद्र को संचार-प्रचार मंत्री का दायित्व दिया गया। वहीं सुधीश ने भी स्वेच्छा से संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी स्वीकार की। इस मौके पर देवेंद्र ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य मिलकर समाज सेवा के कार्यों को नई दिशा देंगे। महामंत्री प्रवीण ने सभी से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## अपने नेता की रिहाई होने तक डटे रहे किसान थाने पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उड़ीसा के भुवनेश्वर में 22 मार्च से धरनारत किसानों से मिलने जा रहे भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के विरोध में संगठन कार्यकर्ता व किसानों ने थाना शिवाला कलां पर धरना प्रदर्शन किया।

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिवाला कलां थाने पर धरना देकर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को उड़ीसा में पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर रोष जताया। धरना करीब रात 6 से 11 बजे तक चला। 11 बजे राकेश टिकैत की रिहाई के बाद धरना स्थगित किया गया। धरने पर मास्टर देवेंद्र सिंह, मोनू चौधरी, प्रशांत चौधरी, भूरे सिंह, अनिक चौधरी, मनीष धनकड़, नरेश कुमार, सुशील, रोहतास धनकड़, नेमपाल सिंह, लुद्यान सिंह, योगेश कुमार, सुशील शर्मा, राजेश सैनी, फखरुद्दीन प्रधान, नरेश सिंह, मोहित चौहान, योगेंद्र चौहान, सुभाष चौधरी आदि सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

## दीप सर्जन कांवेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दीप सर्जन कांवेंट स्कूल में शैक्षिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में

### परीक्षाफल पाकर बच्चों के खिले चेहरे



कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र सिंह चौहान ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन परिश्रम, निरंतर अभ्यास और अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे भी इसी लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के घोषित परिणाम में प्रथम स्थान अल्बीना, नैंसी, अंजलि, विष्णु, प्रियांशी, वंशिका, अलिया एवं ईशा ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय स्थान पर अवनी, प्रिंस, मयंक, अब्दुल हादी, इल्म, अक्षत, तस्वीर और रितिक रहे। तृतीय स्थान चाहत, माहिया, उर्वशी, प्रतीक, आर्यन, आहिल, शिवराज, आयुष एवं हर्षित ने हासिल किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं में श्री छात्रदेव शर्मा, कल्पना वर्मा, नेहा, प्रीति, सोनी, दीपा, अतिया रहमानी, मदीहा आदि उपस्थित रही। विद्यालय प्रबंधिका श्रीमती अनीता चौहान ने सभी का धन्यवाद किया।

## विश्व संकट के बीच भारत सुरक्षित भाजपा सरकार की नीतियां बनीं मजबूती का आधार : अरुण कुमार वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि वर्तमान में अमेरिका ईरान और इजरायल के बीच चल रहे अंतर्राष्ट्रीय तनाव एवं युद्ध के हालातों से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश की जनता सुरक्षित एवं स्थिर माहौल में जीवन यापन कर रही है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के दौर में कई देशों में महंगाई आर्थिक अस्थिरता और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बढ़ी हैं। जबकि भारत सरकार की दूरदर्शी विदेश नीति मजबूत आर्थिक प्रबंधन और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था के कारण देश की अर्थव्यवस्था संतुलित बनी हुई है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत होने से व्यापार उद्योग और आम जनजीवन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है।

अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार ने गरीब, किसान, व्यापारी, युवा और महिलाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। जिनका सीधा लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की समन्वित कार्यशैली के कारण विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं और जनता में विश्वास का वातावरण बना है। उन्होंने आग कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साख लगातार मजबूत हुई है तथा विश्व मंच पर देश की भूमिका प्रभावशाली बनी है।

वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास सुरक्षा और निवेश के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास' की भावना के साथ देश और प्रदेश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि विकास और स्थिरता की इस यात्रा में सभी नागरिक सकारात्मक सोच के साथ देशहित में सहयोग करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मजबूत नेतृत्व प्रभावी नीतियों और जनभागीदारी के बल पर भारत हर वैश्विक चुनौती का सामना करते हुए निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहेगा।

## सौफतपुर में लगाया गया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

### 98 रोगियों को दिया गया चिकित्सा सुविधा का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** विवेक कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंसेज एंड हॉस्पिटल बिजनौर द्वारा सौफतपुर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ग्रामीणों को नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श, नि:शुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर परीक्षण किया गया। नि:शुल्क औषधि वितरण की सुविधा भी प्रदान की गई। शिविर में 98 रोगियों ने चिकित्सा का लाभ प्राप्त किया। कार्यकम में त्वचा रोग, दौर्बल्य कास, श्वास, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, अर्श भगंदर, यकृत, जोड़ों से संबंधित बीमारियों का परीक्षण किया गया। विवेक आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डा. ज्योति ध्यानी, डा.आकृति गुप्ता, डा.





मधुमिता दास, डा. अर्चना सिंह, डा. शावेज अंसारी, डा. हरप्रीत सिंह, आदि मौजूद रहे। कॉलेज के चौयरमेन अमित गोयल ने बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सालय में जटिल से जटिल व्याधियों का इलाज किया जा रहा है, जिसका रोगियों को लाभ लेना चाहिए।

## मिलेनियम स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 11वीं कक्षा वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

### विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नर्सरी से कक्षा 11वीं परीक्षाफल शतप्रतिशत रहा। यूकेजी के छात्र मौहम्मद अयान ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का खिताब अपने नाम किया। चेयरपर्सन मीना सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके अभिभावक को आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सतेंद्र कुमार, मंतोष सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में विद्यालय में आए हुए सभी अभिभावकों का प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया। सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय शील्ड, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश कुमार, बालेश कुमार, गजेय सिंह, कुशलपाल सिंह, विनोद कुमार, अर्शी अबरार, अंजलि, हिमानी, विधी, शिवानी, वैशाली कश्यप, सचिन, सदफ, स्वलिहा, स्वाति कश्यप, प्रीति शर्मा, विकास कुमार, रोहिताश सिंह, नेहा, महिमा, दीक्षा, अंशिता, रिंकू वर्मा, केशव शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## फादरसन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा एक से नौ एवं 11 के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अभिभावक- शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने शिक्षकों से विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए सामाजिक विज्ञान (सोशल साइंस) के प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा

### सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया कि वे परिश्रम और लगन से सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम का संचालन आर्शी, कृतिका, अवनी, अबीरा एवं इशिता द्वारा किया गया। जिन्हें अंग्रेजी शिक्षिका दीपिका के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। सभी विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ मंच संच. ालन कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया और इसी उत्साह के साथ आगे भी शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को जारी रखने का संकल्प लिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति-पत्र दिए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं डीएम जसजीत कौर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनबाड़ी

### नए केन्द्रों का लोकार्पण किया

कार्यकत्री व सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र, स्मार्टफोन वितरित किए गए। इस मौके पर सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का आयोजन भी किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष एवं डीएम द्वारा आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर जिला स्तर





पर 20 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र तथा सही 37 कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरित किया गया।

उन्होंने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहायिकाओं को शुभकामना दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह नौकरी आपके लिए एक महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी उपयोगिता देश सेवा से लेकर छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को पोषण देने का कार्य आप द्वारा किया जाता है, आपके कंधे पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है इसलिए आपको अपने दायित्व का निर्वहन उचित प्रकार करना है क्योंकि यह देश के विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंनें कहा कि इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से सुपोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। कहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी तरह से ऑनलाइन और योग्यता-आधारित रही है।

उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि अपने दायित्व को समझें और पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कुपोषण को दूर करने की जिम्मेदारी को पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन उपलब्ध कराने का मुख्य उद्देश्य आधुनिक संचार सुविधाओं से लेस करते हुए कुपोषण को रोकना और देश के बच्चों को स्वस्थ और शिक्षित बनाना है। डीएम ने बताया कि आज खंड विकास स्तर पर इसी प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजन कर 858 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र तथा 337 कार्य कतरियों एवं मुख्य सेवक सेविकाओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तोगी, पालिका चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुबे सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी सहित सुपरवाईजर्स, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# कोर्स के नाम पर स्कूलों में शुरू हुई खुली लूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नया शिक्षण सत्र शुरू होते ही स्कूल संचालकों एवं पुस्तक विक्रेताओं ने अभिभावकों की जेबे काटने का अभियान छेड़ दिया है। कमीशन खोरी के इस युग में स्कूल संचालक एवं पुस्तक विक्रेता चांदी काट रहे है, जबकि कुछ स्कूलों में कोर्स के नाम पर लूट बड़े पैमाने पर की जा रही है, मगर अभिभावक खामोशी के साथ लुटने पर मजबूर है। हालॉकि पूर्व वर्ष जिलाधिकारी की सख्ती से स्कूल संचालकों में हड़कम्प मच गया था लेकिन इस बार फिर संचालकों पर कोई प्रशासनिक खौफ दिखासी नहीं दे रहा है।

**○ पूर्व वर्ष डीएम की सख्ती के बाद पैर्टन बदला, पर्ची देकर दुकानों पर कोर्स लेने भेजा जा रहा**

नगर क्षेत्र के अलावा ग्रामीण अंचलों में पब्लिक स्कूलों की बाढ़ आई हुई। मान्यता प्राप्त हो या गैर मान्यता प्राप्त अधिकांश स्कूल तो मानकों को ही पूरा करने में नाकाम हैं, लेकिन शिक्षा विभाग की मिली भगत से इन पर कोई फर्क पड़ता दिखाई नही दे रहा। इतना ही नही इंगलिश मीडियम के नाम के सहारे चल रही स्कूली दुकानों पर भवन तो होना दूर स्टाफ भी अंग्रेजी के ए का मतलब समझाने में बगले झांकते नज़र आता दिखाई दे जाता है। स्कूलों में कोर्स की दुकाने चलाने वाले नामचीनों ने इस बार अपना पैर्टन बदल दिया है। कोर्स को दुकानों पर रखवा दिया गया है। छात्र और उसके अभिभावका को पर्ची थमाकर दुकान बताकर भेजा जा रहा है। जबकि दूसरी दुकानों पर स्कूलों का कोर्स नहीं मिल रहा है। जहां न कोई हिसाब है और न ही कोर्स के रूपयों का बिल बस किताबें थैली में बांधी और मनमानी कीमत हथियायी जा रही है। शिक्षा विभाग की मिली भगत से हो रहे इस गोरखधंधे में लुट रहा है तो अभिभावक। प्रशासनिक अधिकारी भी इसे लेकर चुप्पी साधे हुए है। जबकि डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया ने एनसीईआरटी की ही पुस्तकें पढ़ाने के निर्देश दिए थे।



सम्भल। जेल से रिहा होकर काफिले संग आते लोगों का अभिवादन करते जामा मस्जिद के सदर।

# बड़ा मैदान पर महापंचायत की सफलता को झोंकी ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कलक्ट्रेट के निकट स्थित बड़ा मैदान बहजोई में कल आज होने वाली भाकियू असली की महापंचायत की सफलता को पदाधिकारियों ने ताकत झोंक दी है।जगह-जगह नुक्कड़ सभायें और गांव-गांव पहुंचकर महापंचायत में पहुंचने को प्रेरित कर अन्तिम रूप दे दिया गया है।

भारतीय किसान यूनियन असली की बड़ा मैदान बहजोई में बुधवार (आज) होने वाली महा पंचायत की तैयारी के लिए नुक्कड़ सभाओं ओर जनसंपर्क में पूरी ताकत झोंक दी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी ने कहा कि किसानों के मान समान की यह लड़ाई करो या मरो की स्थिति में पहुंच चुकी है। इस लड़ाई

**○जगह-जगह नुक्कड़ सभाएं कर पहुंचने को किया प्रेरित**

को किसानों को जीतना बेहद जरूरी है। इसी को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ हरपाल सिंह बिलारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश चौ. संजीव गांधी युवा प्रदेश अध्यक्ष चौ. श्रृषभ चौधरी व आशिक रजा ने भद्रौला, हिसामपुर भाटोला भासला रायपुर में जनसंपर्क किया जयवीर सिंह, मोरध्वज यादव चंद्रकेश यादव ने गवा, सिसोना, सिकन्दरपुर , राजपुरा में जनसंपर्क किया अन्य टीमो ने भी सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क कर 1 अप्रैल के बहजोई आंदोलन में भागीदारी करने को प्रेरित किया।

# बोरी के दाम कम, फुटकर में आलू महंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** आलू के सीजन में भी फुटकर दुकानों में इसका भाव कम नहीं हो रहा है। खेत से चार रुपये किलो में खरीदा जा रहा आलू फुटकर की दुकानों में 10 रुपये में मिल रहा है। इसमें छह रुपये किलो का बड़ा अंतर आ रहा है।

खेत से मंडी तक का भाड़ा, मंडी में होने वाला खर्च, आढ़ती का कमीशन, आढ़त से फुटकर बाजार पहुंचने का भाड़ा, फुटकर दुकानदार का मुनाफा मिलाने पर छह रुपये तक कीमत पड़ रही है, लेकिन आम ग्राहकों को सस्ता आलू नहीं मिल पा रहा है। गुन्नौर के आलू किसान राकेश व नत्थू सिंह यादव कहते हैं कि दो दिन पहले ही उन्होंने 3797 आलू का 50 किलो का बैग 200 रुपये में

**○खेत से चार रुपये में खरीदकर फुटकर में दस रुपये में बेचा जा रहा, आढ़त और कमीशन लगाकर कीमत बैठ रही है छह रुपया प्रतिकिलो**

बेचा है, यह बेहतरीन आलू था। किसानों को यह चार रुपये किलो में बेचना पड़ रहा है। इसके अलावा जिसका आकार छोटा और कुछ दागी है, वह 150 रुपये प्रति 50 किलो बैग की दर से लिया जा रहा है। यह तीन रुपये किलो में बिक रहा है। ग्राहकों को फुटकर में चार रुपये किलो वाला आलू 10 रुपये के भाव में दिया जा रहा है। किसान को आलू का पूरा भाव नहीं मिल रहा है। ग्राहकों को भी इसका लाभ नहीं मिल रहा है। नगर में सब्जी की फुटकर दुकानों में ब्रोकली 100, तोरई 80, करेला 80 अरबी 60, भिंडी 80, मैथी 80 और अदरक 80 रुपये किलो के भाव में है। सेम और शिमला मिर्च 80 रुपये किलो है। देसी खीरा 40, प्याज 20 से 30 और कटहल 60 रुपये किलो है। इसी तरह से पालक और गाजर 40 रुपये में है। लौकी, हायब्रिड खीरा 20 ,बैंगन, फूल गोभी 40, और कद्दू 30 रुपये किलो है। टमाटर 20, बंद गोभी 30 रुपये किलो है। हरी सब्जी महंगी होने के कारण अधिकांश ग्राहकों ने इसकी मात्रा कम कर दी है। लोग आधा किलो और पाव भर सब्जी ले रहे हैं, ताकि सब्जी खराब न हो।

# बड़ा मैदान स्थित महापंचायत स्थल का राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल** भारतीय किसान यूनियन (असली) की कल आज बड़ा फील्ड बहजोई पर होने वाली महापंचायत स्थल राष्ट्रीय अध्यक्ष निरीक्षण करने पहुंचे। रा. अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह ने व्यवस्था के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया। बता दें कि खनन माफिया से रंगदारी मांगने को लेकर व खनन प्रबन्धक पर जानलेवा हमले के मनगढन्त और बेबुनियाद आरोप में भारतीय किसान यूनियन के जेल भेजे गये पदाधिकारियों की रिहाई और निष्पक्ष जांच कराकर मुकदमा निरस्त करने, खनन क्षेत्र का मैनुअली सीमा निर्धारण कराने, ढुलाई कार्य में पंजीकृत वाहनों का प्रयोग कर मानक के अनुसार खनन कराने की मांग को लेकर पंचायत प्रस्तावित है जिसमें मांगों को पूरा कराने के लिए आन्दोलनात्मक रणनीति की घोषणा की जायगी। इस अवसर पर महाराज सिंह यादव, चौ. संजीव गांधी, आशक रजा, जयवीर सिंह यादव, मौ. सुलेमान, वीरेश यादव आदि उपस्थित थे।

# समिति के स्थापना दिवस पर एसडीएम सम्मानित

**○नारी उत्थान समिति का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नारी उत्थान समिति का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम निधि पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया, जबकि महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

थाना हयातनगर क्षेत्र के जेपी गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष सीमा आर्य, विशिष्ट अतिथि मिताली गुप्ता, अल्पना आर्य, मीनू रस्तोगी, रेखा वार्ष्णेय समेत अन्य गणमान्य महिलाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जबकि छोटे बच्चों अंजू वार्ष्णेय व संध्या सर्राफ ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। सीमा आर्य ने मुख्य अतिथि एसडीएम निधि पटेल को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि कविता गुप्ता, श्रेता तिवारी रही। समिति की सदस्यों ने फिल्मी गानों पर नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छोटे बच्चों ने भी अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समां बांध दिया। अध्यक्ष सीमा आर्य ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और हमारा संगठन भी इसी उद्देश्य से कार्य कर रहा है। समिति ने निर्धन कन्याओं की शादी में सहायता की है और मिशन शक्ति के तहत गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मिताली गुप्ता, संचालन अदिति वर्मा ने किया। जबकि सदस्य रेखा आर्य, अल्पना आर्य, प्रीति शर्मा, मीनाक्षी सिंघल, निर्मला, शालिनी रस्तोगी, मंजू आर्य, संजना आर्य, गरिमा, पूजा, लक्ष्मी, वर्षा, दीपा शर्मा, मंजू, प्रतिज्ञा गर्ग, गीता वर्मा, कुसुम प्रजापति, एकता मदान, सुरभि शर्मा, समेत अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा रश्मि वार्ष्णेय, पूजा गुप्ता, अल्पना आर्य, रेखा आर्य, प्रीति शर्मा, बबली आर्य, पूनम गर्ग, गौरी शर्मा, कुसुम आर्य, अर्चना कश्यप, मंजू आर्य, सुरभि शर्मा, संधया जी, जूही वार्ष्णेय ,अंजू वार्ष्णेय, दीपा शर्मा, तरन्नुम अकील, एकता मदान, कंचन शर्मा, मिताली गुप्ता, वर्षा गुप्ता, सुनीता यादव, लक्ष्मी शर्मा, संध्या सर्राफ, कुसुम प्रजापति आदि महिलाएं मौजूद रहीं।



सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

# गर्मी में कीटनाशकों की बिक्री में बेतहाशा वृद्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही मक्खी ,मच्छरों एवं कॉकरोच व कीड़ों आदि का प्रकोप बढ़ने लगा है। इनकी रोकथाम और रोग से बचाव को बाजार में तमाम कीटनाशक उपलब्ध हो चुके हैं। इनकी नियम विरुद्ध बिक्री होने पर भी जिम्मेदार अफसर चुप्पी साधो हुए हैं। ग्रीष्मकाल में कीटनाशक अगरबत्ती एवं कोइल की विक्री अलग-अलग नाम से हो रही है। मक्खी मच्छर जनित रोगों से बचाव करने को कीटनाशकों की खरीदारी में सभी सक्रिय हैं। यह जानते हुए कि तेल और अगरबत्ती की बिक्री करने का मानक क्या है। इसका पालन कहीं नहीं हो रहा है। नगर के गली मोहल्ले में परचूनी की दुकानों पर इन खतरनाक कीटनाशकों की बिक्री खुलेआम की जा रही है। प्रावधानों के अनुसार मच्छर मार अगरबत्ती एवं आयल बेचने के लिए फुटकर लाइसेंस बनवाना विक्रेता के लिए आवश्यक है। इन नियम शर्तों का उल्लंघन

**○नियमों का उल्लंघन कर गली मौहल्लों में बिना लाईसेंस के हो रही बिक्री**

कर गली मोहल्ले में कीटनाशक बिक रहा है। इस स्थिति में आवश्यक वस्तु अधिनियम व् कीटनाशी वस्तु अधिनियम की शर्तों का उल्लंघन हो रहा है। इसके बावजूद अधिकारी मौन है। लोगों की मांग है कि इनकी बिक्री अधि कृत दुकान पर की जाए और इसको बेचने वालों के लिए लाइसेंस बनवाया जाए।जिससे किसी को नुकसान न हो।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं, बालिकाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** मिशन शक्ति फेज-05 द्वितीय चरण विशेष अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम कुतुबपुर सत्ता ग्राम मुरथला तथा ग्राम सकतपुर में चौपाल लगाकर, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराधा, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य, महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य एवं महिला आदि की जानकारी दी।

# अपना दल एस जिलाध्यक्ष से अज्ञात युवक ने की अभद्रता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अपना दल के जिलाध्यक्ष जावेद अशरफ के साथ एक अज्ञात युवक ने न सिर्फ अभद्रता की जबकि मुख्यमंत्री को लेकर भी अपशब्दों का प्रयोग करने का आरोप है।

कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली दरवाजा स्थित एक पेट्रोल पंप के पास का है, जहां जावेद अशरफ अपने कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की दर्जा प्राप्त मंत्री को रिसीव करने नियावली गांव जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जिलाध्यक्ष के अनुसार, युवक ने न केवल उनके पद की परवाह किए बिना अभद्र व्यवहार किया, बल्कि मुख्यमंत्री को लेकर भी अपशब्द कहे और खुलेआम धमकी दी कि अकेले में मिलना, देख लूंगा और गोली मार दूंगा जैसे गंभीर शब्दों का इस्तेमाल किया। हैरानी की बात यह रही कि उकसावे के बावजूद जावेद अशरफ ने अपने कार्यकर्ताओं को शांत रखा और किसी को भी आरोपी पर हाथ उठाने नहीं दिया। हालांकि, आरोप है कि युवक ने उन पर हमला भी किया। बताया जा रहा है कि आरोपी दीपा सराय क्षेत्र का रहने वाला है और घटना के समय पास के शोरूम पर अपनी गाड़ी सर्विस कराने आया था। मामूली विवाद को लेकर शुरू हुई कहासुनी ने अचानक उग्र रूप ले लिया। फिलहाल जावेद अशरफ ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। एक जनप्रतिनिधि के साथ इस तरह की अभद्रता और खुलेआम धमकी ने कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सरपट दौड़ रहे डग्गामार वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के चारों मार्गों पर हो रही डग्गामारी से राजस्व के साथ वैध परमिट के साथ संचालन कर रहे निजि बस संचालकों को भी भारी क्षति उठानी पड़ रही है। शहर से जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर डग्गामार वाहनों का कब्ज़ा है। जिससे न केवल सरकार को हानि हो रही है,बल्कि परिवहन विभाग की अनुमति से संचालित हो रहे निजि वाहन संचालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करने के साथ हानि उठानी पड़ रही है।

# तहसील स्तर पर बनाए जाएं ड्राइविंग लाईसेंस

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** व्यवसायियों ने गुन्नौर,बबराला जुनावई, रजपुरा, गंवा,धनारी में जगह जगह कैंप लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की मांग की ताकि सभी के लाइसेंस बन सकें।

नगर गुन्नौर के व्यवसायी रविराज गुप्ता ने कहा कि वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस न होने पर चालान के स्थान पर उसका वहीं लाइसेंस बनाया जाये। लाइसेंस बनने में दिक्कतों की वजह से लोगों के लाइसेंस नहीं बन पा रहे हैं। सभी को लाइसेंस बनवाने सम्भल जाना पड़ता है। वहाँ के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

**○व्यवसायियों ने उठाई माँग, जगह-जगह लगाय जायें कैम्प**

लाइसेंस प्रत्येक तहसील स्तर पर कैम्प लगाकर बनाये जाने चाहिए। जिससे कोई भी इससे वंचित न रह सके। जबकि कैम्प लगाने से बड़े स्तर पर लाईसेंस भी बन सकेंगे। कैम्प के प्रत्येक तहसील में दो-दो दिन निर्धारित किये जायें। वाहन चालक पर लाइसेंस न होने पर पकड़े जाने पर तुरंत शुल्क लेकर लाइसेंस बनाया जाये। इस मौके केशव, रोहिताश गुप्ता ,नीरज उर्फ कल्लू वार्ष्णेय, विनोद वार्ष्णेय, हर्षित, भोला, बंटी आदि थे।

## मौसमी बीमारी ने जमकर पांव पसारे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मौसमी बीमारी सर चढ़कर बोल रहा है,लेकिन स्वास्थ्य विभाग मौन साधे हुए है। निजि चिकित्सकों की दुकान पर मरीजों की भीड़ लगी है।

कभी गर्मी और कभी हल्की ठंड लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बदल रहे मौसम से बीमारियां घर करने लगी हैं। जिसके चलते वायरल बुखार, डेंगू आई फ्लू, मलेरिया, खांसी, नज़ला, जुकाम का प्रकोप फैलता जा रहा है। सरकारी अस्पताल में गिनी-चुनी दवाओं के अलावा अन्य कोई रोग नाशक औषधी नही मिलने से निजि चिकित्सकों की दुकाने भरी हुई हैं। संक्रामक रोग बढ़ने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की नींद अभी नही टूटी।हालांकि नजला जुकाम और खांसी व बुखार के मरीजों की संख्या निंरतर बढ़ रही है।

# वैभव गुप्ता को सौंपी युवा हिंदू जागृति मंच के प्रदेशाध्यक्ष की कमान

**○सर्वसम्मति से मनोनीत करने का लिया निर्णय**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में युवा मंच का प्रदेश स्तर पर गठन करके वैभव गुप्ता



को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

नगर के दुर्गा कॉलोनी में स्थित अमृत कूप मंदिर पर मंच की बैठक में मनीष गर्ग ने हिंदू जागृति युवा मंच का गठन करने की आवश्यकता पर बल दिया। श्रीओम चंद्रा ने युवा मंच के गठन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे युवा शक्ति जागृत होगी और नव युवाओं को समाज धर्म राष्ट्र की सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। सरदार कुलवीर सिंह ने हिंदू जागृति मंच की युवा इकाई संचालित करने पर विशेष बल दिया। सभी सदस्यों की आम सहमति देखते हुए हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने प्रदेश स्तर पर युवा मंच गठित करने का निर्णय लिया, जिसका प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा कालोनी निवासी वैभव गुप्ता को मनोनीत किया। उन्होंने बताया कि वैभव श्री राम लीला कमेटी सम्भल के प्रबंधक हैं। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद जैसी राष्ट्रीय राष्ट्रवादी संस्थाओ में लंबे समय से कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। उन्हें हिंदू जागृति युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत करने से निश्चित रूप से संगठन से युवाओं का जुड़ाव होगा। युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर वैभव गुप्ता ने कहा कि तन मन धन से समर्पित रहकर पूरा समय और ईश्वर द्वारा दी गई ऊर्जा को हिंदू जागृति युवा मंच के माध्यम से समाज सेवा राष्ट्र सेवा और धर्म की सेवा में अर्पित करूंगा। वैभव गुप्ता को हिंदू जागृति मंच और महिला मंच की सदस्यों ने उनके घर पर जाकर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही मित्रों संबंधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से वैभव गुप्ता को हिंदू जागृति युवा मंच का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं दी। मंच की बैठक में श्याम शरण शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, रमेश चंद्र छाबड़ा, भरत मिश्रा, सुभाष चंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, विनोद कुमार अग्रवाल, सुबोध कुमार गुप्ता, अरविंद शंकर शुक्ला, सुमन कुमार वर्मा आदि अनेक सदस्यों ने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता उमेश श्रीमाली ने की और संचालन अंकुर रस्तोगी ने किया।

# मार्च माह में गर्मी दे रही भयंकर बीमारियों की दावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कभी गर्मी तो कभी ठंड जनमानस के स्वास्थ्य के लिए हनिकारक बनती जा रही है। जबकि मौसम का मिजाज मार्च माह में समझ से परे है। इसके अलावा मच्छरों व बीमारियां का प्रकोप बढ़ गया है।

**○सड़े गले फलों, मिलावटी सामान की नही जांच**

सूर्यदेव फैलते ही पसीना और शरीर को झुलसाने वाली किरणों ने अपना रंग दिखाना शुरू कर देती है। दोपहर तक सूरज की तपिश का काफी असर रहता है लेकिन बीच-बीच में बादलों के छाने से ठंडक का अहसास होने लगता है। गर्मी दोपहर को भयंकर रूप बन जाने से लोगों का घरों से निकलना दूभर करती है लेकिन बादलों के छाते ही लोग अपने-अपने कामों से निकल पड़ते हैं। मौसम का यह मिजाज रोजाना का बन गया है। दो दिनों से मौसम का मिजाज तो समझ से परे हो गया है। सुबह से लेकर दोपहर तक तेज कड़क धूप ओर फिर बादल छा जाते है। कभी गर्मी तो कभी सर्दी भयंकर मौसमी बीमारियों को दावत दे रही है। निजि चिकित्सकों की दुकानों पर भी रोगियों रोज़ाना इज़ाफा हो रहा है। जबकि दिन का पारा चढ़ते ओर सूरज की किरणों के चारों ओर फैलते ही बाज़ारों की रौनक चली जाती। जकि निजि चिकित्सकों की क्लीनिकों पर मौसमी बीमारियों से पीड़ितों की भरमार है।

# सेवा निवृति पर पर शिक्षकों को दी विदाई

**○गीता और अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर विकासखंड के दो कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाधयापक सेवानिवृत्ति हुए उनको फूलमाला पहनाकर विदाई दी गई। गुन्नौर कंपोजिट विद्यालय के प्रधनाध्यापक चन्द्रपाल को सेवानिवृत होने पर विद्यालय स्टाफ ने फूलमाला पहनाकर विदाई दी। जबकि कंपोजिट विद्यालय फरीदपुर के प्रधानाध्यापक रामदेव शर्मा सेवानिवृत हुए। उनके स्टाफ के शिक्षको ने उन्हें फूलमाला पहनाकर विदाई दी। शिक्षक हरीश बाबू शर्मा व शिक्षक रवि शर्मा ने दोनों को गीता और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय शिक्षकों



ने कहा कि सेवानिवृत्ति प्रधनाध्यापक का उनके साथ व्यवहार बहुत अच्छा रहा। बच्चों के साथ भी उन्होंने उचित व्यवहार किया। इसके लिए वह प्रशंसा के पात्र रहेंगे। शिक्षक रवि शर्मा व हरीश बाबू ने कहा कि दोनों कुशल शिक्षक थे। उनकी कमी विद्यालय को खलेगी। लेकिन सेवानिवृत होना एक प्रक्रिया है। इसके तहत सभी को गुजरना पड़ता है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।इस दौरान शिक्षकों के परिजन,रिश्तेदार व गण्यमान्य लोग भी मौजूद रहे।

## तहसील क्षेत्र में टैक्नीशियन चला रहे लैब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सक व अवेध पैथैलॉजी लैबों का साम्राज्य दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है।

शहर हो या ग्रामीण अंचल नौसिखिये अथवा टैक्नीशियन ही लैबों का संचालन कर रहे है। जबकि कई स्थानों पर पैथेलोजिस्ट डिग्री वाले चिकित्सकों के नाम पर लैबों का संचालन कर रहे। इन लैबों पर डिग्रीधारक चिकित्सक का नाम छपा हुआ होता है लेकिन जांच टैक्नीशियन ही करते हैं। खुलेआम पैथेलोजी लेबों का संचालन हो रहा है मगर क्वैक्स विभाग विभाग पूरी तरह आंख मूंदे हुए है। इन फर्जी लैब संचालकों द्वारा जांच के नाम पर मोटी रकम भी वसूल रहे हैं। कई लैब सामने आ चुकी है। न तो इनके पास कोई डिग्री है

# जिले के दो केन्द्रों पर 3012 पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद के पॉच केन्द्रों पर चल रहे मूल्यांकन कार्य में दो केन्द्रों ने शत प्रतिशत मूल्यांकन पूरा कर दिया हे जबकि दो केनद्रों पर 96 और 93 प्रतिशत कार्य अभी शेष है।

जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुसार जिले में चन्दौसी स्थित एस एम इं. कूलेज में परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है जबकि इंटरमीडिएट इं. कालिज बहजोई और हीरा देवी इं. कालिज बहजोई और शंकर भूषण शरण जनता इंटरी कूलेज तथा आचार्य मुकेश हकीम रसई सरस्वती इंटर कालिज को भी मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया था। इसके अला मूल्यांकन केन्द्रों पर 36484,35408, 64107, 33507,

**○दो केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य शत-प्रतिशत पूरा**
**○दो केन्द्रों पर 96 और 93 प्रतिशत मूल्यांकन**
**○एक दिन में कार्य पूरा होने की उम्मीद**

58618 उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकन को दिया गया था। जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से जारी सूची के अनुसार पांचो केन्द्रों पर चले मूल्यांकन कार्य में एस एम इं. कालिज चन्दौसी में 95 प्रतिशत जबकि इंटरमीडिएट इं. कालिज बहजोई में 100 प्रतिशत और हीरादेवी इं. कालिज बहजोई के मूल्यांकन केन्द्र पर भी सौ प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा शंकर भूाण इंटर कॉलेज में 96.30 प्रतिशत और आचार्य मुक्तेश हकीम रईस सरस्वती इंटर कॉलेज में 93.05 प्रतिशत मूल्यांकन कार्य अभी शेष है। जबकि शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में 1293 और एम एम इं. कालिज में 1719 कुल 3012 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शेष रह गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक का कहना है कि शेष बचा मूल्यांकन कार्य समय से पूरा करा दिया जायेगा। जिससे कि परिणामों की घोषणा में देरी न हो। शेष बची कापियों के मूल्यांकन कार्य तेज करा दिया गया है। जबकि नियमित निगरानी की जा रही है।

# रूई गोदाम में भीषण आग, शॉर्ट सर्किट की आशंका, छह दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के चकफजलपुर रोड स्थित खुब्जा इंटर प्राइस के रूई मशीन गोदाम में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा गोदाम धुएं और लपटों से घिर गया, जिससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ज्वलनशील सामग्री से विकराल हुई आग जानकारी के अनुसार उक्त गोदाम में रूई से तखिया, लिहाफ और गद्दे तैयार किए जाते थे। बड़ी मात्रा में रूई और अन्य ज्वलनशील सामग्री के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। कुछ ही समय में आग की लपटें ऊंची उठने लगीं और काले धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। छह दमकल गाड़ियों ने संभाला मोर्चा सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग की गंभीरता को देखते हुए संभल और अमरोहा से भी दो अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए। दमकल कर्मियों ने कई घंटों तक लगातार पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। कड़ी मशक्कत के बाद आग को आसपास के अन्य गोदामों और आबादी वाले क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड सी एफ ओ राजीव कुमार पाण्डेय मुरादाबाद इंस्पेक्टर ज्ञान प्रकाश शर्मा और थाना प्रभारी जसपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया और दमकल टीम को आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित कर बचाव कार्य में सहयोग किया। लाखों का हुआ नुकसान आग लगने से गोदाम में रखा तैयार और कच्चा माल पूरी तरह जलकर राख हो गया।





प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के नुकसान हुआ है हालांकि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। फिलहाल पुलिस और फायर विभाग की टीम आग लगने के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच कर रही है। राजीव कुमार पाण्डेय का कहना है कि आग शॉर्ट सर्किट से बताई जा रही है।

# अलग-अलग घटनाओं में दर्जनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने अलग-अलग मामलों को लेकर दर्जनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है पहला मामला फतेहपुर निवासी सतवीर का है सतबीर का कहना था कि उसकी पुत्री से समरपाल की पत्नी गलत बात करती थी इसकी जानकारी हुई तो उसने 14 फरवरी को समरपाल से इसकी शिकायत कर दी इससे नाराज होकर समरपाल सूरजपाल ओमपाल पुत्रगण शोभा सुरेंद्र पुत्र नेकपाल रीता पत्नी समरपाल और राजू पुत्र कलुआ एवं पुष्पा पत्नी जसवंत इकट्ठे होकर लाठी डंडों के साथ उसके घर आ गए और गाली गलौज करते हुए धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया जिससे उसे उसके भाई भतीजे पत्नी एवं परिवार के अन्य सदस्य को चोट आई समरपाल ने गंडासी से जान से मारने की नीयत से प्रहार किया जिससे उसका सर फट गया पुलिस ने मेडिकल भी कराया लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं कि पीड़ित ने वरिष्ठ अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए इसके बाद भी कार्रवाई न होने पर पीड़ित अदालत पहुंचा और उसने प्रार्थना पत्र दिया अदालत के आदेश से पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। जबकि दूसरे मामले में पदम सिंह पुत्र काले सिंह गोपालपुर का कहना था कि उसका खेत गांव से उत्तर की दिशा में लगभग 400 मीटर दूर है जहां पर उसका पक्का मकान है खेत में आम और कटहल के पेड़ लगे हुए हैं और वहीं पर जमीन जोतने का टीलर खड़ा रहता है अज्ञात चोरों ने कुछ दिन पहले उसके स्प्रिंग निकल लिए थे उसका कहना था कि इस रास्ते पर शराबियों आवारा युवकों का आना जाना लगा रहता है पुलिस ने इस मामले में अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की है।

जबकि हर किशनपुर निवासी का कहना था की 29 मार्च की रात करीब 11:00 बजे घर में सभी लोग सोए हुए थे तभी गांव का विकास पुत्र चंद्रपाल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया पता चलने पर उसने उसकी खोजबीन की लेकिन किसी ने बताया कि उसने विकास व लड़की को छजलैट में छोड़ा है पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया हैं।

## एक नजर

### विद्यामंदिर क्लासेस द्वारा नेशनल एडमिशन टेस्ट अप्रैल 2026 में आयोजित होगा

**मुरादाबाद।** विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी), जेईई (मेन व एडवांस) और नीट की तैयारी के लिए प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान, अपने फ्लैगशिप नेशनल एडमिशन टेस्ट (छाज) का आयोजन 4, 5, 11 और 12 अप्रैल को करेगा। इस टेस्ट के माध्यम से छात्रों को एडमिशन और 100% तक स्कॉलरशिप पाने का अवसर मिलेगा। यह परीक्षा कक्षा 6वीं से 12वीं में जाने वाले छात्रों के लिए है, जिससे वे वीएमसी के विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिला लेकर जेईई, नीट, ओलंपियाड्स और बोर्ड परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकेंगे। साथ ही छात्रों को मेंटॉरशिप/मोटिवेशनल सेशंस, नि:शुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, निकटतम वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहायता, वैज्ञानिक रूप से तैयार ई-स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट का लाभ मिलेगा।

वीएमसी देशभर में अपने क्लासरूम और ऑनलाइन प्रोग्राम्स के लिए इस टेस्ट के जरिए प्रतिभाशाली छात्रों का चयन करता है। विद्यामंदिर क्लासेज के सह-संस्थापक श्री बृज मोहन ने कहा कि छात्रों की जरूरतों को समझकर तैयार की गई वीएमसी की शिक्षण पद्धति ही उनकी सफलता का आधार है, जिसके चलते छात्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। विद्यामंदिर क्लासेज का उद्देश्य वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान की मजबूत नींव तैयार कर योग्य इंजीनियर और डॉक्टर बनाना है। जेईई और नीट की तैयारी करने वाले छात्रों को इस परीक्षा में अवश्य भाग लेना चाहिए। अधिक जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए www-vidyamandir.com पर जाएं।

### बाइक सवार लुटेरों ने महिला के कान से कुंडल खींचे

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के खाईखेड़ा लिंक मार्ग पर रविवार की रात दो बाइक सवार लुटेरों ने दूसरी बाइक पर बैठी महिला के कान से कुंडल खींचकर कर फरार हो गए। रामपुर टाँडा थाना क्षेत्र के बैजनी निवासी जगमोहन पत्नी के साथ बाइक से रविवार रौडा क्षेत्र में रिश्तेदारी में गए थे। वह रात करीब साढे नौ बजे घर लौट रहे थे टहानायक गांव के पास पीछे से आ रहे बाइक सवार दो लोग उनकी बाइक के पास आए और पत्नी के कान से कुंडल खींच कर मूंढापांडे की ओर भाग गए।

सूचना पर गई पुलिस ने घायल महिला को उपचार के लिए सीएचसी मूंढापांडे मे भर्ती कराया,इसके बाद पुलिस ने जंगलो में कांबिंग की गई लेकिन सफलता नहीं मिली। एसएच ओ मोहित चौधरी ने बताया कि पीड़िता के पति की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है, आगे वैधानिक कार्येवाही जारी है।

### रेलवे फाटक खराब होने से लगा जाम लोग हुए परेशान

**कांठ( शाह टाइम्स )** रेलवे के गेट नंबर 433 बी में आई खराबी के कारण जाम लग गया जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। काफी वाहन नहर के रास्ते गुजरे। बतादे की कांठ में रेलवे फाटक 433 बी पर जाम लगना तो रोजाना की बात है लेकिन कभी-कभी फाटक में आई खराबी लोगों के लिए मुसीबत का सबव भी बन जाती है आज भी यही हुआ दोपहर के वक्त रेलवे फाटक में खराबी आ गई जिसकी वजह से दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई वाहन गुजरने के कारण वाहन चालकों ने नहर का रास्ता पकड़ा और पेली बिश्नोई के फाटक से होकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए ।लोगों ने ओवर ब्रिज बनवाने या फिर अंडरपास को चालू कराने की मांग उठाई है।

### द मिल्लत स्कूल में परीक्षाफल देखकर खिले बच्चों के चेहरे, किए गए सम्मानित

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** द मिल्लत स्कूल, कांठ में सोमवार को नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या के निर्देशन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को उनके रिजल्ट कार्ड वितरित किए गए और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के टॉपर हम्माद फुरकान (कक्षा 6) ने 98.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 9 की छात्रा जोफिशा को सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति (अटेंडेंस) पुरस्कार, कक्षा 4 की छात्रा यूशा को खेलकूद पुरस्कार तथा कक्षा 6 की छात्रा फातिमा को भाषण (स्पीच) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों की उपस्थिति भी रही और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



### द्वारिकाधीश मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** द्वारिकाधीश कॉलोनी में स्थित श्री द्वारकाधीश मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। स्थापना से पहले प्रात: आठ बजे से विक्रम सिंह यादव के निर्देशन में हनुमान जी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें कॉलोनी के सभी निवासियों ने हनुमान जी को प्रसाद अर्पित किया। शोभायात्रा रामलीला मैदान से वापस होकर कॉलोनी स्थित मंदिर में आकर संपन्न हुई। मंदिर में हवन,यज्ञ आदि किया गया। यज्ञ के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कांठ नगर और देहात क्षेत्र के काफी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री द्वारकाधीश मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, नवनीत चौहान, सुनील चौहान,आदेश चौहान,पारुल चौहान,डॉ भगवान सिंह,शेर सिंह,प्रमोद चौहान, नकुल चौहान, अभिषेक विश्नोई,मनोज कुमार सहित अनेक महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।



### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षा, सम्मान हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर स्थित चौराहों आदि स्थानों पर मिशन शक्ति के बारे में महिलाओं व बालिकाओं को जानकारियां दी गई जिसमें सरकारी सीयूजी नंबर जैसे 112, 1090, 1098 आदि के बारे जानकारी दी तथा बताया कि आपात स्थिति में आप सीयूजी नंबर पर काल करके पुलिस सहायता ले सकतीं है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है। मिशन शक्ति-5.0 अभियान में उपनिरीक्षक आकाश यादव, प्रीति, अंजलि शर्मा की सहभागिता रही।

# मेराजुद्दीन मक्खन शाह रहमत उल्लाह अलैह का उर्स मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मैराज उद्दीन मकखन शाह रहमत उल्लाह अलैह सूफी जव्वाद हुसैन अएहलेबैती सज्जादानशीन मुहल्ला किसरील, नया कुंआ, मुरादाबाद में माह रजब-उल-मुजर्रब के अनुष्ठान के लिए खानकाह पर श्रृद्धालुओं की तैयारी चल रही है। हिजरी-1447 के माह रजब-उल-मुजर्रब की तिथी 13, 14 और 15 जनवरी 2026 को दिनांक 3, 4 और 5 फरवरी 2026 को सुबह सात बजे से रात आठ बजे तक नजरों-नियाज का सिलसिला जारी रहेगा। सैकड़ो लोगों ने चादर पोशी कर दुआ मांगी है और सभी अकीदतमन्द मुरीदान शिरकत करके सवाब-ए-जारिया हासिल करने के लिए तैयार हैं। खानकाह पर श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है और सभी लोग माह रजब-उल-मुजर्रब के अनुष्ठान में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। इस अवसर पर मैराज उद्दीन मकखन शाह रहमत उल्लाह अलैह सूफी जव्वाद हुसैन अएहलेबैती सज्जादानशीन ने कहा कि माह रजब-उल-मुजर्रब एक पवित्र महीना है और इस महीने में की गई दुआएं अल्लाह के दरबार में स्वीकार होती हैं।

उन्होंने सभी श्रृद्धालुओं से अपील की है कि वे खानकाह पर आकर नजरों-नियाज का सिल. सिला जारी रखें और अपने जीवन में सुख-शांति की कामना करें।

# टिमिट के बीबीए के 5 विद्यार्थियों का मोविड़ु टेक्नोलॉजी प्रा. लि. में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट के लिये आना जारी है इसी के चलते एजूक. ेशन क्षेत्र की प्रतिष्ठित मोविड़ु टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने टिमिट के बीबीए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए रिक्रूटमेंट ड्राइव का आयोजन किया इस रिक्रूटमेंट ड्राइव में बीबीए फाइनल ईयर विद्यार्थियों ने भाग लिया। कंपनी के एचआर टीम ने कम्पनी व जॉब प्रोफाइल के बारें में सम्पूर्ण जानकारी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से दी और विद्यार्थियों के 3 सिलेक्शन राउंड आयोजित किये। सभी कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से बीबीए के 5 विद्यार्थियों के नाम घोषित किये जिनके नाम क्रमश: अक्षरा जैन, आयुष जैन, सार्थक जैन, शशांक जैन व अक्षिता जैन है। जिन्हें बिजनेस डेवलपमेंट की पोस्ट पर 6 लाख के वार्षिक पैकेज पर नोएडा में ज्वाइनिंग प्रदान की है।



अक्षरा जैन आयुष जैन सार्थक जैन शशांक जैन अक्षिता जैन

यह टिमिट की गुणवत्ता का साक्षात प्रमाण है। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि वैश्विक स्तर की दिग्गज कंपनियों में कार्यप्रणाली सीखते हुए अपने सपनों को साकार करना ही एमबीए, बीबीए व बी.कॉम जैसे व्यवसायिक कोर्स का उद्देश्य होता है। टिमिट अपने सभी विद्यार्थियों को टीएमयू की परंपरा के अनुरूप रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है। विद्यार्थियों को अब बाजार में हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डायरेक्टर श्री अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई दी व कहा कि टिमिट पूरे मंडल में सर्वोत्तम है व हमारे छात्रों को उच्चतम स्तर का प्लेसमेंट दिया जा रहा है।

# गांगन नदी पर 29 करोड़ की लागत से बनेगा पुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक के ग्राम जैतीया फिरोजपुर और मुंडापांडे ब्लॉक के ग्राम जैतिया सादुल्लापुर गांव के मध्य गांगन नदी पर 29 करोड़ 7 लाख की लागत से होगा पुल का निर्माण। शासन ने गांगन नदी पर पुल, पहुँच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति देते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 करोड़ 81 लाख रूपये की धनराशि अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की। सेतु निगम शीघ्र ही भूमि अधिग्रहण और यूटिलिटी शिफ्टिंग कर निर्माण कर प्रारंभ कराएगा। जैतीया फिरोजपुर और जैतिया सादुल्लापुर के मध्य गागन नदी पर दशकों से पुल निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही थी। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने विधायक बनते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष कई बार गागन नदी पर पुल निर्माण की मांग को उठाया था। कुंदरकी विधायक के अथक प्रयासों से शासन ने पुल निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की है। जैतीया फिरोजपुर और जैतिया सादुल्लापुर गांव के लोग नदी पर पुल नहीं होने की वजह से वर्षो से परेशानी झेल रहे हैं। दरअसल, जैतिया फिरोजपुर और जैतिया सादुल्लापुर गांव से होकर गांगन नदी बहती है। नदी के एक तरफ गांव है तो दूसरी तरफ किसानों की जमीन है। इसके अलावा दर्जनों गांव के लोग इस रास्ते का इस्तेमाल मुरादाबाद जाने तथा कुंदरकी आने-जाने के लिए करते हैं। बारिश के समय में समस्या विकराल हो जाती है। ग्रामीणों को नदी के इस पार से उस पार जाने के लिए आरटीओ ऑफिस और पंडित नगला होते हुए 20 किलोमीटर का फासला तय करना पड़ता है। इसके अलावा जैतिया फिरोजपुर गांव के बच्चे पढ़ाई के लिए गांगन नदी के उस पार स्कूलों में जाते हैं। बच्चे भी गांगन नदी पार कर ही जाते हैं। इस प्रयास में कई बच्चे जान से हाथ धो बैठे थे और कई किसानों की मौत हो चुकी है। जैतिया फिरोजपुर गांव के पास ही गांगन नदी पर रेलवे का पुल है। बाढ़ की स्थिति में ग्रामीण इस पुल का उपयोग नदी पार करने के लिए कर लेते हैं लेकिन, इस प्रयास में कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। कई वर्ष पूर्व महादेव मंदिर ईंधनपुर नगला जाने के लिए पुल पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर 3 बच्चों की मौत भी हो चुकी है और कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए थे। इसके अलावा शासन ने कुंदरकी विधानसभा के अलग अलग ग्राम में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की मांग पर 5 करोड़ की लागत से 7 सड़कों के निर्माण की मांग को भी स्वीकृत करते हुए 2 करोड़ 40 लाख की अवमुक्त की। लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम घोंडा, मिलक जैतपुर, दुपेड़ा, नववानगला, मौसमपुर, मसेवी रसूलपुर और वाहपुर में शीघ्र ही प्रकिया पूरी कर सड़क निर्माण प्रारंभ कराया जाएगा। विगत 6 माह में कुंदरकी विधायक द्वारा उठाई गई मांगो में से अलग अलग विभागों से संबंधित लगभग 118 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत की जा चुकी है।

# यासीन मलिक एडवोकेट के बेटे ने क्लास किया टॉप



**शाह टाइम्स, ब्यूरो।**

**मुरादाबाद।** यासीन मलिक एडवोकेट के बेटे शुऐब मलिक ने हबीबुर रहमान एकेडमी सिरसखेड़ा मुरादाबाद में क्लास टॉप कर अपने परिवार का कद ऊंचा कर दिया है। शुऐब मलिक 7वीं कक्षा का छात्र है और उसने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। शुऐब मिलक की इस उपलब्धि से परिजनों में खुशी का माहौल है। यासीन मलिक एडवोकेट ने बताया कि शुएब ने अपनी पढ़ाई में हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है और हमें उसकी इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि शुऐब मिलक की मेहनत और समर्पण का यह परिणाम है और हमें उम्मीद है कि वह आगे भी इसी तरह अच्छा प्रदर्शन करेगा।

शुऐब मलिक के शिक्षकों ने भी उसकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि शुएब एक मेहनती और समर्पित छात्र है और उसकी इस उपलब्धि का श्रेय उसकी कड़ी मेहनत और समर्पण को जाता है। शुऐब मलिक की इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है और सभी शिक्षकों और छात्रों ने उसे बधाई दी है।

# चन्दौसी में रजिस्ट्री का लक्ष्य अधूरा, 75: राजस्व ही हुआ प्राप्त

**चन्दौसी।** उपनिबंधक कार्यालय में मंगलवार को बैनामा कराने वालों की भीड़ देखने को मिली। इसके बावजूद जनपद संभल में अग्रणी माने जाने वाला चन्दौसी रजिस्ट्री कार्यालय वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं कर सका। 31 मार्च दोपहर 1 बजे तक कार्यालय केवल लगभग 75 प्रतिशत राजस्व लक्ष्य ही हासिल कर पाया। बताया जाता है कि लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यालय लगातार सक्रिय रहा और प्रत्येक रविवार को भी कार्य जारी रखा गया। मार्च माह के अंतिम सप्ताह में विक्रय पत्रों के निष्पादन में तेजी आई, लेकिन इसके बावजूद कुल लक्ष्य का केवल तीन-चौथाई हिस्सा ही प्राप्त हो सका। उपनिबंधक कार्यालय में तैनात मनीष सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए चन्दौसी रजिस्ट्री कार्यालय को 99 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें 31 मार्च तक करीब 75 प्रतिशत की पूर्ति होने की संभावना है। बैनामों में कमी के पीछे रियल एस्टेट बाजार में चल रही मंदी को प्रमुख कारण बताया गया। अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान समय में लोग संपत्ति खरीदने की बजाय अपने धन को सुरक्षित रखने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं, जिससे प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त प्रभावित हुई है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के असर पर पूछे जाने पर रजिस्ट्रार ने कहा कि फिलहाल अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव का कोई सीधा प्रभाव नजर नहीं आ रहा है, लेकिन यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका असर पड़ सकता है। साथ ही, आगामी अप्रैल माह से सर्किल रेट में बदलाव की संभावना से भी इंकार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, अभी डाटा कलेक्शन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, इसलिए फिलहाल पुराने सर्किल रेट पर ही दस्तावेजों का पंजीकरण किया जाएगा। सोमवार को भी उपनिबंधक कार्यालय में बैनामा कराने वालों की भीड़ रही, जिससे अंतिम दिनों में राजस्व बढ़ाने के प्रयास तेज नजर आए।

# भगवान महावीर की पालकी यात्रा में टीएमयू की आस्थामय डुबकी

24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव में श्रीजी का अभिषेक और शांति धारा का सौभाग्य कुलाधिपति परिवार के संग-संग कुलपति, फैकल्टीज व श्रावक-श्राविकाओं को प्राप्त हुआ, रिद्धि-सिद्धि भवन में शाम को झुलाया गया पालना एवम् 1008 दीपों की हुई महाआरती







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के संग हुआ, जिसमें कुलाधिपति परिवार- श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, सुश्री नंदिनी जैन समेत रंग-बिरंगे परिधानों में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं, शिक्षकों आदि ने भाग लिया। जन्मोत्सव का शुभारम्भ महावीर भगवान जयन्ती की पूर्व संध्या पर वर्धमान वंदना से हुआ, जबकि जिनालय से विधि-विधान पूर्वक प्रात: काल भगवान महावीर की पालकी यात्रा पूरे उल्लास और भक्ति भाव के साथ कैंपस में निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के संग नृत्य करके वातावरण को भक्तिमय बना दिया। एडमिन ब्लॉक में कुलाधिपति परिवार के संग-संग शिक्षकों ने श्रीजी की सामूहिक आरती की, जिसके बाद श्रीजी की शोभायात्रा को रिद्धि-सिद्धि भवन लाया गया। जगह-जगह श्रावक-श्राविकाओं के लिए गन्ने के रस और शिकंजी की व्यवस्था थी। रिद्धि-सिद्धि भवन में श्रीजी का अभिषेक और शांति धारा का परम सौभाग्य कुलाधिपति परिवार, कुल. पति, फैकल्टीज और श्रावक-श्राविकाओं को प्राप्त हुआ। दूसरी ओर शाम के समय पालना झुलाया गया एवम् 1008 दीपों से महाआरती हुई, जिसमें पालना झुलाने का सौभाग्य कुलाधिपति परिवार को मिला। पालकी यात्रा के दौरान भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और त्याग के संदेश गूंजते रहे। पालकी यात्रा में डॉ. रवि जैन, प्रो. विपिन जैन, डॉ. विपिन जैन, डॉ. कल्पना जैन, डॉ. आशीष सिंघई, डॉ. विभोर जैन, श्री मनोज जैन, डॉ. पवन जैन, डॉ. करुणा जैन, श्रीमती नीलिमा जैन, डॉ. अर्चना जैन, श्रीमती अहिंसा जैन, श्रीमती अंजलि सिंघई, श्री संजय जैन, श्री आदित्य जैन के अलावा सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

## अधिवक्ता के घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप, अधिवक्ता ने पुलिस को दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** नगर क्षेत्र में दबंगों द्वारा उसकी गैर मजबूत की में अधिवक्ता के घर में घुसकर गाली–गलौज, धमकी और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता ने कोतवाली ठाकुरद्वारा में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। नगर के पीपल टोला निवासी अधिवक्ता शर्वेन्द्र शर्मा उर्फ साजन शर्मा ने कोतवाल पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि 29 मार्च को वह करनपुर स्थित कार्यक्रम में गए थे उनके पड़ोस में रहने वाले दोपहर 12.00 के आसपास तीन लोग जबरन उनके घर में घुस आए। आरोप है कि दोनों ने घर में घुसकर गाली–गलौज की और उनकी पत्नी व सास को जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने घर में रखे सामान को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित अधिवक्ता का कहना है कि घटना के बाद से उसका परिवार भयभीत है और आरोपियों से जान–माल का खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में घटना से संबंधित मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए हैं और प्रशासन से शीघ्र न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। अब देखना यह होगा कि पीड़ित को कब तक न्याय मिल पाता है और आरोपियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

## ईदगाह की जमीन पर खड़े 150 पेड़ों पर विवाद, पेड़ काटने के प्रयास का आरोप

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोघर स्थित ईदगाह की जमीन को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। प्रकरण में प्रार्थी ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन को प्रार्थना पत्र भेजकर वक्फ संपत्ति पर अवैध रूप से पेड़ काटने के प्रयास का आरोप केसंबंध में पुलिस ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायी है। थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सुरजन नगर के गांव रामपुर घोंघर निवासी मोहम्मद कासिम पुत्रअब्दुल रहीम ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर शिकायत में कहा कि गाँव के एकवे में वक्फ नंबर 5529 की जमीन पर करीब 150 यूकेलिप्टिस के पेड़ खड़े हैं, आरोप है कि गांव के ही इन्तेजार प्रधान नामक व्यक्ति ने इन पेड़ों को बेचने और कटवाने का प्रयास किया, जिसे प्रार्थी ने आपराधिक कृत्य करार दिया है। प्रार्थी का कहना है कि यह भूमि वक्फ संपत्ति होने के कारण इसकी देखरेख और उपयोग निर्धारित नियमों के अंतर्गत होना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद पेड़ों को काटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। इस संबंध में प्रार्थी ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए इन्तेजार प्रधान एवं उसके सहयोगियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। साथ ही ईदगाह की जमीन पर खड़े पेड़ों को सुरक्षित रखने और कटान पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है ।

## सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह संपन्न, डॉ. शैफाली सिंह ने बांटे पुरस्कार

**ठाकुरद्वारा।** विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल सत्र 2025–26 का वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली सिंह उपस्थित रहीं। समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने सभी अतिथियों एवं पधारे अभिभावकों का परिचय कराकर की। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. शैफाली सिंह ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा वर्षभर में शत–प्रतिशत उपस्थिति रहने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. शैफाली सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए निरंतर प्रयासरत रहना आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय को एक स्मार्ट बोर्ड दान करने का भी संकल्प लिया, जिससे बच्चों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मदद मिलेगी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सुनील अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, संजय सिंघल, तरुण सहित समस्त प्रबंध समिति के सदस्य एवं विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित रहे। उनका सराहनीय सहयोग समारोह की सफलता में महत्वपूर्ण रहा।

## घर में घुसकर दो युवकों पर जानलेवा हमला गंभीर घायल–पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** घर में घुसकर दो युवकों पर लाठी–डंडों व धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राघुवाला निवासी हनीफ पत्नी भूरा ने कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 30 मार्च 2026 की रात करीब 9 बजे उनके पुत्र अनीस और सलमान घर पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही नईम पुत्र अकबर, सारिक, आरिफ, सोनू और आसियान पुत्रगण नईम उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसते ही गाली–गलौज शुरू कर दी और लाठी–डंडों, जवल व गड़ासी से अनीस और सलमान पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर–शराबा सुनकर परिवार के अन्य सदस्य और पड़ोसी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने बीच–बचाव कर दोनों को बचाया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार, दोनों घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नगर में बदला बिजली कटौती व जलापूर्ति का समय

**ठाकुरद्वारा।** नगरवासियों के लिए जरूरी सूचना जारी करते हुए बिजली विभाग और नगरपालिका परिषद ने 1 अप्रैल 2026 से बिजली कटौती (रोस्टिंग) और जलापूर्ति के समय में बदलाव कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार नागरिकों से अपने दैनिक कार्य निर्धारित समय के अनुसार करने की अपील की गई है। बिजली विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार अब ठाकुरद्वारा टाउन में प्रतिदिन सुबह 6.15 बजे से 7.45 बजे तक तथा दोपहर 3.30 बजे से 4.30 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। विभाग ने लोगों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा है कि वे इस समय के अनुसार अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें। वहीं, नगरपालिका परिषद ठाकुरद्वारा ने भी जलापूर्ति के समय में बदलाव किया है। नई व्यवस्था के तहत अब नगर में सुबह 8.00 बजे से 8.45 बजे तक तथा दोपहर 1.00 बजे से 1.45 बजे तक पानी की सप्लाई की जाएगी नगरपालिका ने नागरिकों से अपील की है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591–2313314
मुख्यालय:
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**न्यायालय श्रीमान लघुवाद न्यायाधीश, मुरादाबाद।**
**वाद संख्या: –177/2024**
**तारीख पेशी: 06.04.2026**
**श्रीमती अनीता बनाम प्रशान्त**

श्रीमती अनीता देवी पत्नि यशपाल सिंह निवासी एस.एन.डी. स्कूल के पास लंकाबाद, गोविन्द नगर थाना कटघर शहर व जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

1. प्रशांत पुत्र यशपाल सिंह, 2. श्रीमती आरती पत्नी प्रशांत निवासी गण एस.एन.डी. स्कूल के पास लंकाबाद, गोविन्द नगर थाना कटघर शहर व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में आवेदन किया है कि **बेदखली हेतु** अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 04 के 06 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रुपए अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 03 के 31 दिवस को निकाली गई।

**प्रबंधक /वाद लिपिक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद–मुरादाबाद।**

## देवर–देवरानी ने पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** रुस्तमनगर की रहने वाली साजिया पत्नी रहीश अहमद ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसके पति रईस अहमद ने बैनामे द्वारा एक जगह खरीद कर पावरलूम का छोटा कारखाना लगा रखा था। जिसमें किसी का कोई हिस्सा आदि नहीं है। उसके देवर तौफीक व उसकी पत्नी चमन 27 मार्च को 12 बजे कारखाने में आ गए। इस बीच दोनों ने गाली गलौज शुरू करके मारपीट शुरू कर दी। कहा कि कारखाने से निकलो। जब कहा कि कारखाने से तुम्हारा क्या मतलब है। तब लात घूसों से बुरी तरह से पीटा और उसके पति को लोहे की रोड से मारकर घायल कर दिया। जिससे उसके पति बुरी तरह से घायल हो गए। तहरीर के बाद पुलिस ने देवर तौफीक व देवरानी चमन पर मुकदमा दर्ज किया है।

# पेड़ पर फंदे से लटका मिला युवक का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**मुरादाबाद।** जनपद के सोनकपुर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वहीं, मृतक के परिजनों ने इसे हत्या का मामला बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं।मृतक की पहचान उदयपुर नरौली गांव निवासी मनीष के रूप में हुई है।

परिवार के मुताबिक, मनीष करीब तीन दिन पहले अपने ससुराल गेहूं की कटाई के लिए गया था, लेकिन इसके बाद से वह अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजन चिंतित हो गए। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। मौके पर पहुंचकर परिजनों ने शव की पहचान मनीष के रूप में की।

घटना के बाद परिवार में मातम



पसर गया। मृतक की पत्नी कमानी ने आरोप लगाया कि मनीष कुछ समय से मानसिक दबाव में था। उसने बताया कि एक दिन पहले आए फोन कॉल के बाद वह काफी परेशान हो गया था। पत्नी का आरोप है कि उसके मायके पक्ष के कुछ लोगों द्वारा मनीष को लगातार धमकियां दी जा रही थीं, जिससे वह तनाव में था।

कमानी ने आशंका जताई कि उसके पति की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है, ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके। उसने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और तरह–तरह की चर्चाएं जारी हैं।

# दिल्ली हाईवे पर सड़क हादसे में पति–पत्नी की मौत, मासूम बेटा हुआ गंभीर रूप से घायल

**मुरादाबाद।** जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दंपती की मौत हो गई, जबकि उनका छह वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे का इलाज टीएमयू अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार अमरोहा जनपद के डिडौली थाना क्षेत्र के ककराली गांव निवासी मसरूर (40) अपनी पत्नी रौनक परवीन (38) और बेटे अरहम के साथ रिश्तेदारी से लौट रहे थे।वह सीलपुर कुंदरकी से बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे।इसी दौरान दिल्ली हाईवे पर एक सीएनजी पंप के पास, डिजाइनको कंपनी के सामने हादसा



हो गया। बताया जा रहा है कि आगे चल रहे टाटा 407 वाहन को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे चल रही मसरूर की बाइक अनियंत्रित होकर सीधे टाटा 407 में जा टकराई।हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मसरूर को मृत घोषित कर दिया। कुछ देर बाद उनकी पत्नी रौनक परवीन ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं बेटे अरहम का इलाज जारी है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था बहाल कराई गई। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है। इस हादसे के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

# भोजपुर क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के अपहरण से सनसनी, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी के कथित अपहरण का मामला सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 30 मार्च की तड़के करीब तीन बजे की बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि गांव के ही चार युवक कार से उनके घर के पास पहुंचे और उनकी लगभग 16 वर्षीय बेटी को जबरन अपने साथ ले गए। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पूरी घटना अपनी आंखों से देखी और विरोध भी किया, लेकिन आरोपियों ने धमकाते हुए किशोरी को कार में बैठाकर फरार हो गए। घटना के बाद परिवार में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। केस की विवेचना उपनिरीक्षक जुगेन्द्र तेवतिया कर रहे हैं। पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि नाबालिग किशोरी की सकुशल बरामदगी प्राथमिकता में है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ग्रामीणों में रोष घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात कही है।

## जीएनएम की छात्रा को शादी का झांसा देकर रेप करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव की रहने वाली युवती जोकि मेरठ में जीएनएम का कोर्स कर रही थी। वहीं सहपाठी भी कोर्स कर रहा था। उसने शादी का झांसा दिया और उसके साथ रेप किया। वहीं परिवार के लोगों की मौजूदगी में गोद भराई की रस्म भी अदा की, अब शादी से इनकार कर रहा है। युवती की तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था पुलिस ने आरोपी गुड्डू को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। वही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने पर एससी एक्ट का भी मामला बढ़ाया गया है। बिलारी के गांव की रहने वाली युवती ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह मेरठ से जीएनएम का कोर्स कर रही थी, उसके साथ कॉलेज में गुड्डू पुत्र राजेंद्र निवासी मुकालमपुरा थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर भी पढ़ता था। उसने शादी का प्रस्ताव रखा, सहमति के बाद 2 मई को गुड्डू के परिवार के लोग घर आए और गोद भराई की रस्म की। 2 लाख नगद तथा तीन लाख अलग से खर्चा आया। इस बीच गुड्डू ने घर जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। वही मेरठ सहित कई स्थानों पर ले गया। अब वह शादी से इनकार कर रहा है। कई बार वार्ता हुई, लेकिन उसने शादी से इनकार कर दिया था। पुलिस ने टिहरी के बाद मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जिसके बाद पुलिस ने आरोपी गुड्डू कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## फांसी पर लटके युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**ठाकुरद्वारा।** नगर क्षेत्र में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के प्रयास के बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है। नगर निवासी छात्र तो एक कॉलेज में इंटरमीडिएट का छात्र था, को सोमवार दोपहर परिजनों द्वारा किसी बात पर डांट–फटकार लगाई गई थी। इसके बाद वह करीब 3.30 बजे अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर फांसी के फंदे पर झूल गया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर परिजनों को संदेह हुआ। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो युवक फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन तत्काल उसे नीचे उतारकर उपचार के लिए काशीपुर (उत्तराखंड) स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई थी।

## राम रतन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राम किशन की सेवानिवृत्ति पर हुआ विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के स्टेशन रोड स्थित रामरतन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राम किशन के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ। उनके स्थान पर पुष्पेंद्र सिंह राम रतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बने। मंगलवार को राम रतन इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रामकिशन के रिटायर होने पर एक विदाई समारोह हुआ। जिसमें पूर्व में रहे हरीश कुमार सोलंकी को भी स्टाफ ने खुशी–खुशी विदाई दी। वहीं पूर्व प्रधानाचार्य हरीश कुमार सोलंकी को भी विदाई दी गई। दोनों प्रधानाचार्य की विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नगलिया जट्ट के प्रधानाचार्य रघुपति देव ,प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य रामकिशन, पूर्व प्रधानाचार्य हरीश कुमार सोलंकी ,पूर्व वरिष्ठ लिपिक अशोक माथुर, भारतेंदु मिश्रा, अक्षय कुमार भटनागर ,जीआईसी शाहबाद की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा, राम अवतार, वरिष्ठ प्रवक्ता रामवीर सिंह, रण विजय सिंह आदि सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## शासन के नामित सभासदों को आज एसडीएम दिलाएंगे पद व गोपनीयता की शपथ

**बिलारी।** शासन द्वारा नामित किए गए पांच सभासदों को आज पालिका सभागार में एसडीएम विनय कुमार सिंह पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही है। शासन ने भाजपा की ओर से पांच सभासदों को नामित किया है। जिसमें भाजपा नेत्री गीता कोहली, श्रीकांत गुप्ता, मनोज ठाकुर, दिनेश प्रजापति, हेमंत शर्मा के सभासद होने की घोषणा की। सभी सभासदों को आज बिलारी के पालिका सभागार में दोपहर 2:30 बजे एसडीएम विनय कुमार सिंह पद व गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना सं०: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-27 दिनांक : 30.03.2026**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर न. | T-02-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल में ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइनों को अंडरग्राउंड केबलों से बदलना (चरण–II) |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 21.04.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | 1,44,02,617.58/- (Including GST @ 18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | 2,22,000/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 9 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in<br>Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1082/2026

**खोया–पाया सूचना**

एक किता मूल बयनामा बही संख्या–1, जिल्द 2861 पृष्ठ 313/336, क्रमांक 2538, दिनांक 26.03.2011 को रजि० हुआ था जिसका मौजा मौहल्ला बाजार मध्य चन्द्रवाटिका वार्ड नं 12 कस्बा बिलारी तह बिलारी जिला मुरादाबाद जो कि प्रदीप लाल पुत्र स्व: उमाशंकर लाल ने मौहम्मद अकरम पुत्र अख्तर हुसैन के हक में निष्पादित किया था जो कि वास्तव में कही खो गया है, जिसका प्रयोग अवैध होगा। उक्त के सम्बन्ध में प्रकाशन से सात दिन के अन्दर सम्पर्क स्थापित करे, उसके उपरान्त उक्त के सबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**PRADEEP KUMAR GUPTA**
**(Advocate)**
**Mobile No- 9837781229**

**बेदखली सूचना**

हमने अपनी पुत्री व भतीजी समरीन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में समरीन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद हम बाबू खां, मुनव्वर खां व असमत जहां से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **बांबू खां व मुनव्वर खां पुत्रगण छोटे खान व श्रीमति असमत जहां पत्नी बाबू खां निवासीगण कासदी टोला थाना मुगलपुरा तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**खोया–पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0621241 का द्वितीय प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **डेविड कुमार कश्यप पुत्र भीष्म सिंह निवासी ग्राम बहापुर नाजरपुर पट्टी पोस्ट सुरजन नगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

**खोया–पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0831927 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2015 अनुर्क्रमांक 0577781 का प्रमाण पत्र–सह–अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **छीपू कुमार पुत्र होराम सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट तालमपुर शेरपुर पट्टी ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

## एक नजर



## अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में लगी भीषण आग, 4–5 बीघा फसल जलकर राख

**ठाकुरद्वारा।** रामनगर खागुवाला गांव में मंगलवार दोपहर अचानक गेहूं के खेत में भीषण आग लग गई, जिससे करीब 4 से 5 बीघा फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर खागुवाला निवासी राकेश पुत्र छत्रपाल सिंह, संपत राय पुत्र गंगाराम और सतीश पुत्र रतन कुमार के गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की खड़ी फसल को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम तत्काल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। काफी देर तक चले संयुक्त प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन लगभग 4 से 5 बीघा गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई है।फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है, वहीं किसान प्रशासन से मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

## महावीर जन्मोत्सव पर हुआ मस्तकाभिषेक गाजे–बाजे के साथ निकली पालकी यात्रा



**कुंदरकी।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर कुंदरकी एवं गांव हरियाना के जैन मंदिरो मे मस्तकाभिषेक, पंचामृत और शांतिधारा का आयोजन किया गया। गांव हरियाना मे प्रात: पालकी यात्रा एवं गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। यात्रा गांव में भ्रमण कर श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आकर संपन्न हुई। यात्रा मे भगवान महावीर के संदेश लिखित तख्तियां लिए महिलाएं और बच्चे बच्चियां यात्रा में आगे आगे चल रही थीं जिन्हें देखने के लिए सड़क के दोनों किनारे लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी। कुलवंत राय जैन ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी ने जिओ और जीने दो का संदेश दिया। धर्म का मूल मंत्र अहिंसा परमो धर्म: है और सभी को इस मार्ग पर चलना चाहिए। पूनम जैन, चीनू जैन, ने बताया कि भगवान महावीर ने दुनिया को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ाया भगवान महावीर ने अपने प्रवचनो में धर्म, सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह और क्षमा पर सबसे अधिक जोर दिया था। उधर देर शाम को श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में विशेष आरती एवं भक्ति संध्या का आयोजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर सकल जैन समाज शामिल रहे।

## थाने में भाकियू टिकैत का धरना पुलिस पर अभद्रता का आरोप



**कुन्दरकी।**मुरादाबाद जनपद के कुन्दरकी थाने में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओ का आरोप है कल थाना परिसर में धरना देने के लिए पाल बिछाकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुरू किया। लेकिन आरोप है कि थाना प्रभारी और पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पाल को हटाते हुए उसे फेंक दिया। इस कार्रवाई से नाराज किसानों का गुस्सा बढ़ गया और उन्होंने वहीं थाने में बैठकर जोरदार धरना शुरू कर दिया। कल किसान यूनियन के केंद्रीय कार्यालय से राकेश टिकैत की उड़ीसा में हुई गिरफ्तारी को लेकर प्रदेश भर के थानों में धन्य प्रदर्शन का आह्वान किया गया था थाने में जैसे ही किसान यूनियन के लोग पहुंचे तो उनका आरोप है उन्होंने उनके साथ अभरदता की हालांकि आश्वासन मिलने के बाद किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने अपना धरना समाप्त कर दिया। पूरे घटनाक्रम के दौरान थाना परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

# अवैध खनन पर पुलिस–प्रशासन की मिलीभगत के आरोप

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार बेरोकटोक जारी है। नदी के किनारों और उपजाऊ खेतों से बिना किसी अनुमति के मिट्टी और रेत का उत्खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन के आंखें देखते भी यह सब हो रहा है, जिससे साफ है कि अवैध खनन कारोबारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच मिलीभगत है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि दिनदहाड़े बिना नंबरों के डंपर उपजाऊ खेतों से मिट्टी उठाकर ले जा रहे हैं। आरोप है कि यह कारोबारी ना सिर्फ बिना परमिट के मिट्टी निकाल रहे हैं, बल्कि नो एंट्री जैसे नियमों का भी उल्लंघन कर रहे हैं। डंपर सड़कों पर इस तरह दौड़ रहे हैं मानो उनके खिलाफ कोई कानून ही न हो। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस और खनन विभाग के अधिकारी इन कारोबारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लोगों को आशंका है कि प्रशासनिक अधिकारी खुद इन कारोबारियों के साथ मिले हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जब इन कारोबारियों से परमिट दिखाने को कहा जाता है तो वे टालमटोल करते हैं या यह कहकर लोगों को गुमराह करते हैं कि लखनऊ से मिटटी उठाने की अनुमति मिली हुई है, लेकिन कोई भी कारोबारी इसका कोई लिखित साक्ष्य पेश करने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट आदेश दिए हैं कि बिना राजस्व शुल्क जमा किए मिट्टी उठाना अवैध खनन की श्रेणी में आता है और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन यहां इसके उलट अवैध खनन को बढ़ावा दिया जा रहा है। क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि जब तक इन अवैध कारोबारियों और उनके संरक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक इससे मुक्ति नहीं मिल सकती। अवैध खनन का सबसे बुरा असर पर्यावरण पर पड़ रहा है। उपजाऊ मिट्टी के उठने से खेत बंजर होते जा रहे हैं, वहीं डंपरों की आवाजाही से ध्वनि प्रदूषण और धूल से वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वह अपनी कार्यप्रणाली में बदलाव लाते हुए अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें और क्षेत्र में शासन की सख्ती लागू करें। ठाकुरद्वारा सुरजननगर मार्ग पर कुढ़का नदी के किनारे एक खाली खेत में दिन के उजाले में बिना किसी अनुमति के मिटटी का भराव किया जा रहा है। जबकि यह मिटटी किसी उपजाऊ खेत से बिना राजस्व शुल्क जमा किए उठाई जा रही है । बतादे कि अगर कोई किसान अपने खेत से बिना किसी अनुमति के मिटटी उठाकर अपनी जरूरत के लिए लाता तो खनन अधिकारी , स्थानीय प्रशासन उस भोले भाले किसान की ट्रैक्टर ट्राली पकड़कर कोतवाली ले आते है।

उसके खिलाफ अवैध खनन के आरोप में कार्रवाई करते है। लेकिन आज तक किसी खनन कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई नही की गई।

# IPL: गुजरात ने पंजाब को 163 का टारगेट दिया

## शुभमन गिल ने 39, बटलर ने 38 रन बनाए, विजय कुमार वैशाख ने 3 विकेट लिए

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल के चौथे मैच में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 163 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर में पंजाब ने बालिंग चुनी। गुजरात ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए। पंजाब से विजयकुमार वैशाख ने 3 और युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए।

अर्शदीप सिंह ने 20वें ओवर में 11 गेंदें फेंकी। ओवर में 4 वाइड और 1 नो-बाल शामिल रहीं। यह आईपीएल के किसी एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें फेंकने के रिकार्ड की बराबरी रही। 19वें ओवर में विजयकुमार वैशाख ने 2 विकेट लिए। ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने शाहरुख खान को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराया। शाहरुख 4 रन ही बना सके। वैशाख ने वाशिंगटन सुंदर और ग्लेन फिलिप्स को भी पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में गुजरात ने पांचवां विकेट गंवाया।



ओवर की पहली बाल विजयकुमार वैशाख ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। वाशिंगटन सुंदर ने शाट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। वे 18 रन ही बना सके। 18 ओवर के बाद गुजरात ने 4 विकेट खोकर 144 रन बना लिए। टीम से वाशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान पिच पर मौजूद रहे। 16वें ओवर में गुजरात ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फेंकी। जोस बटलर ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला, लेकिन लान्ग आन पर जैवियर बार्टलेट के हाथों कैच हो गए। बटलर ने 38 रन बनाए। 14वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बाल विजयकुमार वैशाख ने फुलर लेंथ फेंकी। ग्लेन फिलिप्स ने सामने की ओर शाट खेला, लेकिन लान्ग आफ पर मार्को यानसन के हाथों कैच हो गए। फिलिप्स ने 17 गेंद पर 25 रन बनाए। 12वें ओवर में गुजरात टाइटंस ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। ग्लेन फिलिप्स ने युजवेंद्र चहल के खिलाफ चौका लगाया और टीम के 100 रन पूरे करा दिए। 10वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। शुभमन गिल ने स्लाग स्वीप खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। शुभमन ने 39 रन बनाए। युजवेंद्र चहल ने मिडिल ओवर्स में पंजाब को पहला विकेट दिलाया। गुजरात टाइटंस ने 7वें ओवर में पारी का पहला छक्का लगाया। जोस बटलर ने विजयकुमार वैशाख की स्लोअर गेंद को सामने की दिशा में बाउंड्री के बाहर भेज दिया। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। टीम ने 6 ओवर में एक भी छक्का लगाए बिना 54 रन बना लिए। जोस बटलर और कप्तान शुभमन गिल पिच पर मौजूद रहे। वहीं साई सुदर्शन 13 रन बनाकर आउट हुए। चौथे ओवर में पहली बार बालिंग करने आए मार्को यानसन ने पंजाब को पहला विकेट दिलाया। ओवर की चौथी बाल उन्होंने गुड लेंथ पर फेंकी। साई सुदर्शन हवा में शाट खेलने गए, लेकिन मिड आफ पर कैच हो गए। उन्होंने 11 गेंद पर 13 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 3 ओवर में 35 रन बना लिए। शुभमन गिल और साई सुदर्शन हर ओवर में औसतन 12 रन बना रहे हैं। गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ पहले ओवर में 9 रन बनाए।

# फखर पर बॉल टैंपरिंग के लिए लगा दो मैच का बैन

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि टूर्नामेंट के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 3 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद फखर जमान को पीएसएल 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आरोप आर्टिकल 2-14 के उल्लंघन से जुड़ा है, जो 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के मैच के दौरान गेंद की हालत बदलने से जुड़ा है।

यह घटना मैच के आखिरी समय में हुई जब ऑन-फील्ड अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पांच रन की पेनल्टी लगाई और कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद बदलने का आदेश दिया। फखर पर ऑन-फील्ड अंपायर शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी के साथ-साथ टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाए। उन्होंने गलती से इनकार किया और आरोप का विरोध करने का विकल्प चुना,

जिसके कारण पूरी डिसिप्लिनरी सुनवाई हुई। सुनवाई करने वाले मैच रेफरी रोशन महानामा ने सबूतों की समीक्षा करने और फखर की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया। लाहौर कलंदर के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, टीम डायरेक्टर समीन राणा और मैनेजर फारूक अनवर कार्रवाई के दौरान मौजूद थे। लेवल 3 के नियम तोड़ने पर कम से कम एक मैच का बैन से लेकर ज्यादा से ज्यादा दो मैच का बैन लग सकता है, जिसमें फखर को पेनल्टी की ऊपरी लिमिट दी जाती है। अब वह 3 अप्रैल को लाहौर में मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के आने वाले मैच और 9 अप्रैल को कराची में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे।

# आज पावरप्ले का फायदा उठाने का मौका था: वैभव सूर्यवंशी

**गुवाहाटी, वार्ता।** अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत 15 गेंदों में अर्धशतक से की, जो इसलिए भी खास था क्योंकि उसी पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स सिर्फ 127 रन पर ऑलआउट हो गई थी। सूर्यवंशी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की योजना पावरप्ले का पूरा फायदा उठाने की थी, इसलिए उन्होंने आक्रामक अंदाज अपनाया।

राजस्थान की आठ विकेट की जीत के बाद सूर्यवंशी ने कहा कि हमारी योजना थी कि हम पावरप्ले को अच्छी तरह एगजिक्यूट करें। शुरुआत में विकेट थोड़ा धीमा लग रहा था, लेकिन बाद में गेंद पुरानी होने पर बल्ले पर अच्छे से आने लगी। मैं डिफेंस के बारे में भी सोचता हूं, लेकिन आज हमारा प्लान पावरप्ले में खेलने का था। छोटे टारगेट में मैच पावरप्ले में ही तय हो जाता है। अगर बॉलिंग टीम पावरप्ले में अच्छा करती, तो मैच उनके पक्ष में जा सकता था। लेकिन हम सभी ने पूरी तरह अटैक किया और हमारा पावरप्ले अच्छा गया। सूर्यवंशी को पहली ही गेंद पर सीएसके के डेब्यू खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने



कैच छोड़ दिया था, जो डीप मिडविकेट पर एक मुश्किल मौका था। उन्होंने पावरप्ले खत्म होने तक 16 गेंदों में 52 रन बना लिए, जिसमें पांच छक्के और चार चौके शामिल थे। आरआर का स्कोर 6 ओवर में 70 रन था। उन्होंने कहा कि आरआर मैनेजमेंट ने उन्हें अपना नेचुरल गेम खेलने की आजादी दी और सीजन से पहले उनकी तैयारी भी अच्छी रही। उन्होंने बस कहा कि हम तुम्हें सपोर्ट कर रहे हैं, तुम अपना नेचुरल गेम खेलो।

# ऋषभ पंत-केएल राहुल में होगी दिलचस्प जंग

### IPL 2026: लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच आज हाई-इंटेंसिटी मुकाबला

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल 2026 में बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाला मुक. ाबला एक हाई-इंटेंसिटी मुकाबला होगा, जिसमें स्टार्स का रीयूनियन, इंडिविजुअल मैचअप और अलग-अलग टैक्टिकल अप्रोच होंगे। दोनों टीमों में मजबूत इंटरनेशनल प्लेयर्स और डायनामिक इंडियन टैलेंट होने के कारण, कल का मैच आम इकाना कंडीशंस में काफी करीबी होने की उम्मीद है,

जो अक्सर स्पिन और डिसिप्लिन्ड बॉलिंग के लिए फायदेमंद होती हैं। एक बड़ी स्टोरीलाइन उन खास प्लेयर्स के रीयूनियन के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने पहले ड्रेसिंग रूम शेयर किया है। ऋषभ पंत, जो अब लखनऊ सुपर जायंट्स को





लीड कर रहे हैं,

अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेंगे, जबकि केएल राहुल, जो एलएसजी के पुराने खिलाड़ी थे, अब दिल्ली कैपिटल्स को रिप्रेजेंट करेंगे। इससे मुकाबले में एक इमोशनल पहलू जुड़ जाता है, क्योंकि दोनों प्लेयर्स लीडरशिप की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और एक-दूसरे के गेम प्लान से अच्छी तरह वाकिफ हैं। एक और मेन थीम एग्रेसिव बैटिंग और स्पिन डॉमिनेंस के बीच की लड़ाई है। निकोलस पूरन से बीच के ओवरों में अपने अटैकिग स्ट्रोक प्ले से एलएसजी के लिए अहम रोल निभाने की उम्मीद है। दिल्ली कैपिटल्स अपने मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव के साथ मुकाबला करेगी, जिनकी वैरिएशन और विकेट लेने की काबिलियत उस पिच पर अहम साबित हो सकती है, जो आमतौर पर धीमे गेंदबाजों को मदद देती है। लखनऊ एक टॉप-हैवी टीम लगती है, जिसके ऊपरी ऑर्डर में काफी फायरपावर है। मिचेल मार्श, एडेन मार्करम, पंत और पूरन का कॉम्बिनेशन धमाकेदार पोटेंशियल देता है। अनुभवी पेसर मोहम्मद शमी और एनरिक नोर्त्जे को शामिल करने से उनका बॉलिंग अटैक मजबूत हुआ है, जो पेस, एक्यूरेसी और डेथ ओवर में एक्सपर्ट हैं। दूसरी ओर, दिल्ली टॉप और मिडिल ऑर्डर दोनों में डेप्थ के साथ ज्यादा बैलेंस्ड बैटिग यूनिट देती है। नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर स्टेबिलिटी और फिनिशिग स्ट्रेंथ देते हैं, जो टॉप पर केएल राहुल की कंसिस्टेंसी को पूरा करते हैं। अक्षर पटेल के ऑलराउंड योगदान से बैटिग और बॉलिंग दोनों डिपार्टमेंट में उनकी फ्लेक्सिबिलिटी और बढ़ जाती है।

**खेल विशेष**

### क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नामीबिया के कप्तान होंगे स्मिट

**विडहोक, वार्ता।** क्रिकेट नामीबिया ने कन्फर्म किया है कि ऑलराउंडर जोहान्स जोनाथन स्मिट आने वाली आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नेशनल टीम के कप्तान होंगे, जो 2 से 12 अप्रैल तक यहां होगी। नामीबिया वनडे इंटरनेशनल सीरीज में ओमान और स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा, जो वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन का एक अहम रास्ता है। स्मिट, जो वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे थे, यह रोल तब संभालेंगे जब लंबे समय से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस कप्तानी की ड्यूटी से ब्रेक लेंगे। स्मिट ने कहा कि मैं बस मैदान पर जाकर अपने क्रिकेट का मजा लेना चाहता हूं, और मुझे उम्मीद है कि यह आराम मेरी सबसे ज्यादा काबिलियत को बाहर निकाल पाएगा। मेरा टैक्टिकल इनपुट अभी भी उपलब्ध रहेगा, और मैं टीम को सपोर्ट करने के लिए वहां रहूंगा।

### वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप में चीन ने 13 गोल्ड जीते

**तियानजिन, वार्ता।** 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। हांगकांग,13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस साल के इवेंट में 78 देशों और क्षेत्रों के कुल 1,179 पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया, जो इसे टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा बनाता है। 16 डेलीगेशन्स ने गोल्ड मेडल जीते, जबकि 29 पोडियम पर पहुंचे, जो इस खेल की बढ़ती ग्लोबल पहुंच और बढ़ते कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है। इंटरनेशनल वुशु फेडरेशन के सेक्रेटरी-जनरल झांग यूपिग ने कहा कि दुनिया भर के युवाओं के बीच वुशु की पॉपुलैरिटी और असर एक नए लेवल पर पहुंच गया है।

# 'सीएसके छोड़ना इमोशनल था': जडेजा

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2026 के अपने पहले गेम में आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जियो हॉटस्टार के 'गूगल सर्च एआई मोड मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, आरआर के रवींद्र जडेजा ने जियो स्टार एक्सपर्ट अनिल कुंबले और सुरेश रैना से सीएसके से बाहर होने, आरआर की शुरुआती बॉलिंग और टीम की ऑलराउंड ताकत पर अपने विचार साझा किए।

जडेजा ने सीएसके से अपने इमोशनल जाने के बारे में कहा, ष्मुझे पिंक कलर पसंद आ रहा है। पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं बस मजाक कर रहा हूं। जाहिर है, सीएसके जैसी फेंच. इजी छोड़ना, जहां मैंने 12-13 साल खेला था, शुरू में थोड़ा मुश्किल था। यह बहुत इमोशनल था। लेकिन मैंने खुद से कहा कि इस तरह के बदलाव भी सफर का हिस्सा हैं। अच्छी बात यह थी कि



मैं अब उस टीम के साथ हूं जहां मैंने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता था। वह याद हमेशा मेरे साथ रही है, कि अंडर-19 वर्ल्ड कप के बाद, मैंने अपना आईपीएल करियर वहीं से शुरू किया था और अपने पहले ही सीजन में टाइटल जीता था। मैंने उन यादों को एक पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ाया है, और मेरा मकसद नए ग्रुप के साथ जितना हो सके उतना सीखना और टीम के साथ अपना एक्सपीरियंस शेयर करना है। गुवाहाटी के विकेट पर और शिवम दुबे का बड़ा विकेट लेने के लिए अपनी लाइन को एडजस्ट करने पर जडेजा ने कहा, ष्विकेट थोड़ा चिपचिपा था, इसलिए यह मेरी तरह की बॉलिंग के लिए सही था। मेरा काम बस सही एरिया में बॉलिंग करना था। जब आप थोड़ी सी मजबूत विकेट पर सही एरिया में बॉलिंग करते हैं, तो बॉल पकड़ती है और धीमी आती है, जो एक बॉलर के तौर पर अच्छा लगता है। पहले ही मैच में बॉलिंग के लिए ऐसी सतह मिलने से एक बॉलर के तौर पर आपका कॉन्फिडेंस बढ़ता है। मैं स्टंप्स पर बॉलिंग करने के बारे में सोच रहा था, क्योंकि मैं चांस लेना चाहता था कि अगर वह मिडिल में न जाए। लेकिन जब उसने मुझे छक्का मारा, तो मैंने तुरंत अपनी स्ट्रेटेजी बदलकर वाइड बॉलिंग कर ली, क्योंकि वह मुझे सीधी लाइन पर मारता रहता। इसलिए, मैंने पांचवें-छठे स्टंप की लाइन पर फिनिश करने का फैसला किया, यह सोचकर कि अगर वह क्रॉस गया, तो शायद उसकी टाइमिग सही न हो, और वही हुआ, यह हमारे लिए एक बड़ा विकेट था। जडेजा ने शिवम दुबे को आउट करने के बाद अपने जबरदस्त सेलिब्रेशन पर कहा, ष्जब मैं सीएसके के लिए खेलता था।

# सूर्यवंशी भारतीय टी 20 टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं: चावला

**गुवाहाटी, वार्ता।** रियान पराग, गुवाहाटी में वैभव सूर्यवंशी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे और बस यही सोच रहे थे, वाह, ए कैसे करता है? वहीं दूसरी ओर पीयूष चावला और अंबाती रायुडू - ईएसपीएन क्रिकइंफो स्टूडियो से मैच देखते हुए सोच रहे थे कि 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के इस बल्लेबाज के लिए भारतीय टीम का बुलावा अब ज्यादा दूर नहीं है। चावला ने कहा कि वह सूर्यवंशी को जल्दी ही ऊपर के स्तर पर देखना चाहेंगे,

जबकि रायुडू थोड़ा सावधान रहे लेकिन बोले कि यह युवा षनिश्चित रूप से दौड़ में शामिल है।ष आईपीएल के बाद भारत को अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलना है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट हिदी शो में रायुडू ने कहा कि सूर्यवंशी, देश के कई युवा खिलाड़ियों से एक स्तर ऊपर दिखते हैं और ऐसी प्रतिभा हैं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूर कमाल करेगा। हालांकि कब करेगा, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन भविष्य में जरूर ऐसा होगा। जिस तरह वह बल्लेबाजी कर रहे हैं और जिस आजादी के साथ खेल रहे हैं, यह इस बात का सबूत है कि आरआर मैनेजमेंट ने शानदार काम किया है और उनके लिए चीजों को जिटल नहीं बनाया है। उनकी शॉट-मेकिग और जिस आसानी से वह गेंदबाजों पर आक्रमण करते हैं, इस उम्र में अविश्वसनीय है।

# मनिका बत्रा ने लिली झांग को हराकर ग्रुप स्टेज में जीत हासिल की

**मकाओ, वार्ता।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला ने मंगलवार को यहां आईटीटीएफ वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे दिन अलग-अलग नतीजे दिए। महिला सिगल्स के लिए टेबल टेनिस वर्ल्ड रैंकिग में 47वें नम्बर पर मौजूद मनिका बत्रा ने अमेरिका की दुनिया की 42वें नम्बर की खिलाड़ी लिली झांग पर 3-2 (11-7, 11-2, 14-16, 5-11, 11-6) से जीत दर्ज की। 30 साल की मनिका बत्रा सीधे गेम में मुकाबला अपने नाम करने के लिए तैयार दिख रही थीं, उन्होंने तीसरे गेम में 5-2 की बढ़त बना ली और दो मैच पॉइंट हासिल किए। हालांकि, पूर्व पैन अमेरिकन सिगल्स चैंपियन लिली झांग ने जबरदस्त वापसी की और टाई-ब्रेक के लिए मजबूर किया, फिर गेम जीत लिया।

# सुरक्षा प्रोटोकॉल उल्लंघन: शाहीन अफरीदी पर लगा जुर्माना

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स ने 28 मार्च को टीम होटल में सुरक्षा प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन की अंदरूनी जांच के बाद शाहीन शाह अफरीदी पर 1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया है।

हालांकि, टीम ने इस घटना को ष्पब्लिक बातचीत में असल संदर्भ से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया बताया। इस घटना की रिपोर्ट सामने आने के तुरंत बाद फ्रेंचाइजी ने जांच शुरू की, जिसमें यह पता लगाया गया कि क्या किसी काम ने पाकिस्तान सुपर लीग को चलाने वाले नियमों का उल्लंघन किया है। फ्रेंचाइजी ने कहा कि यह जुर्माना, जिसे अपनी मर्जी से और पहले से किया गया, कदम बताया गया, अनुशासन को मजबूत करने और जवाबदेही दिखाने के लिए लगाया गया था। कलंदर्स की एक रिलीज में कहा गया, 'डिसिप्लिन बनाए रखने और जिम्मेदारी दिखाने के लिए, फ्रेंचाइजी ने शाहीन शाह अफरीदी पर उनकी संलिप्तता के लिए 1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाकर अपनी मर्जी से और प्रोएक्टिव कदम उठाया है। लाहौर कलंदर्स ने इस मामले पर अपनी राय के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को औपचारिक रूप से एक विस्तृत जवाब भी दिया है।

बयान में आगे कहा गया, फ्रेंचाइजी ने सिक्योरिटी कर्मचारियों की कोशिशों की दिल से तारीफ की, खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए एक सुरक्षित माहौल पक्का करने में उनकी जरूरी भूमिका को पहचाना।

### कनाडा सुपर 60 सीजन 2,29 सितम्बर से 4 अक्टूबर के बीच वैंकूवर में खेला जाएगा

**वैंकूवर।** कनाडा सुपर 60 लीग, जो दुनिया भर के क्रिकेट जगत में सबसे रोमांचक नई चीजों में से एक है, अपने दूसरे सीजन के लिए 29 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक यहां के मशहूर बीसी प्लेस स्टेडियम में लौटने के लिए तैयार है, जिसका बेसब्री से इंतजार था। एक जबरदस्त डेब्यू सीजन के बाद, जिसने दुनिया भर के फैंस का ध्यान खींचा, कनाडा सुपर 60 इंटरनेशनल क्रिकेट कैलेंडर में एक बड़ा इवेंट बनने की अपनी यात्रा जारी रखे हुए है। लीग पार्टनर युवराज सिंह ने कहा कि पिछले साल के पहले सीजन की सफलता के बाद, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि कनाडा सुपर 60 सीजन 2 के लिए लौट रहा है। फैंस, खिलाड़ियों और दुनिया भर की क्रिकेट कम्युनिटी से मिला रिस्पॉन्स बहुत अच्छा था, और यह साफ था कि दुनिया ने इस बात पर ध्यान दिया।


**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जोया (अमरोहा)**

पत्रांक: 3142/आंकिक/क्षेत्र पंचायत/निविदा प्रकाशन/2025-26 | दिनांक: 30.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी जोया में क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु टेण्डर (निविदा) दिनांक 30.03.2026 से दिनांक 10.04.2026 की 12.00 बजे मध्याह्न तक आमंत्रित की जाती है। जो तद्दिनांक 10.03.2026 को समय 03.00 बजे अपरान्ह में विकास खण्ड जोया के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा खोली जानी प्रस्तावित है। नियम व शर्ते एवं बी.ओ.क्यू. किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | योजना | कार्य का नाम | BOQकी धनराशि (रू. में) | प्राक्कलन की कुल धनराशि | धरोहर धनराशि ( रू. में) 10%की एफडीआर | | निविदा प्रपत्र मूल्य रू. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | EMD 2% | जमानत8% | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पंचम राज्य वित्त | ग्राम ईट का रढा के मजरा नईपुरा में हसनपुर रोड से सरविन्द्र के बाग तक सी.सी. टाइल्स निर्माण कार्य। | 846366.03 | 998700 | 17000 | 68000 | 1000 | 90 दिवस |
| 2 | | ग्राम चोटीपुरा के मजरा चकमजदीपुर में मेन रोड से तालाब के किनारे महीपाल के मकान की ओर सी.सी. टाइल्स व नाली निर्माण कार्य। | 846133.96 | 998400 | 17000 | 68000 | 10000 | 90 दिवस |
| 3 | | ग्राम चकमजदीपुर में आशीष के मकान से तालाब की ओर सी.सी. टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | 606793.16 | 716000 | 12200 | 48600 | 800 | 90 दिवस |

खण्ड विकास अधिकारी
जोया (अमरोहा)

# शहर की पॉश कॉलोनी बुद्धि विहार में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, दो महिलाओं सहित आठ लोग गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** महानगर के थाना मझोला क्षेत्र में पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 पुरुषों और 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 30 मार्च की रात को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की गई।

पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन के नेतृत्व में मझोला पुलिस टीम ने बुद्धि विहार इलाके में एक किराये के मकान पर छापा मारा।पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त मकान में लंबे समय से देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर दबिश देने पर पुलिस ने सभी आरोपियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया।

इस संबंध में थाना मझोला में अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने स्वीकार किया कि वह यहां मौज-मस्ती के लिए आए थे। एक आरोपी ने बताया कि इस स्थान पर दिल्ली और अन्य राज्यों से लड़कियों को बुलाया जाता था, जहां पैसे देकर अवैध गतिविधियां कराई जाती थीं। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है, ताकि इसमें शामिल अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके।छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 17 सेक्स वर्धक गोलियां, 16 कंडोम और 2 खाली रैपर, 76 हजार रुपये नगद तथा 9 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस का मानना है कि मोबा. इल फोन से इस गिरोह के अन्य सदस्यों और ग्राहकों की जानकारी मिल सकती है।इस कार्रवाई में थाना मझोला और एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) की संयुक्त टीम शामिल रही। पुलिस ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए



रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।मुरादाबाद पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि अपने आसपास किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर अपराध पर नियंत्रण पाया जा सके।

# आम के पेड़ व सड़क किनारे खड़े सरकारी पेड़ों की डालियां काटने पर पहुंची वन विभाग की टीम

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव राजथल में मंगलवार को गांव के ही एक व्यक्ति ने आम के बाग में खड़े आम के पेड़ की खेत में आ रहीं बड़ी-बड़ी डालियां काट दीं और दूसरी साइड में रोड़ किनारे खड़े सरकारी पेड़ों की डालियां व छोटे छोटे कई पेड़ काट दिये गये। पड़ोसी बाग के मालिक किसान होतेलाल शर्मा ने कुढ़फतेहगढ़ थाने में आम के पेड़ की डालियां काटने की तहरीर दी और वन विभाग में भी शिकायत की। शिकायत पर वन विभाग टीम एवं कुढ़फतेहगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क किनारे खड़े सरकारी व आम के पेड़ों की काटीं गई डालियों व पौधों को देखा। वन दरोगा विकास नेगी ने बताया कि राजथल में आम के पेड़ एवं कुछ सड़क किनारे सरकारी पेड़ों की डालियां एक किसान द्बारा काटीं गई हैं। लकड़ी को सुपुर्दगी में दे दिया गया है और विभाग द्बारा किसान पर विधिक कार्रवाई की जायेगी और जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# शराब की लत बनी परिवार की बर्बादी मासूम देवू के सामने मां की मौत





**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव रामनगर कैथल में रामनवमी के दिन हुई दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। मासूम देवू अपनी मां गौरी की मौत का मंजर अब तक नहीं भूल पा रहा है। उसकी मां रोज सुबह उसे तैयार कर स्कूल छोड़ती थी, पढ़ाई की जानकारी लेती थी और उसका पूरा ख्याल रखती थी, लेकिन पिता पान सिंह की नशे की लत ने उसका जीवन उजाड़ दिया। अब देवू को बिना मां के ही जीवन बिताना पड़ेगा। वह गांव के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती शराबखोरी अब केवल आर्थिक समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह पारिवारिक हिंसा और अपराध का कारण बनती जा रही है। दिनभर मजदूरी कर कमाया गया पैसा शाम होते ही शराब में खर्च हो जाता है, जिससे घरों में आर्थिक तंगी बढ़ती है और विवाद जन्म लेते हैं। यही विवाद कई बार हिंसक रूप धारण कर लेते हैं। रामनगर कैथल जैसी घटनाएं इस कड़वी सच्चाई को उजागर करती हैं कि नशे में व्यक्ति अपना विवेक खोकर अपने ही परिवार के लिए खतरा बन जाता है। अक्सर छोटी-छोटी बातों या दहेज जैसी मांगों को लेकर पत्नियों के साथ मारपीट की घटनाएं सामने आती हैं, जो कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं। इसका सीधा असर बच्चों के भविष्य पर पड़ता है, जहां उनकी पढ़ाई और बुनियादी जरूरतें प्रभावित होती हैं। समाजशास्त्रियों का मानना है कि जब तक ग्रामीण स्तर पर नशामुक्ति अभियान को प्रभावी नहीं बनाया जाएगा और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं किया जाएगा, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना मुश्किल है। यह घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि समाज के लिए एक गंभीर चेतावनी भी है।

## एक नजर

### शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी: डॉक्टर ओमराज



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सरस्वती शिशु मंदिर कांठ में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि स्वामी राजूराम जी विद्यालय के प्रबंधक प्रेम कुमार भार्गव और अध्यक्ष डॉक्टर ओमराज सिंह रहे। कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को समानित किया गया डॉक्टर ओमराज सिंह ने बच्चों को जीवन में शिक्षा के महत्व को समझाया विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का श्स्वागत किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता मधु चौहान चौकी प्रभारी और नगर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की शादी में पहुंचकर नव दंपति को दिया आशीर्वाद



**कांठ ( शाह टाइम्स )** संभल के पुलिस अधीक्षक आईपीएस कृष्ण कुमार बिश्नोई की शादी के बीती रात जोधपुर में हुए रिसेप्शन में कांठ क्षेत्र एवं अन्य स्थानों से गए लोगों ने भारी संख्या में भाग लेकर नव दंपति को आशीर्वाद दिया।

रिसेप्शन में पहुंचे लोगों का पुलिस अधीक्षक ने आभार प्रकट किया। रिसेप्शन में पहुंचने वाले लोगों में बिश्नोई सभा उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई, डॉक्टर छाया बिश्नोई, भाजपा के विधायक सलिल बिश्नोई, भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, सेंट पॉल स्कूल के संस्थापक जितेंद्र बिश्नोई, गोवा के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक ओमवीर बिश्नोई, कुंवर भूपेंद्र सिंह, डॉ पंकज विश्नोई, बिश्नोई सभा मेरठ के पूर्व अध्यक्ष हरिओम बिश्नोई आदि शामिल थे।

### एसवी चिल्ड्रन एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




**कांठ( शाह टाइम्स )।** विद्यालय प्रांगण में अपनी अपनी कक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार बिश्नोई डायरेक्टर गौरव कुमार बिश्नोई व प्रधानाचार्य रविंद्र पंवार द्वारा पुरस्कार प्रदान किये। कक्षा नर्सरी में अवनी, अदीबा व नव्या, कक्षा- एलकेजी में आनंद, सानवी व कुणाल कक्षा- यूकेजी में प्रीति, वंश व युवराज, कक्षा-1 मे अंश, वान्या विश्नोई व खुशी सूर्यवंशी कक्षा-2 मे रोहन, आतिफ व इनाया, कक्षा-3 में अर्पित यशवनी व जिया कक्षा-4 अवनी, भव्या व आस्था, कक्षा-5 में कृतिका, रिया व् अक्ष, कक्षा-6 में आकांक्षा, अर्षितासूर्यवंशी व मानवी पंवार कक्षा-7 में वैष्णवी, जीविका पंवार व आयरा कक्षा -8 में हिमांशु व नितिक्ष को क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर रिपोर्ट कार्ड, शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया । डायरेक्टर गौरव कुमार विश्नोई ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और कहा कि इस तरह ही बच्चे मेहनत करते हुए आगे बढ़ते रहे और देश का नाम रोशन करे।

### किसी ने बाइक चोरी तो किसी ने मारपीट का कराया मुकदमा दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना कांठ के चकफेरी गांव निवासी मनोज पुत्र गुलाब सिंह का कहना था कि 30 मार्च को रात करीब 7:30 बजे घरेलू बातों को लेकर छत्रपाल पुत्र रघुवा केला पत्नी छत्रपाल पीतम पुत्र छत्रपाल अंकुश पुत्र छत्रपाल ने उसके व उसके परिजनों के साथ मारपीट गाली गलौज की विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगे झगड़े में उसके व उसकी भाभी कंचन माता गुड्डी पत्नी लक्ष्मी के काफी चोट आई जिन्हें लेकर पीड़ित थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दूसरी घटना में मोहल्ला फकीर गंज के कुबरपाल का कहना है कि 25 मार्च को 10:00 बजे उसने अपनी बाइक उमरी चौराहा पुलिस चौकी के पीछे दुकान के सामने खड़ी की थी।

कुछ देर बाद वापस आया तो उसे बाइक नहीं मिली पीड़ित ने आसपास तलाश किया और बाइक का पता न चलने पर थाने में तहरीर दी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

### बनियाखेड़ा ब्लॉक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा में पंचायत सहायक कल्याण समिति, संभल की ब्लॉक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह एवं राज्यमंत्री प्रतिनिधि रामपाल सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करने का आह्वान किया। समारोह में ब्लॉक अध्यक्ष उमेश कुमार राणा, ब्लॉक उपाध्यक्ष अमन यादव, ब्लॉक कोषाध्यक्ष कु. डौली, ब्लॉक महामंत्री सुधीश यादव, ब्लॉक सचिव खुशमा खान, ब्लॉक मीडिया प्रभारी शेर बाबू, ब्लॉक महासचिव अब्दुल अलीम सहित अन्य पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन बहजोई में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई

**चन्दौसी।** पुलिस लाइन बहजोइ में मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त



हुए पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को भावपूर्ण विदाई दी गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट करते हुए शॉल ओढ़ाकर और पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घ सेवाकाल, निष्ठा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बहजोई, अन्य कर्मचारीगण तथा सेवा. निवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजन भी मौजूद रहे। अंत में सभी ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वालों में पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार सिंह (पुलिस कार्यालय), उ0नि0 स0पु0 रविपाल सिंह चौहान (पुलिस लाइन), मुख्य आरक्षी सीताराम (पुलिस लाइन), आरक्षी महेशचन्द्र मिश्रा (डायल 112) तथा फायरमैन मुनेन्द्रपाल सिंह (फायर स्टेशन चन्दौसी) शामिल रहे।

# मौत के मुंह से बच्ची को निकाल लाई मां, बच गई जान

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** कहते हैं कि जिसकी हिफाजत ऊपर वाला करता है उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है ऐसा ही मामला महदूद कलमी गांव में सामने आया गांव के अकरम के घर पर सोमवार की देर शाम तेंदुआ घुस गया और उसने दो साल की बच्ची को उठा लिया। बच्ची की मां ने बताया की बच्ची घर के आंगन में खेल रही थी मेंन गेट बंद था तभी तेंदुआ गेट के नीचे से सरक कर अंदर पहुंच गया और बच्ची को उठाकर भागने की कोशिश की लेकिन गेट बंद होने के कारण बच्ची की चीख सुनते ही परिवार के लोग दौड़ पड़े बच्ची की मां और पिता ने तेंदुए के मुंह से बच्ची को छीन लिया लेकिन तब तक वह घायल हो गई मौका मिलते ही तेंदुआ तो मौके से फरार हो गया



परिजन बच्ची को उठाकर उपचार के लिए विवेकानंद चिकित्सक के ले गए जहां उसे अस्पताल भेज दिया गया। बतादे की खादर क्षेत्र में तेंदुए का काफी शोर है सलेमपुर गांव के पास जंगल में मादा तेंदुओं के साथ-साथ शावक भी दिखाई दे रहे हैं किसानों में दहशत है किसान वन विभाग से तेंद. ओं को पकड़वाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उन्हें आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिल रहा है। गांव के लोगों का कहना था कि तेंदुए के डर से वह मुश्किलों से रात गुजार रहे हैं। ग्रामीणों ने अभियान चलाकर तेंदुओं को पकड़वाए जाने की मांग उठाई है।

# महावीर जयंती पर अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल लॉ बोर्ड चन्दौसी के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी जयंती




धूमधाम से मनाई गई, जिसमें उपस्थित लोगों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, अहिंसा और त्याग के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने महावीर स्वामी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में बिहार में हुआ था और उन्होंने अपने पूरे जीवन में समाज को सत्य व त्याग का मार्ग दिखाया। योगेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि उन्होंने वैभवपूर्ण जीवन का त्यागकर उपवास और ध्यान के माध्यम से सत्य की खोज की और मोक्ष प्राप्त किया। अशोक कुमार गुप्ता ने उनके द्वारा बताए गए अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य और चोरी न करने के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने की अपील की। कृष्ण गोपाल गुप्ता ने महावीर स्वामी के पंच सिद्धांत: अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह, को समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। वहीं ब्रजगा. पाल गुप्ता और बृजेश चौहान ने 'जियो और जीने दो' के उनके संदेश को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी विवेक कुमार ने की तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस दौरान विनय अग्रवाल, योगेंद्र मोहन शास्त्री, एड. मुकेश अग्रवाल, एड. संजय गुप्ता, योगेंद्र कुमार वार्ष्णेय, ब्रजनंदन शर्मा, जगदीशचंद्र राणा, सुधीर गुप्ता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# वैश्य महासम्मेलन ने किया खाटूश्याम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की युवा इकाई द्वारा मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष एवं



लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज बोरा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में खाटूश्याम मंदिर, रामबाग रोड पर भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सायं 5 बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में वैश्य समाज के गणमान्य नागरिकों, युवाओं और श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। इस दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया, जिसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने नीरज बोरा के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। युवा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने कहा कि नीरज बोरा का जीवन समाजस. ेवा को समर्पित है और उनके मार्गदर्शन में संगठन लगातार प्रगति कर रहा है। वहीं जिला उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा युवा पीढ़ी को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर गिरीश रतन, प्रदीप अग्रवाल, अमित, अमित अग्रवाल, अन्नू रतन, अर्चित अग्रवाल, जस्टि गुप्ता, उमेश शोली, विशाल गर्ग, अमित मित्तल, तुषार वार्ष्णेय, सार्थक अग्रवाल, अंश गोयल, देव, प्रियंक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन पांडव चरित्र व राजा परीक्षित जन्म का हुआ वर्णन

**चन्दौसी।** नगर के गणेश कॉलोनी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन से पधारे स्वामी ओमप्रकाश महाराज ने पांडव चरित्र एवं राजा





परीक्षित के जन्म का विस्तार से वर्णन किया। महाराज ने बताया कि महाभारत के अनुसार पांडव हस्तिनापुर के राजा पांडु के पाँच पुत्र युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव थे, जिनका जन्म कुंती और माद्री ने देवताओं के आह्वान से प्राप्त किया था। उन्होंने कहा कि पांडव सत्य, न्याय, साहस, शक्ति और एकाग्रता के प्रतीक थे तथा धर्म की स्थापना के लिए कौरवों पर विजय प्राप्त की। युधिष्ठिर को सत्य और धर्म का प्रतीक, भीम को शक्ति और साहस का धनी, अर्जुन को श्रेष्ठ धनुर्धर व श्रीकृष्ण का अनन्य भक्त, नकुल को सुंदर व कुशल अश्वविद्या विशेषज्ञ तथा सहदेव को बुद्धिमान और भविष्यवक्ता बताया गया। महाराज ने पांडवों की विशेषताओं में आपसी प्रेम, एकता, धर्म के प्रति निष्ठा, वीरता, द्रौपदी के प्रति सम्मान और श्रीकृष्ण भक्ति को प्रमुख बताया। इसके पश्चात उन्होंने राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि उनका जन्म महाभारत युद्ध के बाद अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ से हुआ। युद्ध के बाद अश्वत्थामा ने पांडव वंश को समाप्त करने के उद्देश्य से ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किया, जिससे गर्भ में पल रहे बालक पर संकट आ गया। तब उत्तरा की प्रार्थना पर भगवान श्रीकृष्ण ने अपने योगबल से गर्भ में ही बालक की रक्षा की और उसे जीवनदान दिया। इसी कारण बालक का नाम 'परीक्षित' रखा गया। यह कथा धर्म, आस्था और भगवान की कृपा का अद्भुत उदाहरण है, जो मानव जीवन को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

# उड़ीसा में राकेश टिकैत की गिरफ्तारी को लेकर कार्यकर्ताओं का कुढ़फतेहगढ़ थाने पर प्रदर्शन



**चन्दौसी।** सोमवार को शाम 05 बजे भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को उडीसा में पुलिस ने नजरबंद कर लिया है जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्तर प्रदेश में थानों पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के भाकियू कार्यकर्ताओं ने भी कुढ़फतेहगढ़ थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया और मंडल उपाध्यक्ष रामवीर सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि उड़ीसा सरकार द्वारा हमारे राष्ट्रीय किसान नेता को तुरन्त सम्मान सहित रिहा किया जाए और उड़ीसा के किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाये अन्यथा किसान पूरे देश में अपने सम्मान व अधिकारों के लिए आन्दोलन करेगा। देर रात तक किसानों का प्रदर्शन चला। अधिक समय हो जाने पर कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर, चूल्हा, बर्तन लाकर थाना परिसर में खाना बनाकर खाया और चौधरी राकेश टिकैत की रिहाई की सूचना मिलने पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। प्रदर्शन करने वालों में रामवीर सिंह, महावीर सिंह, विमल यादव, जमुना प्रसाद, रामभरोसे सिंह, शिशुपाल सिंह, भोगराम सिंह, ऋषिपाल सिंह, हरिप्रकाश, देवी सिंह, प्रदीप, अनिल यादव, कालीचरन आदि शामिल रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 1 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पैचीदा होते हालात

ईरान के साथ अमेरिका-इस्राईल युद्ध अब बेहद खतरनाक मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। यह युद्ध कैसे खत्म होगा, आज की तारीख में इसे बताने के लिए कोई भी सक्षम व्यक्ति इस धरती पर मौजूद दिखाई नहीं दे रहा है। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। भले ही यह युद्ध ईरान-अमेरिका/इस्राईल के बीच दिखाई दे रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि इस युद्ध की आग में पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इसलिए कोई भी मुल्क यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकता कि इस संघर्ष से उसका कोई लेना-देना नहीं है। यह बेहद अफसोसजनक बात है कि विश्व स्तर पर इस समय कोई भी ऐसा नेता नहीं है, जो आगे बढ़कर सभी पक्षों को शांति की मेज पर लाए। इक्का-दुक्का कोशिशें हो रही हैं, लेकिन वह वास्तव में शांति के लिए कम दिखावे के लिए ज्यादा होती दिखाई दे रही हैं। हाल ही में हुई पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक भी कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, लेकिन इस अवसर पर मिस्र के विदेश मंत्री ने जो कहा था वह काफी ध्यान देने योग्य है। उनका कहना था कि इस जंग को केवल ट्रम्प ही रोक सकते हैं। असल में इस जंग में जो सबसे बड़ी रुकावट है वह जंग शुरू करने वाले देश ही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर कोई भरोसा करने के लिए तैयार नहीं है और जब तक भरोसा नहीं होगा किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता और न ही किसी से कोई बातचीत का मतलब है। यह बात इस आधार पर की जा रही है कि बातचीत का भरोसा ट्रम्प ने ही तोड़ा है। ईरान का कहना तर्कसगत है कि जब बातचीत हुई है तब-तब अमे. रिका ने उस पर हमला किया है। जब 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया गया तब भी बातचीत का सिलसिला जारी था और खुद ट्रम्प कह रहे थे कि बातचीत सही दिशा में जा रही है। ईरान की तरफ से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही थी। लोगों को भी उम्मीद थी कि यह संकट आराम से टल जाएगा, लेकिन अचानक अमेरिका-इस्राईल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला, बल्कि उसके धार्मिक शीर्ष नेता आयातुल्ला अली खामेनेई समेत दर्जनों टॉप सैन्य कमांडर मार दिए गए। यह हमला कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता। यही कारण है कि आज अमेरिका पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ता दिखाई दे रहा है। कठिन परिस्थितियों में उसका साथ देने वाला नाटो संगठन भी उससे न सिर्फ दूरी बना रहा है, बल्कि उसको यह अतार्किक युद्ध थोंपने के लिए नसीहत भी दे रहा है। भले ही ट्रम्प अपनी खीज मिटाने के लिए नाटो को कागजी शेर, कायर कह रहे हों, लेकिन इससे वास्तविक तथ्यों को नहीं बदल सकते। ट्रम्प भी जानते हैं कि वह इस युद्ध में फंस चुके हैं। हालात इतने बुरे हो चले हैं, कि उन्हें इस युद्ध से बाहर निकलने के लिए पाकिस्तान जैसे देश की मदद लेनी पड़ रही है।

## आजीविका की समस्याएं गंभीर हो रही



उप्र जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं, सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है, वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं, आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं , बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है, इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए, जिसमें सभी दलों को शामिल किया जाए।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ईरान-इस्राईल युद्ध का भारत पर प्रभाव



ईरान-इजराइल युद्ध केवल दो देशों के बीच सैन्य टकराव भर नहीं है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाजार, व्यापार व्यवस्था और वित्तीय स्थिरता पर गहरा प्रभाव डालने वाला संकट बन चुका है। पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) लंबे समय से विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र रहा है, और इसी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। भारत जैसे विकासशील और ऊर्जा आयात पर निर्भर देश पर इसका प्रभाव और भी अधिक गहरा पड़ता है। वर्तमान समय में यह युद्ध केवल सीमित क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रहा, बल्कि इसका असर वैश्विक तेल कीमतों, व्यापार मार्गों, मुद्रा विनिमय दर, निवेश प्रवाह और आम जनता की जीवनशैली तक पहुंच चुका है।

हालिया घटनाओं में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार इस संघर्ष ने वैश्विक तेल आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिससे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है और कई देशों की आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ा है, यह स्थिति भारत के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है। भारत लगभग 85.90 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका सीधा असर भारत के व्यापार संतुलन, मुद्रा मूल्य और महंगाई पर पड़ता है। ईरान-इजराइल युद्ध के चलते तेल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। रिपोर्ट्स के अनुसार कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं और भविष्य में 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है।

तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत के लिए कई स्तरों पर संकट पैदा करती है। सबसे पहले, भारत का आयात बिल बढ़ जाता है। जब तेल महंगा होता है, तो सरकार को अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ता है। इससे भारतीय रुपये पर दबाव आता है और उसकी कीमत गिरने लगती है। रुपये की कमजोरी का अर्थ है कि भारत को हर आयात के लिए अधिक भुगतान करना पड़ेगा, जिससे महंगाई और बढ़ जाती है।

महंगाई इस युद्ध का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रभाव है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ जाती है। जब परिवहन महंगा होता है, तो इसका असर हर वस्तु पर पड़ता है खाद्यान्न, सब्जियां, दवाइयां, कपड़े, निर्माण सामग्री आदि सभी महंगे हो जाते हैं। इस प्रकार आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ बढ़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल की कीमतों में हर 10 प्रतिशत वृद्धि भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 0.20-0.25 प्रतिशत तक कम कर सकती है।

ईरान-इजराइल युद्ध का दूसरा बड़ा प्रभाव व्यापार पर पड़ता है। भारत का एक बड़ा व्यापार पश्चिम एशियाई देशों के साथ होता है। खाड़ी क्षेत्र से भारत को न केवल तेल मिलता है, बल्कि भारत वहां बड़ी मात्रा में सामान निर्यात भी करता है, जैसेकृबासमती चावल, मसाले, दवाइयां, कपड़ा और इंजीनियरिंग उत्पाद। युद्ध के कारण समुद्री मार्गों में असुरक्षा बढ़ जाती है, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल गुजरता है। इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा भारत के व्यापार को सीधे प्रभावित करती है। जब समुद्री मार्ग असुरक्षित होते हैं, तो जहाजों के बीमा और माल ढुलाई की लागत बढ़ जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि भारतीय निर्यातकों की लागत बढ़ जाती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो जाती है। कई बार निर्यात में देरी या रद्दीकरण भी होता है, जिससे भारत के व्यापार घाटे में वृद्धि होती है। इस युद्ध के कारण भारत के कई उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। विशेष रूप से वे उद्योग जो तेल पर निर्भर हैंकृजैसे परिवहन, विमानन, रसायन, प्लास्टिक, उर्वरक और विनिर्माण। विमानन क्षेत्र पर इसका सीधा असर पड़ा है क्योंकि हवाई ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं और कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े हैं। इससे टिकट महंगे हुए हैं और यात्रियों की संख्या में गिरावट आई है। भारतीय शेयर बाजार भी इस युद्ध से अछूता नहीं रहा। जैसे ही युद्ध की खबरें बढ़ीं, निवेशकों में डर पैदा हुआ और उन्होंने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जैसे सोना और अमेरिकी डॉलर। इससे भारतीय शेयर बाजार में गिरावट आई और विदेशी निवेशकों ने पैसा निकालना शुरू कर दिया। इससे बाजार में अस्थिरता बढ़ी और कई कंपनियों के शेयर मूल्य गिर गए। रुपये की कमजोरी एक और बड़ी समस्या है। जब विदेशी निवेशक पैसा निकालते हैं और आयात बिल बढ़ता है, तो रुपये की मांग कम हो जाती है। इससे रुपये की कीमत गिरती है। रूपए के कमजोर होने से आयात और महंगा हो जाता है, जिससे महंगाई का दुष्चक्र शुरू हो जाता है। इस युद्ध का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। महंगाई बढ़ने से आम लोगों की क्रय शक्ति कम हो जाती है। मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के लिए जीवन यापन कठिन हो जाता है। रोजमर्रा की जरूरतोंकृजैसे खाना, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्यकृकी लागत बढ़ जाती है। इससे सामाजिक असंतोष भी बढ़ सकता है। भारतीय सरकार के सामने इस स्थिति में कई चुनौतियां हैं। एक ओर उसे महंगाई को नियंत्रित करना है, दूसरी ओर आर्थिक विकास को बनाए रखना है। यदि सरकार पेट्रोल और डीजल पर टैक्स कम करती है, तो उसकी आय ॡतमअ. मदनमॠ घट जाती है। लेकिन यदि टैक्स नहीं घटाती, तो जनता पर बोझ बढ़ता है। यह एक संत. ुलन बनाने की कठिन स्थिति है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक को भी ब्याज दरों को लेकर सावधानी बरतनी पड़ती है।

यदि महंगाई बढ़ती है, तो ब्याज दरें बढ़ानी पड़ती हैं, लेकिन इससे निवेश और विकास पर असर पड़ता है। इस प्रकार युद्ध का प्रभाव मौद्रिक नीति पर भी पड़ता है। भारत के निर्यात क्षेत्र को भी इस युद्ध से नुकसान हुआ है। विशेष रूप से वे वस्तुएं जो खाड़ी देशों को निर्यात की जाती हैं जैसे बासमती चावल, मसाले, दवाइयां और वस्त्र उनकी मांग में कमी आई है या आपूर्ति बाधित हुई है। कुछ मामलों में माल नष्ट भी हुआ है या समय पर नहीं पहुंच पाया, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर खाद्य और उर्वरक की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। युद्ध के कारण आपूर्ति श्रंखला बाधित होती है, जिससे कृषि क्षेत्र पर भी प्रभाव पड़ता है। भारत जैसे देश, जहां बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां इसका प्रभाव व्यापक होता है। ईरान-इजरा. इल युद्ध ने यह भी दिखाया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कितनी कमजोर है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस स्थिति में किसी भी वैश्विक संकट का सीधा असर भारत पर पड़ता है। इसलिए लंबे समय में भारत को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतोंकृजैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव ईंधनकृकी ओर तेजी से बढ़ना होगा।

इस संकट का एक सकारात्मक पहलू भी हो सकता है। यह भारत को आत्मनिर्भर बनने और अपनी ऊर्जा नीति में सुधार करने के लिए प्रेरित कर सकता है। साथ ही, यह भारत को अपने व्यापार मार्गों और साझेदार देशों में विविधता लाने के लिए भी मजबूर कर सकता है। अंततः ईरान. इजराइल युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। एक क्षेत्र में होने वाला संघर्ष पूरे विश्व को प्रभावित कर सकता है। भारत के लिए यह एक चेतावनी है कि उसे अपनी आर्थिक और ऊर्जा नीतियों को अधिक मजबूत और लचीला बनाना होगा। यदि यह युद्ध लंबे समय तक चलता है, तो भारत को गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता हैकृजैसे उच्च महंगाई, धीमी आर्थिक वृद्धि, बढ़ता व्यापार घाटा और कमजोर मुद्रा, लेकिन यदि भारत सही नीतिगत कदम उठाता है, तो वह इस संकट को अवसर में भी बदल सकता है। इस प्रकार, ईरान-इजराइल युद्ध केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक आर्थिक संकट है जिसने भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक संरचना को प्रभावित किया है। आने वाले समय में इस युद्ध की दिशा और अवधि यह तय करेगी कि इसका प्रभाव कितना गहरा और दीर्घकालिक होगा।

**-एस.एम.राव**

# जलवायु परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय तनाव व बढ़ता संकट

**आजकल वैज्ञानिक 'डिजिटल ट्विन' नामक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कंप्यूटर पर नदी प्रणाली का एक आभासी मॉडल बनाया जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन का नदी पर क्या असर पड़ेगा। चीन की यांग्त्से नदी घाटी में इस तकनीक का इस्तेमाल जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा चुका है। सिंधु जल संधि कई युद्धों और राजनीतिक तनाव के बावजूद दशकों तक चलती रही।**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार पानी के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया की जल व्यवस्था दम तोड़ रही है। कई नदियां, ग्लेशियर और भूजल भंडार अपनी प्राकृतिक सीमा से ज्यादा दबाव में हैं, और संभव है कि वे पहले जैसी स्थिति में फिर कभी न लौट सकें।

ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे नदियों का बहाव बदल रहा है। राजनीतिक तनाव इस समस्या को और जटिल बना रहे हैं। कई देशों के बीच पानी बंटवारे से जुड़े समझौते दबाव में आ गए हैं। अप्रैल 2025 में भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया, जो 1960 से सिंधु नदी तंत्र के इस्तेमाल को तय करती थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान कुनार नदी पर एक बड़े जलाशय निर्माण की योजना बना रहा है, जिससे पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी में कमी आ सकती है। इसी बीच भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारे का समझौता भी दिसंबर में खत्म होने वाला है। नया समझौता न होने से नदी पर निर्भर लगभग 63 करोड़ लोग प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पानी से सम्बंधित पुराने समझौतों को बनाए रखना ही काफी नहीं है बल्कि उन्हें आज की परिस्थितियों के अनुसार ढालना होगा। पहले के समझौते उस समय के स्थिर जल स्तर को ध्यान में रखकर बनाए गए थे। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश, ग्लेशियर पिघलने और नदियों के बहाव के पैटर्न पहले जैसे नहीं रहे। नवीनतम



जानकारी उपलब्ध हो, तो समस्याओं का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। आजकल वैज्ञानिक 'डिजिटल ट्विन' नामक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कंप्यूटर पर नदी प्रणाली का एक आभासी मॉडल बनाया जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन का नदी पर क्या असर पड़ेगा। चीन की यांग्त्से नदी घाटी में इस तकनीक का इस्तेमाल जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा चुका है। सिंधु जल संधि कई युद्धों और राजनीतिक तनाव के बावजूद दशकों तक चलती रही। इसका एक कारण यह था कि इसमें विश्व बैंक जैसे तटस्थ मध्यस्थ की भूमिका थी और दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञों की एक संयुक्त समिति भी बनाई गई थी। और पानी से जुड़े ढांचे और परियोजनाओं के लिए साझा वित्तीय व्यवस्था भी रखी गई थी। ऐसी संस्थाओं को और मजबूत होना चाहिए, ताकि वे पूरे नदी क्षेत्र के प्रबंधन में डैटा के आधार पर फैसले ले सकें। नदियों को केवल पानी के स्रोत के रूप में देखने की बजाय उन्हें समग्र प्राकृतिक तंत्र के रूप में समझना होगा। बेहतर जानकारी, आपसी सहयोग और लचीले समझौतों की मदद से अभी भी आने वाले वैश्विक जल संकट को टाला जा सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सोशल मीडिया की बढ़ती लत से दिमागी और सामाजिक प्रभाव

सोशल मीडिया का आगमन पिछले एक दशक में हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों ने न केवल हमारी संवाद शैली को बदल दिया है, बल्कि हमारी मानसिकता, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाला है। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, सोशल मीडिया की लत भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इस लेख में हम सोशल मीडिया की लत के स्वास्थ्य पर प्रभावों की गहराई से चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया की लत: एक परिचय**

सोशल मीडिया की लत को किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उनके दैनिक जीवन, कार्यक्षमता, और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह लत व्यक्तियों को अपने वास्तविक जीवन से दूर कर देती है और उन्हें एक आभासी दुनिया में सीमित कर देती है।

**सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग**

1. जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्ग में प्रभाव

आजकल के युवा और बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि औसतन एक व्यक्ति दिन में लगभग 2-3 घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करता है। यह समय न केवल संचार के लिए, बल्कि मनोरंजन, समाचार, और अन्य जानकारी के लिए भी उपयोग किया जाता है।

2. सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग

सोशल मीडिया का उपयोग व्यवसायों में भी बढ़ रहा है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही हैं। हालांकि, इस व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ, व्यक्तिगत उपयोग भी बढ़ रहा है।

**अवसाद और चिंता**

सोशल मीडिया की लत से अवसाद और चिंता की समस्याएं बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति दूसरों के जीवन को देखकर अपनी स्थिति की तुलना करते हैं, तो उन्हें असुरक्षा का अनुभव होता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी**

सोशल मीडिया पर ष्लाइकष और ष्फॉलोअरष की संख्या से व्यक्ति का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। जब व्यक्ति को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो उनकी आत्मछवि पर बुरा असर पड़ता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य**

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग रात में नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार सूचनाओं के कारण व्यक्ति सोने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**शारीरिक गतिविधियों की कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से शारीरिक गतिविधियों की कमी होती है। यह वजन बढ़ने, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

**व्यक्तिगत संबंधों में कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से व्यक्ति अपने वास्तविक संबंधों की उपेक्षा करने लगता है। इससे पारिवारिक और मित्रता संबंध कमजोर हो सकते हैं।

**सामाजिक अलगाव**

जब व्यक्ति केवल ऑनलाइन बातचीत में ही उलझा रहता है, तो वे वास्तविक दुनिया से अलगाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सामाजिक जीवन में कमी का कारण बनता है।

**प्रभावी शोध और अध्ययन**

अनेक शोधों ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने रोजाना अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताया, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए।

**डेटा का विश्लेषण**

एक अन्य अध्ययन में, 18 से 24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को स्थापित किया गया। यह पाया गया कि जिन युवाओं ने अपने आत्म-सम्मान को सोशल मीडिया पर आधारित किया, उनमें अवसाद की संभावना अधिक थी।

**समाधान और उपाय**

सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना एक प्रभावी उपाय हो सकता है। व्यक्ति को अपनी स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और इसे केवल आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए।

**डिजिटल डिटॉक्स**

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाना। इससे व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को पुनः सुधारने और वास्तविक जीवन में जुड़ने का अवसर मिलता है।

**जागरूकता कार्यक्रम**

लोगों को सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में जागरूक



करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

**मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं**

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेशेवर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी लत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इसे समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और इसके हानिकारक प्रभावों से बच सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल हमारे लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए हमें सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करना चाहिए।

**-स्रोत फीचर्स**



इजरायल। पेटाह टिकवा में ईरानी मिसाइल से प्रभावित स्थल का निरीक्षण करते इजरायली सुरक्षा बल और निवासी।

## ईरान के क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से आबादी को कोई खतरा नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से देश की आबादी को कोई खतरा नहीं है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के उप प्रमुख मोहम्मद रजा करदान ने यह बात कही है। उन्होंने सोमवार को समाचार एजेंसी आईआरएनए से कहा कि अब तक, नुकसान इस तरह का नहीं है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई खतरा हो। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संभावित नुकसान की रिपोर्ट मिलने के बाद विकिरण सुरक्षा विशेषज्ञ स्थिति का आकलन कर रहे हैं। संगठन ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिका और इजरायल ने दक्षिणी ईरान में 'एलो. केक' के नाम से जाने जाने वाले पाउडर वाले यूरेनियम सांद्रण का उत्पादन करने वाले एक संयंत्र पर हमला किया था।

# इजरायल में फलस्तीनी अपराधियों को 90 दिन में फांसी

## अपील करने का अधिकार खत्म, इजरायली संसद 'नैस्ट' ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को दी मंजूरी





■ इसे विशेष स्थिति में 180 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है
■ इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी

**तेल अवीव।** इजरायल की संसद 'नैस्ट' ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को मंजूरी दी है, जो इजरायली नागरिकों की हत्या के दोषी वेस्ट बैंक के फलस्तीनियों के लिए 'मौत की सजा' अनिवार्य बनाता है। इस समय इजरायल की जेल में 1100 कैदी बताए जाते है जिनमें बच्चों की संख्या 250 है।

इस विधेयक की सबसे विवादित बात यह है कि इसमें सजा का दोहरा मापदंड रखा गया है-जहां वेस्ट बैंक के फलस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाकर उन्हें फांसी दी जाएगी, वहीं समान अपराधों के लिए इजरायली नागरिकों (यहूदियों) पर नागरिक अदालतों में मुकदमा चलेगा, जो उन्हें इस कठोर सजा के दायरे से बाहर रखता है। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, इस विधेयक के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकी गतिविधियों के दोषी पाए गए वेस्ट बैंक के निवासियों के लिए 'फांसी की सजा' ही मुख्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल कुछ अस्पष्ट 'विशेष परिस्थितियों' में ही उम्रकैद की सजा सुना सकेंगे। इसके मुता. बिक, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर फांसी देनी होगी। इसे विशेष स्थिति में 180 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है। 120 सीटो वाली नैस्ट में सोमवार को इस विधेयक के पक्ष में 62 वोट पड़े, जिनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का वोट भी शामिल था। विपक्ष में 48 वोट पड़े और एक सदस्य मतदान से अनुपस्थित रहा। इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी। मतदान के बाद बेन ग्विर ने सार्वजनिक रूप से इसका जश्न मनाया और सोशल मीडिया पर लिखा कि हमने इतिहास रच दिया!!! हमने वादा किया था और उसे पूरा कर दिखाया। इस विधेयक की हालांकि व्यापक स्तर पर निंदा की जा रही है और इसे 'भेदभावपूर्ण' बताया जा रहा है। यूरोपीय देशों, मानवाधिकार समूहों और फलिस्तीनी प्राधिकरण ने दो अलग-अलग कानूनी प्रणालियां बनाने के लिए इस कानून की कड़ी आलोचना की है। 'एसोसिएशन फॉर सिविल राइट्स इन इजरायल' इस विधेयक को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे रही है। उनका तर्क है कि यह कानून संवैधानिक और अधिकार क्षेत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और राष्ट्रीयता के आधार पर असमान व्यवहार (भेदभाव) स्थापित करता है। विधेयक के समर्थकों ने हमलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि वे इजरायली और फलस्तीनियों के बीच 'आतंक के चक्र' को तोड़ना चाहते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने इस पर 'गहरी चिंता' व्यक्त करते हुए कहा कि इस विधेयक से 'लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संबंध में इजरायल की प्रतिबद्धताओं के कमजोर होने' का खतरा है। गाजा पर नियंत्रण रखने वाले हमास ने सोमवार शाम एक बयान में कहा कि इस विधेयक की मंजूरी इजरायली जेलों में बंद फलस्तीनी कैदियों के 'जीवन के लिए खतरा' है। हमास ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से 'अपने कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने' का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोपीय संघ परिषद ने ईरान पर लगे प्रतिबंधों को बढ़ाया

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने कथित मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को लेकर ईरान पर लगे प्रतिबंधों को 13 अप्रैल, 2027 तक बढ़ा दिया है। यूरोपीय संघ परिषद ने यह जानकारी दी। परिषद ने सोमवार को एक बयान में कहा कि परिषद ने आज ईरान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के जवाब में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधात्मक उपायों को 13 अप्रैल 2027 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। बयान के अनुसार, इन उपायों में ईयू में प्रवेश पर प्रतिबंध और संपत्ति को फ्रीज करना, साथ ही ईरान को दूरसंचार निगरानी उपकरणों के निर्यात पर प्रतिबंध शामिल है।

### यरूशलम में दस धमाकों की आवाज सुनी गई : रिपोर्ट

**यरूशलम।** इजरायल की राजधानी यरूशलम में कम से कम 10 धमाकों की गूंज सुनी गई है। एजेंसी फ्रांस-प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने इससे पहले कहा था कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइल का पता लगाया है और हवाई सुरक्षा प्रणालियां उन्हें रोक रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश के कई हिस्सों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र पर हमलों के साथ ही पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### हैती में मरने वालों की संख्या 70 तक पहुंचने का अनुमान

**मेक्सिको सिटी।** मध्य अमेरिकी देश हैती के आर्टिबोनिट क्षेत्र में एक गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 तक पहुंचने का अनुमान है। रेडियो टेली गैलेक्सी ने आर्टिबोनिट के मेयर के हवाले से यह जानकारी दी। हैती की राष्ट्रीय पुलिस ने पहले सोशल मीडिया पर बताया था कि हमले में मरने वालों की प्रारंभिक संख्या 16 थी, जबकि अन्य 10 स्थानीय निवासी घायल हुए थे।

# ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार डोनाल्ड ट्रम्प

## ट्रम्प होमुर्ज जलडमरूमध्य खोलने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने सहयोगियों के समक्ष अपनी जिद त्यागी



■ अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए
■ ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य खोले बिना ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार हैं। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' अखबार ने अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प और उनके सहयोगियों ने हाल के दिनों में आकलन किया कि इस अहम जलमार्ग को खोलने का कोई भी अभियान संघर्ष को उनकी तय समय-सीमा (चार से छह सप्ताह) से आगे बढ़ा देगा।

उन्होंने फैसला किया कि अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए, जबकि साथ ही तेहरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि व्यापार का मुक्त प्रवाह फिर से शुरू हो सके। अधिकारियों ने अखबार को बताया कि अगर यह तरीका नाकाम रहता है, तो अमे. रिका यूरोप और खाड़ी देशों में अपने सहयोगियों पर दबाव डालेगा कि वे जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पहल करें। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था, इन हमलों से काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमे. रिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है। यह मार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार तक तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। इस नाकेबंदी ने इस क्षेत्र में तेल के निर्यात और उत्पादन के स्तर को भी प्रभावित किया है। इसके परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।

### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहने पर बढेंगी तेल की कीमतें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस कासमैन का मानना है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने के लिए बंद रहता है, तो तेल की कीमतें आसमान छूने के साथ 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ब्रिटिश समाचार पत्र 'द टाइम्स' ने अर्थशास्त्री कासमैन के बयान के हवाले से कहा कि ऐसी स्थिति में, यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने तक बंद रहता है, तो तेल की कीमतें लगभग 150 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं और ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर औद्योगिक उपभोक्ताओं को कमी का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान की राजधानी तेहरान सहित देश के विभिन्न ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए थे। ईरान पे इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। इस बीच, फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजारों में तेल और तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग-होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला नौपरिवहन प्रभावी रूप से ठप हो गया है।

## नासा के चंद्रमा मिशन आर्टेमिस-II के लिए उल्टी गिनती शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बुधवार को भेजे जाने वाले अपने चंद्रमा मिशन आर्टेमिस-II के लिए मंगलवार से उल्टी गिनती शुरू कर दी है। नासा ने आज एक अपडेट में कहा कि परीक्षण उड़ान के लिए उल्टी गिनती फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर में चल रही है, जहां चार अंतरिक्ष यात्री अपने कंसोल पर पहुंच रहे हैं। आर्टेमिस II आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत नासा का पहला चालक दल वाला मिशन है, जिसे इसे फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। इसे एक अप्रैल को शाम 6:24 बजे (भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल सुबह 3.54 बजे) लॉन्च किया जाना है। इसमें नासा के तीन और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के एक अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा के चारों की यात्रा और वापसी की लगभग 10 दिनों की यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। इस अभियान में एजेंसी पहली बार मानव यात्रियों को ले जाने के लिए ओरियन अंतरिक्ष यान की जीवन रक्षक प्रणालियों का भी परीक्षण करेगी, जिससे भविष्य के चालक दल वाले आर्टेमिस मिशनों के लिए आधार तैयार हो सकेगा। उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू होने के साथ, इंजीनियर 'फ्लाइट हार्डवेयर' को पावर दे रहे हैं, संचार लिंक की जांच कर रहे हैं और रॉकेट के क्रायोजेनिक सिस्टम को ईंधन भरने के लिए तैयार कर रहे हैं।

## ट्रम्प के नाम पर होगा फ्लोरिडा एयरपोर्ट का नाम

■ उनके घर के नजदीक यह हवाईअड्डा, पहले राष्ट्रपति होंगे जिनके कार्यकाल में नाम बदलेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर राष्ट्रपति ट्रम्प के नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रान डीसैंटिस ने एक बिल पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर 'प्रेसिडेंट डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंटरनेशनल एयरपोर्ट' किया जा रहा है।

फ्लोरिडा सरकार के फैसले के बाद अब इस नाम को लागू करने के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके बाद फ्लाइट चार्ट, नेविगेशन सिस्टम और एयरपोर्ट साइनेज में बदलाव किया जाएगा। एफएए की मंजूरी मिलने पर 1 जुलाई से यह नाम लागू हो सकता है। ऐसा होने पर ट्रम्प पहले ऐसे राष्ट्रपति होंगे, जिनके कार्यकाल के दौरान ही उनके नाम पर एयरपोर्ट रखा जाएगा। पाम बीच इंटरनेशनल अमेरिका का नौवां ऐसा कमर्शियल एयरपोर्ट बन जाएगा, जिसका नाम किसी राष्ट्रपति पर होगा। यह एयरपोर्ट ट्रम्प के मार-ए-लागो एस्टेट के बेहद करीब है, जो उनका मुख्य निवास है। अमेरिका में किसी एयरपोर्ट का नाम बदलना सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं होता, बल्कि इसमें स्थानीय, राज्य और फेडरल तीनों स्तरों पर प्रक्रिया शामिल होती है। अमेरिका के ज्यादातर एयरपोर्ट स्थानीय सरकार या एयरपोर्ट अथारिटी के नियंत्रण में होते हैं। सबसे पहले सिटी काउंसिल एयरपोर्ट बोर्ड नाम बदलने का प्रस्ताव पास करती है। अगर एयरपोर्ट राज्य के अधिकार में है, तो गवर्नर या स्टेट लेजिस्लेचर की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कुछ मामलों में सिर्फ स्थानीय मंजूरी ही काफी होती है, लेकिन बड़े एयरपोर्ट के लिए राज्य का रोल अहम होता है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) अमेरिका में एयरपोर्ट संचालन पर नजर रखने वाली प्रमुख संस्था है। नाम बदलने के बाद एफएए को आफिशियल अपडेट भेजा जाता है। सभी एयर ट्रैफिक सिस्टम, मैप्स और डेटाबेस में नाम अपडेट होता है। हालांकि एयरपोर्ट का कोड आमतौर पर नहीं बदला जाता। इसे बदलना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इससे इंटरनेशनल एविएशन सिस्टम प्रभावित होता है। फ्लोरिडा एयरपोर्ट का कोड भी बदला जा रहा है। अमेरिकी सांसद ब्रायन मस्ट ने एयरपोर्ट का तीन अक्षरों वाला कोड पीबीआई से बदलकर डीजेटी करने का प्रस्ताव भी रखा है, जो ट्रम्प के नाम के शुरुआती अक्षर हैं।

## किसी भी आक्रमणकारी के काट देंगे पैर: ईरान

### अमेरिका के संभावित जमीनी हमले को लेकर ईरान की चेतावनी

■ रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार को एक बार अमेरिका को कड़ी चेता. वनी दी। उसने कहा कि अगर कोई देश उस पर हमला करता है, तो उसकी सेना उसे कड़ा जवाब देगी।

तेहरान में इस्लामी रिवाल्यूशन. री गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अनबिया मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाघरी ने कहा, ईरान की सशस्त्र सेनाएं देश पर हमला करने वाले किसी भी हमलावर के पैर काट देंगी। ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुता. बिक, रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं, खासकर अगर अमे. रिका जमीनी हमला करता है। इस बीच, वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। भले ही होर्मुज जलडमरूमधय बंद ही क्यों न रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा कि वह ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर कम करने के लिए तैयार हैं, चाहे होर्मुज जलडमरूमधय पूरी तरह बंद ही क्यों न रहे। इस फैसले से इस अहम जलमार्ग पर तेहरान का नियंत्रण बढ़ सकता है। इसे फिर से खोलने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। ट्रम्प ने संकेत दिया कि ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमता को कमजोर करने जैसे बड़े लक्ष्य हासिल किए जा चुके हैं, इसलिए अब इस संघर्ष को खत्म किया जा सकता है। अमे. रिकी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रम्प का मानना है कि समुद्री अभियान में लंबे समय तक उलझे बिना अपने मुख्य सैन्य लक्ष्यों को हासिल करके अमेरिका जीत का दावा कर सकता है।

## डब्लूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन रहा बेनतीजा

**याओउंडे (कैमरून)।** विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन सोमवार को गतिरोध के साथ समाप्त हो गया। ब्राजील और तुर्की ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क से मिलने वाली छूट को 2030 के अंत तक बढ़ाने के अमेरिका समर्थित समझौते को रोक दिया। पिछले 28 वर्षों से मिली यह छूट देशों को डिजिटल वस्तुओं पर टैरिफ लगाने से रो. कती है, जो वैश्विक ई-कॉमर्स का प्रमुख आधार है। ब्राजील ने डब्ल्यूटीओ में व्यापक सुधारों का आह्वान किया और चेतावनी दी कि नियमों पर आधारित व्यापार प्रणाली अभूतपूर्व दबाव में है।

## अमेरिकी सैनिक के आने का 'इंतजार' कर रहे: ईरान

■ अमेरिका कथित तौर पर हफ्तों से ईरान में सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को धमकी देते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के जमीनी आक्रमण का जोरदार जवाब देने के लिए तैयार है और उनके आने का 'इंतजार' कर रहा है।

यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी 'प्राथमिकता ईरान में तेल लेने की होगी'। अमेरिका कथित तौर पर हफ्तों से ईरान में सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है, जिसमें खर्ग द्वीप और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तटीय स्थलों पर छापेमारी शामिल है। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अंबिया मुख्यालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के आने पर सशस्त्र बल कड़ा जवाब देंगे। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका ने एक सीमित आक्रमण की तैयारी की है जिसमें विशेष अभियान बलों और पारंपरिक पैदल सेना दोनों द्वारा छापेमारी शामिल हो सकती है।

## यूरोपीय संघ का ईंधन आयात बिल 14.9 अरब डॉलर बढ़ा: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूरैक्टिव ने एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के हवाले से कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यूरोपीय संघ को ऊर्जा आयात के बिल में 13 अरब यूरो (14.9 अरब डॉलर) की अतिरिक्त लागत चुकानी पड़ी है। ऊर्जा मंत्रियों की मंगलवार को होने वाली ऑनलाइन बैठक से पहले ब्रुसेल्स ने यूरोपीय संघ के देशों को भेजे दस्तावेज में कहा कि 28 दिनों के संघर्ष ने संघ के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में पहले ही 13 अरब यूरो जोड़ दिए हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे।

# पाकिस्तान में सरकारी स्कूल पर हमला

## उग्रवादियों ने झंडा फहराया, सेना के साथ मुठभेड़ में नौ उग्रवादी ढेर



■ पाक सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सरकारी स्कूल पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले के बाद सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम नौ उग्रवादी मारे गए।

पाकिस्तान पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को उग्रवादियों ने खैबर जिले के बारा तहसील के आका खेल इलाके में स्थित गवर्नमेंट हाई स्कूल ख्वाजा मीर कलाय पर हमला कर दिया। हमलावरों का मकसद स्कूल भवन पर कब्जा करना था। हमले के दौरान उग्रवादियों ने स्कूल से पाकिस्तान का राष्ट्रीय धवज उतारकर अपनी झंडा फहरा दिया। इसकी सूचना मिलते ही पाकिस्तानी सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने नौ उग्रवादियों को मार गिराया और स्कूल पर दोबारा कब्जा हासिल कर लिया। इसके बाद स्कूल पर फिर से पाकिस्तान का राष्ट्रीय धवज फहरा दिया गया। अभी तक किसी उग्रवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उग्रवादियों ने हमले के दौरान स्कूल पर कब्जे और झंडा फहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जारी किया था, जिसका उद्देश्य प्रचार करना बताया जा रहा है। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च आपरेशन शुरू किया, ताकि किसी भी फरार उग्रवादी और उनके सहयोगियों को पकड़ा जा सके। फिलहाल स्कूल परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है और हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

### पाक में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत, 49 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी वर्षा के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें 10 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ए हादसे बन्नू, उत्तरी वजीरिस्तान और कोहाट जिलों में हुई, जहां भीषण वर्षा के कारण छतों के गिरने और कई घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की खबरें हैं। वर्षाजनित हादसों में 49 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक प्रांत के कई जिलों में रुक-रुक कर वर्षा होने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और उचित सुरक्षा सावधानी बरतने की सलाह दी है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वैदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108